सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.8 न्यू | 22.8 अधि |
| धर्मशाला | 17.5 न्यू | 26.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79996.60 |
| निफ्टी | 24323.85 |
| सोना 71,400 | चांदी 97,700 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 7 जुलाई, 2024 | 24 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 200, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702




ब्रिटेन : प्रधानमंत्री स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में लीसा नंदी समेत 11 महिलाएं शामिल


पृष्ठ 14 पर

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- उपचुनावों में भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक : अनुराग -पेज 3
- बिलासपुर में बनेगी सूबे की पहली डिजिटल लाइब्रेरी -पेज 3
- पहली ही बरसात में गगल में दिखा तबाही का मंजर -पेज 4
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सपना टूटा, पुर्तगाल बाहर -पेज 13
- नीट मामले में झूठ बोल रही सरकार: खड़गे -पेज 14



## न्यूज शॉर्ट्स

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपी और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई मामले में न्यायिक हिरासत 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। सिसोदिया को कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले में 'आप' राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट जमानत दे चुका है।

### मसूद पेजेश्कियान बने ईरान में 9वें राष्ट्रपति




**तेहरान।** ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आ गए हैं। सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेश्कियान ने रूढ़िवादी सईद जलीली को हराकर राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। उन्होंने जलीली को 30 लाख वोट से हराया। मसूद पेजेश्कियान देश के 9वें राष्ट्रपति बने। ईरान में शुक्रवार को दूसरे चरण की वोटिंग हुई थी और करीब 3 करोड़ लोगों ने मतदान किया था।

### बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 16 जुलाई तक बढ़ा दी है। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट केस में बिभव 18 मई को गिरफ्तार हुए थे।

### आडवाणी की हालत स्थिर घर पर कर रहे आराम



**नईदिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत को लेकर शनिवार सुबह फेक न्यूज व्हाट्सऐप के जरिए फैलाई गई, जिस पर विराम लग गया है। आडवाणी अस्पताल से छुट्टी के बाद घर पर आराम कर रहे हैं और हालत स्थिर है।

### सूरत शहर में छह मंजिला इमारत ढही

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर के पाल इलाके में शनिवार दोपहर छह मंजिला आवासीय इमारत ढह गई और मलबे में कम से कम चार से पांच लोगों के फंसे होने की आशंका है। सूरत के जिलाधिकारी सौरभ पारधी ने कहा कि मलबे से एक महिला को जीवित बाहर निकाला गया है। बचाव अभियान जारी है।

22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा बजट सत्र, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

# मोदी सरकार का पहला बजट 23 को होगा पेश

एजेंसी, नई दिल्ली

**बजट** सत्र की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को केंद्र सरकार की सिफारिश पर बजट सत्र 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को 22 जुलाई से 12 अगस्त तक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करेंगी।

यह जानकारी केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने 'एक्स' पर दी। उन्होंने बताया कि आगामी बजट सत्र का शुभारंभ 22 जुलाई को होगा। यह 12 अगस्त तक चलेगा। निर्मला 23 जुलाई को बजट पेश करते ही लगातार सातवीं बार ऐसा करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने लगातार छह, पी. चिदंबरम और प्रणब मुखर्जी ने 9 बार, यशवंत राव चव्हाण, सीडी देशमुख और यशवंत सिन्हा ने 7 बार बजट पेश किया। मनमोहन सिंह और टी. कृष्णमचारी 6 बार बजट पेश कर चुके हैं।



### एंजल टैक्स हटाने की सिफारिश

**इस** बीच, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने केंद्रीय बजट आने से पहले स्टार्टअप कंपनियों पर से एंजल टैक्स हटाने की सिफारिश की है, लेकिन इस पर वित्त मंत्रालय अंतिम निर्णय करेगा। आयकर विभाग ने पिछले साल सितंबर में नए एंजल टैक्स नियमों को अधिसूचित किया था जिसमें निवेशकों को गैर-सूचीबद्ध स्टार्टअप की तरफ से जारी शेयरों का मूल्यांकन करने की एक व्यवस्था भी शामिल है।

### सातवां बजट पेश कर पूर्व पीएम से आगे निकल जाएंगी वित्त मंत्री

वित्त मंत्री सीतारमण लगातार सातवीं बार बजट पेश करेंगी। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत तीसरी सरकार की प्राथमिकता व विकसित भारत की दिशा तय करेगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने 1 फरवरी 2024 को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश किया था। 23 जुलाई को सीतारमण लगातार सातवां बजट पेश करके वित्त मंत्री सीतारमण एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने वित्त मंत्री रहते हुए लगातार छह बार बजट पेश किया था। निर्मला सीतारमण ने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए पिछले महीने वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाला।

### मिडिल क्लास को तोहफे की उम्मीद

**आम** बजट में मिडिल क्लास को बड़े तोहफे की उम्मीद है। नौकरीपेशा लोग इनकम टैक्स के स्लैब पट आउटिंग में बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं तो स्टैंडर्ड डिडक्शन से जुड़ी राहत के भी संकेत मिल रहे हैं। इसके अलावा बजट में महिलाओं और लाभार्थी वर्ग के लिए भी कई बड़े तोहफे मिल सकते हैं। हालांकि, सरकार का फोकस इंफ्रा और एनर्जी पर रहने की उम्मीद है।

# पौंग बांध विस्थापितों को नहीं रहने देंगे भूमिहीन: सीएम सुक्खू

## कहा- खुद देखूंगा इस मामले को, कानून बदलना पड़ा तो बदल देंगे

- विधायकी के लिए नहीं, रिजॉर्ट का काम पूरा कराने के लिए वोट मांग रहे होशियार सिंह
- देहरा विधानसभा क्षेत्र में कमलेश ठाकुर के पक्ष में मांगे वोट

शिवम शर्मा, परागपुर

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को देहरा विधानसभा क्षेत्र के लुदरेट, नंदपुर भटोली, जलरियां, गुलेर, गठूटर और भटोली फकोरियां में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में वोट मांगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार किसी भी पौंग बांध विस्थापित परिवार को भूमिहीन नहीं रहने देगी। वह स्वयं इस मामले को देखेंगे और कानून भी बदलना पड़ा तो कानून बदल देंगे, लेकिन विस्थापितों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1972 से 20,722 प्रभावित परिवार न्याय की आस में दर-दर भटक रहे, लेकिन समस्या हल नहीं हुई। कांग्रेस सरकार उनकी समस्याओं को सुलझाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी कमलेश ठाकुर को कांग्रेस आलाकमान ने एक सर्वे के आधार पर पार्टी का प्रत्याशी बनाकार चुनाव मैदान में उतारा है। देहरा विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)



देहरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान बुजुर्ग महिला से गले लगकर मिलते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### छह साल तक अपने विकास में लगे रहे होशियार

**सुक्खू** ने कहा कि देहरा के पूर्व विधायक होशियार सिंह केवल छह साल तक अपने विकास में लगे रहे और देहरा की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया। कभी कल्पना भी नहीं की कि देहरा इतना पिछड़ा होगा और लोगों को बिजली, पानी और सड़क की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। देहरा अब हमारा हो चुका है और यहां की समस्याओं का समाधान करना मेरा दायित्व है। अच्छा होता होशियार सिंह अपना इस्तीफा मंजूर कराने को धरना देने की बजाए देहरा की समस्याओं के लिए धरना-प्रदर्शन करते। पूर्व विधायक चुनी हुई सरकार को गिराने के षड्यंत्र में शामिल हो गए और भाजपा की राजनीतिक मंडी में बिक गए। इस्तीफा मंजूर न होने के कारण भाजपा से मिलने वाली उनकी दूसरी किस्त रुकी हुई थी और अब दूसरी किस्त का अटैची उनके पास पहुंच गया है, लेकिन राज्य सरकार की इस धन पर पूरी नजर है और होशियार सिंह यह पैसा वोट खरीदने के लिए इस्तेमाल करने वाले हैं। जनता पूर्व विधायक से डबल-ट्रिपल पैसा ले, क्योंकि यह जन भावनाओं का सौदा कर कमाया हुआ धन है, लेकिन वोट कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को दें। उन्होंने कहा कि होशियार सिंह विधायक बनने के लिए वोट नहीं मांग रहे, बल्कि अपने अधूरे रिजॉर्ट का काम पूरा कराने के लिए वोट मांग रहे हैं।

# कुलगाम में मुठभेड़; 4 आतंकी मार गिराए, एक जवान शहीद

एजेंसी, जम्मू

**जम्मू**-कश्मीर के कुलगाम जिले के मोदरघम और चिनिगाम में शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सेना के जवानों ने चार आतंकियों को ढेर कर दिया। वहीं, एक जवान शहीद हो गया, जबकि एक जवान घायल हुआ है।

घायल जवान को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेना ने पूरे इलाकों को घेर लिया है। अभी आतंकियों के छपे होने की आशंका है। सेना को कुलगाम के इलाके में आतंकियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया इनपुट मिला था।



### अमरनाथ यात्रा अस्थायी तौर पर स्थगित

**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा भारी बारिश के कारण दोनों मार्गों पर शनिवार को अस्थायी तौर पर स्थगित कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात से बालटाल और पहलगाम मार्ग पर भारी बारिश हो रही है। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए एहतियाती तौर पर यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित करने का निर्णय लिया है। अब तक डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। तीर्थयात्रा 29 जून को अनंतनाग के नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में बालटाल मार्ग से शुरू हुई थी और यह 19 अगस्त को समाप्त होगी।

# प्रदेश में बारिश बनी आफत, 62 सड़कें व 26 पेयजल योजनाएं ठप

रविंद्र जस्टा, शिमला

- आज भी भारी बारिश का येलो अलर्ट

**प्रदेशभर** में भारी बारिश से 62 सड़कें व 26 पेयजल योजनाएं ठप हो गई हैं। 154 बिजली ट्रांसफार्मर भी बंद हो गए हैं। जगह-जगह भू-स्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 12 जुलाई तक राज्य के कई इलाकों में बारिश का दौर जारी रहेगा।

वहीं, कई भागों में रविवार को भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। कुछ स्थानों पर अचानक बाढ़ का अलर्ट भी है। कांगड़ा सब डिवीजन इंदौरा 1, कुल्लू 1, बंजार 5, निरमंड 8, सुंदरनगर 2, सिराज 3, थलोट 2, करसोग 5, मंडी 1, जोगिंद्रनगर 7, धर्मपुर 5, सरकाघाट 5, गोहर 3, पधर 5, रामपुर 5, शिलाई 3 और संगड़ाह सब डिवीजन में 1 सड़क बंद है। वहीं, चंबा में 2, ठियोग 12, कुमारसैन 9, पांवटा साहिब में 3 पेयजल योजनाएं ठप हैं। गोहर में 38, धर्मपुर 113, सुंदरनगर 1 और जोगिंद्रनगर सब डिवीजन में 2 बिजली ट्रांसफार्मर बंद हुए हैं। (अनंत ज्ञान)






# हाथरस हादसे का मुख्य आरोपी मधुकर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी, नई दिल्ली



**हाथरस** में भगदड़ हादसे के आरोपी देव प्रकाश मधुकर को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। देव प्रकाश मधुकर को शुक्रवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

हाथरस भगदड़ मामले में पुलिस अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, साकार विश्व हरि के वकील एपी सिंह ने दावा किया था कि मधुकर ने पुलिस के सामने सरेंडर किया है। वह खराब स्वास्थ्य के चलते दिल्ली के अस्पताल में भर्ती था। हालांकि, हाथरस पुलिस ने सरेंडर की दावे का खंडन करते हुए इसे गिरफ्तारी बताया।

### जांच कमेटी ने किया घटनास्थल का दौरा

**हाथरस।** हाथरस में भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले की जांच के लिए गठित न्यायिक कमेटी ने शनिवार को घटनास्थल का दौरा किया। कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बृजेश कुमार श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) ने कहा कि हमने घटनास्थल का निरीक्षण किया, हमने निकास बिंदु देखे। उन्होंने कहा कि इस मामले में पूछताछ की जरूरत होगी, तो करेंगे। दो माह में रिपोर्ट सौंपेंगे।

# केजरीवाल को राहत, पत्नी सुनीता को मेडिकल बोर्ड से मिलने की इजाजत

एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राऊज एवेन्यू कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को मेडिकल बोर्ड से मिलने की इजाजत दी है।



- केजरीवाल की डाइट पर कर सकती है चर्चा

केजरीवाल ने मेडिकल बोर्ड के परामर्श के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी पत्नी की उपस्थिति की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनीता केजरीवाल को सभी मेडिकल रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। साथ ही सुनीता केजरीवाल मेडिकल बोर्ड से केजरीवाल की डाइट पर भी चर्चा कर सकती हैं।









# नीट-यूजी काउंसिलिंग स्थगित

## नई तारीख का जल्द होगा ऐलान, सुप्रीम कोर्ट में कल होगी सुनवाई

एजेंसी, नई दिल्ली

**नीट**-यूजी एग्जाम में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स के एडमिशन के लिए शनिवार को काउंसिलिंग होनी थी, जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने स्थगित कर दिया है। अब जल्द ही नई तारीख का ऐलान किया जाएगा।

पहले ही सुप्रीम कोर्ट की ओर से काउंसिलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, लेकिन एमसीसी ने इसे लेकर कोई भी शेड्यूल जारी नहीं किया था। इसके अलावा याचिकाकर्ताओं की ओर से प्रक्रिया को दो दिन के लिए रोकने का आग्रह किया था, क्योंकि शीर्ष अदालत 8 जुलाई को नीट-यूजी से जुड़े मामलों की सुनवाई करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का इंतजार

मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) की ओर से जल्द ही नीट यूजी काउंसिलिंग के लिए नई डेट्स की घोषणा की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में इससे जुड़ी लंबित याचिकाओं की सुनवाई के बाद डेट की घोषणा की जा सकती है। अब सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का इंतजार है। एमसीसी की ओर से काउंसिलिंग के माध्यम से मेडिकल, डेंटल और आयुष स्नातक कोर्सेस आदि में अखिल भारतीय कोटा के तहत 15 प्रतिशत सीटों पर और दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू), बीएचयू और एएमयू सहित डीम्ड विश्वविद्यालयों/ केंद्रीय विश्वविद्यालयों/ ईएसआईसी, एएफएमसी की सभी सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नीट-यूजी परीक्षा में कई गड़बड़ियों की बात सामने आई है। 24 लाख से ज्यादा परीक्षार्थियों ने एग्जाम दिया था, जिसमें छात्रों को ज्यादा नंबर दिए जाने का आरोप लगा था। आरोप लगा था कि कई उम्मीदवारों के नंबरों को गलत तरीके से घटाया और बढ़ाया गया, जिससे उनकी रैंक प्रभावित हुई। वहीं, छह केंद्रों पर परीक्षा में होने वाली देरी की वजह से समय की बर्बादी की भरपाई के लिए 1,500 से ज्यादा छात्रों को ग्रेस मार्क्स भी दिए गए थे, जिसके बाद देशभर में बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन भी हुए।



## न्यूज ब्रीफ

### नेकराम ठाकुर ने दी स्कूल निर्माण के लिए जमीन



**जुन्गा (शिमला )।** जुन्गा तहसील की राजकीय प्राथमिक पाठशाला डूंगा गांव भरान्डी के भवन के लिए स्थानीय निवासी नेक राम ठाकुर ने पांच बिस्वा जमीन दान करके मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। जिस बारे बीते कल तहसील जुन्गा कार्यालय में नेकराम ठाकुर ने पांच बिस्वा भूमि की रजिस्ट्री शिक्षा विभाग के नाम कर दी। प्रारंभिक शिक्षा विभाग मशोबरा की ओर से सीएचटी कोटी नेक राम वर्मा भू-पंजीकरण कार्य के लिए मौजूद रहे। सीएचटी नेक राम वर्मा ने बताया कि प्राथमिक पाठशाला डूंगा गांव भरान्डी का स्कूल सरकारी भूमि पर बना हुआ था। भवन की हालत ठीक न होने के चलते नए भवन के निर्माण के लिए भूमि स्थान्नातरित नहीं हो पाई थी। भूमि दान करने के लिए भरांडी निवासी नेक राम ठाकुर का शिक्षा विभाग की आरे से सीएचटी नेक राम वर्मा ने आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

### पांच टोल बैरियरों पर फास्टैग से वसूला जाएगा शुल्क

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** बाहरी राज्यों के नंबर वाले वाहनों को नकद राशि देने के लिए लंबी लाइनों में लगने से छुटकारा मिल जाएगा। हिमाचल प्रदेश के पांच टोल बैरियरों पर जल्द ही फास्टैग से प्रवेश शुल्क वसूला जाएगा। बिलासपुर, परवाणू, सिरमौर, नूरपुर और ऊना में स्थित टोल बैरियरों से इसकी शुरुआत की जा रही है। पहले चरण में फोरलेन से जुड़े टोल बैरियरों पर व्यवस्था लागू होगी। शेष में कुछ समय बाद फास्टैग से प्रवेश शुल्क वसूला जाएगा। राज्य आबकारी विभाग के इस प्रस्ताव को लेकर इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन ने टेंडर जारी कर दिए हैं। 15 अगस्त तक नई व्यवस्था लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। हिमाचल प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के पंजीकरण नंबर वाले वाहनों को सुव्यवस्थित भुगतान प्रक्रियाओं का लाभ देने के लिए इस व्यवस्था को शुरू किया जा रहा है। इससे नकद लेनदेन के लिए कतार में लगने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### शिमला में मनाया धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** शिमला के संभोटा तिब्बती स्कूल छोटा शिमला और दोरजे डक मठ पंथाघाटी में शनिवार को 14वें तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के 89वां जन्मदिन मनाया गया। छोटा शिमला स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप और एडीएम ज्योति राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने दलाई लामा की प्रतिमा के आगे मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्यातिथि और तिब्बती समुदाय के अनुयायियों ने दलाई लामा के 89वें जन्मदिन का केक काटा। समुदाय के लोगों ने तिब्बती गीत पेश किए। जन्मोत्सव पर महिलाओं, बच्चों ने प्रस्तुतियां दीं। दोरजे डक मठ पंथाघाटी में भी केक काटकर दलाई लामा का जन्मोत्सव मनाया गया। (अनंत ज्ञान)

### सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सर्वोच्च न्यायालय में 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिलासपुर जिला का कोई भी व्यक्ति जिनका सर्वोच्च न्यायालय में मामला लंबित वह इस विशेष लोक अदालत में आपने मामले को लगवा सकता है। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर मनीषा गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के दुरभाष न0 01978-221452 पर संपर्क कर सकते है।

### लोक शिकायत निवारण समिति की बैठक 9 जुलाई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में जिला स्तरीय लोक शिकायत निवारण समिति की बैठक मंगलवार 9 जुलाई 2024 को प्रातः 11 बजे बचत भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता तकनीकी शिक्षा, नगर एवं ग्राम नियोजन एवं आवास मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। इस बैठक में जिला के लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति के गैर-सरकारी सदस्य भी भाग लेंगे।

### एनआईओएस में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**गोपाल कपिल, झंडूता।** राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान एनआईओएस में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान अध्ययन केंद्र तल्याणा के समन्वयक डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि एनआईओएस से योग में प्रमाणपत्र और अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन में प्रवेश खुला है। इसमें बिना विलंब शुल्क प्रवेश लेने की तारीख 31 जुलाई है। इसके साथ जो छात्र सीधा एनआईओएस से दसवीं और बारहवीं कक्षा करना चाहते हैं, उनके लिए भी अध्ययन केंद्र में प्रवेश प्रक्रिया चली हुई है। उन्होंने बताया कि योग में प्रमाणपत्र और अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन के प्रवेश की सीटें निर्धारित हैं। विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए अध्ययन केंद्र तल्याणा में संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### घण्डरां में ब्यास नदी में मिला अज्ञात शव

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस थाना इंदौरा के तहत एक अज्ञात व्यक्ति की लाश ब्यास नदी स्थित घण्डरां में मिली है। पंचायत प्रधान जुगल किशोर ने इस संदर्भ में पुलिस को सूचित किया, जिस पर अतिरिक्त प्रभारी पुलिस थाना इंदौरा नरेश कुमार पुलिस दल सहित घटनास्थल पर पहुंचे व लाश को कब्जे में लेकर छानबीन शुरु कर दी। जिस तरह से लाश पर कोई भी भी कपड़ा नहीं था और पूरी तरह से नग्न अवस्था में शव नदी में पड़ा हुआ था, ऐसे में उसकी हत्या कर शव फेंके जाने के भी क्यास लगाए जा रहे हैं। वहीं डीएसपी विशाल वर्मा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल नूरपुर भिजवा दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पहचान हेतु सिविल अस्पताल नूरपुर में अगले 72 घंटों के लिए रखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### धूमधाम से मनाया दलाई लामा का जन्मदिन



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के अंतर्गत बीड़ तिब्बतियन कॉलोनी के तिब्बेतियन खंपा इंडस्ट्रियल सोसायटी डेगी डिवीजन में शनिवार को दलाईलामा का 89वां जन्मदिन बेहद धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान डेगी डिवीजन के अध्यक्ष शेयरिंग दोरजे, सेटलमेंट ऑफिसर कुंचम लामा, एमपी जुंचन कुंचुक चोडेन मौजूद रहे। सबसे पहले मुख्याथिति का स्वागत किया गया उसके उपरांत कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर वशिष्ठ अतिथि के रूप में एसएचओ बीड़ दिलीप सकलानी ने भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान चौंतड़ा के मचकेहड़ गांव से सुभाष चंद जिनकी दोनों किडनियां खराब हो चुकी है। इलाज के लिए डेगी डिवीजन की ओर से 71500 की धनराशि भेंट की गई। साथ ही सुभाष चंद के तीनों बच्चों की पढ़ाई का खर्चा रोडू रोसल निवासी टाशी जोंग ने उठाने की बात कही हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों का दाखिला नजदीकी टीसीबी स्कूल में करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# फंड जारी न होने से लटका चायल कोटी कॉलेज का कार्य

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**



डिग्री कॉलेज चायल कोटी का नया भवन।

करीब साढ़े 21 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति होने के बावजूद लोक निर्माण विभाग जुन्गा ने करीब साढ़े 16 करोड़ में राजकीय डिग्री कॉलेज चायल कोटी का नया भवन तैयार करके मितव्ययता की अनूठी मिसाल पेश की है। जिसकी पुष्टि सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग जुन्गा देवेश ठाकुर ने की है।

उन्होंने बताया कि कॉलेज के नए भवन में छुटपुट कार्य करने शेष हैं चूंकि शिक्षा विभाग से करीब साढ़े पाचं करोड़ का फंड रूका पड़ा है जिस कारण नया भवन कॉलेज प्रशासन को सौंपा नहीं जा सका है।

बता दें कि बीते करीब 10 वर्षों से राजकीय डिग्री कॉलेज प्राथमिक पाठशाला भवन में चल रहा है। भवन के अभाव होने से कॉलेज में विज्ञान विषय नहीं पढ़ाया जाता रहा है। क्षेत्र के विज्ञान विषय में रूचि रखने वाले बच्चों को साइंस विषय पढ़ने के लिए शिमला अथवा सोलन जाना पड़ता है।

**भवन के बनने से 12 पंचायतों के बच्चों को मिलेगी सुविधा**

देवेश ठाकुर ने बताया कि कॉलेज के नए भवन में प्रशासनिक भवन, साइंस ब्लॉक, कला ब्लॉक के अतिरिक्त पुस्तकालय, कम्पयूटर लैब, खेल मैदान सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि कॉलेज परिसर तक सड़क का निर्माण भी कर दिया गया है।

गौर रहें कि इस भवन की आधारशिला 17 मई, 2015 को पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा रखी गई थी। इसके उपरांत वर्ष 2017 में प्रदेश में भाजपा सरकार सत्ता में आने इस भवन का निर्माण कार्य अधर में लटका रहा। वर्ष 2014 में डिग्री कॉलेज चायल कोटी को प्राथमिक पाठशाला के पुराने भवन में आरंभ किया गया था। 10 वर्ष के लंबे अंतराल में इस कॉलेज से आर्ट्स संकाय के 9 बैच इस प्राथमिक पाठशाला में पूर्ण हो चुके हैं। सबसे अहम बात यह है कि नए भवन के बनने से जुन्गा क्षेत्र की 12 पंचायतों के बच्चों को घरद्वार पर उच्च शिक्षा ग्रहण करने की सुविधा उपलब्ध होगी।

## हाटकोटी के कई गांव में बिजली नहीं

**दशमी रावत, जुब्बल।** विद्युत विभाग हाटकोटी के अंतर्गत गांव सडाहना, सरोट, राईका, बौली, बधावली व दोची में पिछले पंद्रह दिनों से विद्युत आपूर्ति बुरी तरह से बाधित है। 15 दिनों में पूरे दिन भर बिजली का आना जाना चला रहता है जिसके कारण कोई भी कार्य करना दूभर हो गया है। ग्राम वासियों का कहना है कि कई बार बिजल विभाग को इस समस्या से अवगत करवाया गया है, लेकिन समस्या जस की तस है।

ग्राम वासी अश्वनी ठाकुर, दलीप मलोकटा, सुरेश मासटा, चंदन मलोकटा एवं सुरेंद्र ने बताया है कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों से बार -बार गुहार लगाने के बावजूद भी उनके कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। ग्रामवासियों ने विभाग को चेताया है कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो लोंगों को लामबंद होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पढ़ेगा।

सहायक अभियंता विद्युत विभाग हाटकोटी विक्रांत शर्मा ने बताया कि एलटी लाइन में पिछले काफी समय से फाल्ट आ रहा है। शनिवार दोपहर से बिजली आपूर्ति सुचारु रुप से चालू कर दी गई है।

## ठाकुर राम लाल ने रखी प्रदेश के विकास की मजबूत नींव: रोहित



राम लाल की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्प अर्पित करते हुए रोहित ठाकुर।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने स्वर्गीय ठाकुर राम लाल की 22वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जुब्बल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ठाकुर राम लाल ने कठिन परिस्थितियों के दौर में इस क्षेत्र का नेतृत्व कर विकास की मजबूत नींव प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि ठाकुर राम लाल ने बागवानी की दृष्टि से भी क्षेत्र के लोगों को प्रोत्साहित किया, जिसकी बदौलत आज जुब्बल-नावर-कोटखाई में सबसे संपन्न गांव विराजमान हैं। ठाकुर राम लाल ने इस विधानसभा क्षेत्र का नौ मर्तबा नेतृत्व किया है, जिसमें से वह राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री भी रहे हैं। यह पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि किसान एवं आम परिवार से निकला व्यक्ति सर्वोच्च पद पर आसीन हुआ।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ठाकुर राम लाल द्वारा दिखाए गए रास्ते पर आज कार्य किया जा रहा है ताकि इस विधानसभा क्षेत्र को विकास का नया स्वरूप प्रदान किया जा सके। उनके दिखाए गए रास्ते पर हम सभी को आगे चलना है ताकि इस विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज यहां ठाकुर राम लाल की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी मूर्ति लगाने की मांग रखी गयी है। इस विषय पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आवश्यक रूप से बात की जाएगी। लोगों ने ठाकुर राम लाल की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। (अनंत ज्ञान)

## कुपवी के शहीद कुलभूषण का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज

**सपना सूद, नेरवा,चौपाल**

देश की रक्षा करते शहादत का जाम पीने वाले कुपवी क्षेत्र के जाबांज कुलभूषण मांटा का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। उन्हें अपने जीवन का सबसे बड़ा बलिदान देने के लिए शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन दिल्ली में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा शौर्य चक्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

एक भावुकता भरे माहौल में यह सम्मान राइफलमैन कुलभूषण मांटा की धर्मपत्नी नीतू एवं मां दुर्गा देवी ने प्राप्त किया। शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में यह सम्मान इन शूरवीरों को



राष्ट्रपति के हाथों सम्मान ग्रहण करती शहीद की पत्नी एवं माता।

इनकी वशिष्ट वीरता, अदम्य साहस और देश किए प्रति उनके कर्त्तव्य व असाधारण प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है। कुपवी के इस वीर सपूत को यह सम्मान मिलने से क्षेत्र का हरेक शख्स अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

## किसान सभा का आंदोलन समाप्त

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** सुन्नी बांध परियोजना में बीते दो दिनों से चल रहे प्रभावितों की मांगों को लेकर किसान सभा द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन वार्ता के साथ समाप्त कर दिया गया है।

किसान सभा के इकाई अध्यक्ष कुंदन लाल ने बताया की पर्यावरण संबंधी समस्याओं को देखते हुए कमेटी का गठन किया जाएगा तथा सतलुज नदी के किनारे अवैध डंपिंग पर नकेल कसने की लिए सीसीटीवी कैमरे का सहारा लिया जाएगा तथा प्रभावितों की अन्य मांगों पर भी विचार किया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा प्रभावितों की मांगे जल्द पूरी करने का भी आश्वासन दिया गया है। प्रबंधन और प्रभावितों के मध्य हुई बात चीत के बाद शनिवार को पुन: कार्य आरंभ हो गया है। (अनंत ज्ञान)

## कायना स्कूल ने मनाया वन महोत्सव साप्ताहिक कार्यक्रम



कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के एआईएसीपी पीसी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कायना में वन महोत्सव साप्ताहिक कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

इस अभियान में विद्यालय के प्राचार्या विद्या बाष्टू, सभी शिक्षक गण, एसएमसी सदस्य, जिला विज्ञान समन्वयक पंकज शर्मा, विजय तिवारी भारती एयरटेल फाउंडेशन सदस्य तथा आयोजक इआईएसीपी शिमला के समन्वयक मति प्रियंका शर्मा, श्री अजय पवार एवं डॉ. ऋत्विक चौहान मौजूद रहे। इस आयोजन में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

## पीजी की डेटशीट में बदलाव, 15 से होंगी एमए की परीक्षाएं

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पीजी परीक्षाओं की डेटशीट में बदलाव किया गया है। अब ये परीक्षाएं 10 जुलाई के बजाय 15 जुलाई से शुरू होंगी। इसमें नया शेड्यूल एचपीयू की वेबसाइट पर डाल दिया गया है।

इसमें एमए इकोनॉमिक्स, इंग्लिश, हिंदी, पॉलिटिकल साइंस, लोक प्रशासन, संस्कृत और सोशियोलॉजी सहित एम कॉम की डेटशीट अब दोबारा जारी की गई है। यह परीक्षाएं सीबीसीए सिस्टम के तहत होनी है। यह बदलाव उपचुनाव के चलते लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## मेडिकल स्टोर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

भराड़ी उपतहसील के तहत दधोल चैक पर मेडिकल स्टोर में आग लगने से करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने के क्या कारण रहे इसका पता नहीं चल पाया है। जिस समय आग लगी उस समय मेडिकल स्टोर बंद था।

स्थानीय लोगों ने जैसे ही दुकान के अंदर से धुंआ व आग की लपटें निकलती देखीं तो एकाएक शटर का ताला तोड़ कर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आग को बुझाया न जा सका। इस दौरान अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। जब तक अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक दुकान के भीतर रखी दवाइयां व अन्य सामान जलकर राख हो गया था।

जानकारी के मुताबिक करलोटी पंचायत के मछ्वांण गांव के अक्षित



मेडिकल स्टोर में लगी आग को बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मी।

कुमार ने अभी दो माह पहले ही दधोल चौक पर होलसेल दवाइयों की दुकान खोली थी। रोजाना की तरह शाम को वह दुकान बंद करके घर निकल गया था। अभी वह रास्ते में ही था कि इसी दौरान दुकान के भीतर आग लगने की घटना सामने आ गई। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दुकान मालिक अक्षित को दी। वहीं लोगों ने दुकान का ताला तोड़कर शटर खोला व आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की लपटें व दुकान के भीतर से निकलने वाला धुंआ इतना तेज था कि आग बुझाना मुश्किल रहा। दुकान के भीतर रखी करीब पचास लाख रुपए कीमत की दवाइयां जलकर राख हो गई।

अग्निशमन विभाग की गाड़ी व कर्मी मौके पर पहुंचे जिन्होंने आग पर काबू पाया। आग लगने की घटना से दो मंजिला मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि साथ लगती इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान की तरफ आग नहीं बढ़ी।

पडयालग पंचायत प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि आग लगने के कारण पता नहीं चल सके हैं। आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दो घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया है। उन्होंने पीड़ित व्यक्ति को हरसंभव मुआवजा देने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

## शक्तिपीठ नयना देवी में गुप्त नवरात्र शुरू



माता के दर्शन के लिए लाइनों में खड़े श्रद्धालु।

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में शनिवार से पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ व मंत्र उच्चारण के साथ माता जी के गुप्त नवरात्रि धूमधाम से शुरू हो गए।

यह गुप्त नवरात्रि 7 से लेकर 15 जुलाई तक चलेंगे। नवरात्रि में जहां पर पंजाब, हिमाचल, हरियाणा व अन्य प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचेंगे, वहीं पर हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों से जिला प्रशासन और मंदिर न्यास ने गुप्त नवरात्रों की पुख्ता व्यवस्था की है। पुजारी वर्ग को कहना है कि गुप्त नवरात्रि में तंत्र पूजा का विशेष महत्व है, जो भी श्रद्धालु पूजा और हवन-यज्ञ करता है, उसकी माता रानी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। (अनंत ज्ञान)

## 8 जुलाई को बिजली बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर-एक बिलासपुर विनोद गुप्ता ने बताया कि 8 जुलाई को विद्युत अनुभाग पंजगाई अंतर्गत विद्युत लाइन के साथ लगतें पेडों की कांट-छांट व आवश्यक रख-रखाव का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण गांव धार टटोह, द्रोबड़, डिव हवानी, रोपा बगौण, धौण कौठी, पांदा, बलोह, बालग का घाट तथा उसके साथ लगते स्थानों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

उन्होने आम जनता से सहयोग का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

## डीसी ने अधिकारियों को मुस्तैद रहने के दिए निर्देश

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में लगातार जारी बारिश को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है इस बाबत उपायुक्त हेमराज बैरवा ने उपमंडल अधिकारियों, तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों को फील्ड में डटे रहने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर राहत तथा पुनर्वास के कार्यों में किसी भी तरह की कमी नहीं रहे।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने शनिवार को जिला मुख्यालय में आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम में बारिश से हुए नुकसान की समीक्षा की तथा राहत पुनर्वास के कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर आपदा प्रबंधन के कार्यों को लेकर कोताही नहीं बरती जाए तथा सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित कार्यों के लिए मुस्तैद रहें।

उन्होंने बताया कि भारी बारिश के चलते अवरुद्ध मार्गों को तुरंत प्रभाव से वाहनों की आवाजाही के लिए दुरुस्त किया है। अभी गुम्मर से कनोल सड़क तथा होल्टा चढियार संधोल रोड को आवाजाही के लिए बहाल करने के निर्दश दिए गए हैं। इसके साथ ही आईपीएच की 166 स्कीमें प्रभावित हुई हैं, जिनमें से 28 स्कीम चालू कर दी हैं तथा अन्य पर कार्य चल रहा है। इसीतरह से विद्युत विभाग के 18 टांसफार्मर डैमेज हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे भी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है तथा आम जनमानस को सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन**

## बहुउदेशीय भवन बिलासपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाटक उत्सव शुरू

# आषाढ़ का एक दिन, मैं कालिदास और उसकी प्रेयसी मल्लिका पर नाटक का मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मोहन राकेश द्वारा रचित आधुनिक हिंदी रंगमंच की कालजई रचना आषाढ़ का एक दिन नाटक स्त्री पुरुष संबंधों पर केंद्रित मोहन राकेश की लेखनी में संस्कृत के महान कवि कालिदास के जीवन को चित्रित करता है।

रिश्तों की पीड़ा मोहन राकेश की कहानियां और नाटकों में अवश्य देखी जाती है और उसी के अनुरूप आषाढ़ का एक दिन मैं कालिदास और उसकी प्रेयसी मल्लिका के रिश्तों में पनपा प्रेम एवं बिछोह को दर्शाता है। नाटक में उस समय की कला और राजनीति के बीच के तनाव को कालिदास और मल्लिका के माध्यम से चित्रित किया गया है, क्योंकि नाटक संस्कृत के कवि कालिदास की जीवन पृष्ठभूमि पर लिखा गया है, इसलिए संस्कृत निष्ठ भाषा के शब्दों का प्रयोग मोहन राकेश द्वारा किया गया।

बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिषद रोड़ा सेक्टर बिलासपुर में व्यास रंगमंच समिति तथा भाषा संस्कृति विभाग बिलासपुर तथा स्पर्श नाट्य रंग दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाटक उत्सव के पहले दिन व्यास रंगमंच समिति बिलासपुर की प्रस्तुति आषाढ़ का एक दिन का मंचन किया गया। नाटक में सभी पात्र दर्शकों को बांधे रखने में कामयाब रहे। नाटक में प्रयुक्त संस्कृत निष्ठ हिंदी तथा नाटक के काव्य प्रवाह को आरंभ से लेकर अंत तक बनाए रखने में सफल रहे।



मैं कालिदास और उसकी प्रेयसी मल्लिका पर नाटक का मंचन करते कलाकार।

नाटक के निर्देशक विनोद शर्मा ने नाटक के अनुरूप पत्रों के चयन में कुशलता दिखाते हुए युवा और नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान किया है, जो काबिले तारीफ है। पार्शव संगीत और प्रकाश तथा मंच विन्यास पर किए गए काम और सह निर्देशन पर शिवांगी रघु के परिपक्व प्रयास स्पष्ट तौर पर नजर आ रहे थे, जिसमें सहायक के तौर पर आकाश ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### देहर खड्ड में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**अनिल छांगू, जवाली।** ज्वाली उपमंडल के अंतर्गत हार पंचायत के खबल में देहर खड्ड में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हुई है। मृतक की पहचान नरेंद्र कुमार (44) पुत्र प्रेम सिंह निवासी खबल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नरेंद्र शुक्रवार को सायंकालीन बारिश होने पर अपनी बकरियों को घर ला रहा था कि एकदम से खड्ड में पानी आ जाने से उसमें डूब गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को सुबह उसका खड्ड में शव बरामद हुआ। इसकी सूचना पुलिस थाना जवाली में दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौका पर पहुंची तथा केस दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरांत ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है। (अनंत ज्ञान)

### स्वर्ण ने सिविल अस्पताल को 12 कुर्सियां कीं दान



**राकेश डोगरा, डरोह।** भारत विकास परिषद् के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती 27 जून से परिषद् के 62वें स्थापना दिवस 10 जुलाई 2024 तक भारत विकास परिषद की विभिन्न शाखाओं द्वारा सेवा कार्य आयोजित किए जा रहे हैं। इसी सन्दर्भ में 6 जुलाई को भारत विकास परिषद की भवारना शाखा ने सिविल अस्पताल भवारना में दाखिल मरीजों एवं ओपीडी में उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों को बीएमओ नवीन राणा की उपस्थिति में फलों का वितरण किया। इस अवसर पर शाखा की मनोनित सदस्य स्वर्ण कांता सूद ने अस्पताल के लिए 12 कुर्सियां भी दान कीं। इस मौके पर शाखा के अध्यक्ष समीर अमिताभ, सचिव डॉ. रिपिन सूद, कोषाध्यक्ष सतिंद्र, संपर्क प्रमुख सुदेश भागड़ा के अतिरिक्त प्रांत सेवा प्रमुख परदीप कुमार सूद भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### समर कैंप में बच्चों ने की मौज-मस्ती



**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** न्यू मिलेनियम इंटरनेशनल स्कूल लदवाड़ा में समर कैंप बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें कि नर्सरी से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर क्लब में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सबसे पहले कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों ने स्टोन पेंटिंग की तथा कक्षा छठी से दसवीं ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में विभिन्न चीजें बनाकर सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात बिना आग के खाना बनाना, नृत्य, संगीत गतिविधियां करवाई गईं तथा बच्चों ने इन गतिविधियों में भाग लेकर भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती अनुराधा राणा ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

# पहली ही बरसात में गगल में दिखा तबाही का मंजर

## लोग बोले- हम पिछले 40 वर्षों से जी रहे हैं ऐसा नरक भरा जीवन

**अनंत ज्ञान, गगल**

शुक्रवार रात हुई मौसम की पहली भारी बारिश ने विभागों की पोल खोल के रख दी, जब गगल व आसपास के अधिकतर घरों व दुकानों में बरसाती पानी घुस गया। इससे लगभग 50 लाख से ज्यादा का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रमुख नुकसान व्यापार मंडल के प्रधान देवेंद्र कोहली के शोरूम में मोबाइल, लैपटॉप, एलईडी, होम थियेटर तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान जो गोदामों में रखा हुआ था, सब पानी की भेंट चढ़ गया।

देवेंद्र कोहली ने बताया के पानी घुसने से लगभग 25 लाख रुपए का नुकसान हो गया। इसके अलावा आसपास के इलाके में और भी कई घरों में कई दुकानों में बरसाती पानी का तांडव होने का समाचार प्राप्त हुए हैं। रात को मांझी खड्ड ने भी अपना रौद्र रूप दिखा दिया था, जिस कारण भी आसपास बसे हुए लोगों का नुकसान हुआ है।

ढगवार गांव में सुरजीत सिंह के घर में भी पानी घुसने से घर में रखा सामान खराब हो गया। इस सारी घटना के बारे में कई ग्रामीण यह कहते भी पाए गए जिस तरह का जीवन हम पिछले 40 वर्षों से नरक में गुजार रहे उससे तो अच्छा है कि अगर हवाई अड्डे के विस्तार में आ ही जाता है तो हम इसी आशा के साथ जाएंगे। इसी बहाने पुनर्वास होगा तो हमें इस समस्या से छुटकारा मिलेगा।



रौद्र रूप में मांझी खड्ड।

उधर, लोक निर्माण विभाग के जेई कुलदीप सिंह पठानिया से बात की गई तो उसने बताया कि गगल धर्मशाला मार्ग पर लोक निर्माण विभाग के अधीन आता है वहां पर समय-समय पर बरसात के बचाव कार्य चलते रहते हैं, लेकिन गगल का अधिकतर भाग और गगल बाजार चौक नेशनल हाईवे में आता है जो कि इस मार्ग पर कार्य करते हैं, लेकिन हवाई अड्डे के विस्तार के चलते और फोर लेन के रूट फाइनल न होने के कारण वह शायद इसमें दिलचस्पी नहीं लेते जिस कारण यह समस्या बनी हुई है और यह इलाका लोक निर्माण विभाग के अधिकांश क्षेत्र में न आकर नेशनल हाईवे के क्षेत्र में आता है। (अनंत ज्ञान)





शोरूम में घुसा पानी व सामान को निकालते दुकानदार।

## टाटा मोटर्स का शेड चढ़ा पानी की भेंट, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, गगल**

शुक्रवार रात नेशनल हाईवे पर सड़क के पानी के नदी में तबदील होने के कारण टाटा मोटर का शैड पानी की भेंट चढ़ गया। टाटा मोटर के संचालक संतोष सैनी ने बताया कि इस सेट से गिरने से नीचे कई नई व पुरानी गाड़ियों पर पत्थर व मिट्टी का मलबा गिरने से लगभग 75 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।



टाटा मोटर्स का शेड गिरने से दबी गाड़ियां।





शोरूम के अंदर घुसा बारिश का पानी।

## अनुज फोटेक के शोरूम में सामान को पहुंचा नुकसान

**अनंत ज्ञान, गगल**

भारी बरसात के चलते गग्गल के अनुज फोटेक के शोरूम में पानी घुसने से लगभग 35 लाख रुपए का नुकसान हुआ है! अनुज फोटेक शोरूम के मालिक अनुज कोहली ने बताया कि इस बरसाती पानी के घुसने से लगभग 35 लाख रुपए का नुकसान हुआ है जिसमें कीमती से कीमती मोबाइल, लैपटॉप, एलईडी, फ्रिज ,वाशिंग मशीन ,होम थिएटर समान सब पानी की भेंट चढ़ गए।

## बारिश से हुए नुकसान का लिया जायजा

**गौरव कौंडल, पालमपुर**

पालमपुर नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा महापौर गोपाल नाग, नगर निगम आयुक्त आशीष शर्मा तथा नगर निगम के अन्य अधिकारियों ने लिया। निगम के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश के पानी के चलते काफी नुकसान हुआ है। बारिश से लोगों के घरों के पास डंगे बैठ गए हैं, तो कहीं पानी दुकानों में घुस गया है। जिसका पूरा जायजा लेने निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। (अनंत ज्ञान)



## देहरा की जनता अब सुक्खू सरकार से चाहती है छुटकारा : नाग

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा विधानसभा उपचुनाव के भाजपा कार्यालय संजोयक चंद्रभूषण नाग ने प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री पद व उसकी गरिमा को भारी ठेस पहुंचाई है।



उन्होंने कहा सीएम सुक्खू ने झूठ गारंटियां के द्वारा प्रदेश के लोगों की आशा और विश्वास के साथ भी खिलबाड़ किया है। हिमाचल देवभूमि में मुख्यमंत्री पद के साथ गौरवशाली परंपराएं जुड़ी हुई हैं, जिनको सुक्खू ने तारतार किया है। नाग ने कहा कि देहरा में हो रहे उपचुनाव में सुक्खू सरकार कानून को ताक में रखकर सभी हथकंडों को अपना रही है तथा देहरा की जनता की आवाज को दवाने का प्रयास किया जा रहा है। चंद्र भूषण नाग ने कहा कि अगर सुक्खू ने देहरा में विकास की शुरुआत की होती तो आज उपचुनाव करवाने की नौबत नहीं आती। उन्होंने कहा कि सुक्खू अपनी नाकामियों का ठिकरा दूसरों पर फोड़ रहे हैं, परंतु वे भूल रहे हैं कि पब्लिक सब कुछ जानती है। प्रदेश में हो रहे उपचुनावों के दोषी सुक्खू हैं। उन्होंने कहा कि पिछलें 15 महीनों में सुक्खू ने एक बार भी देहरा का रुख नहीं किया तथा अब चुनाव में वे अपनी पत्नी के लिए लोगों से वोट मांगने को मजबूर हो चुके हैं।

उन्होनें ने कहा कि माना सुक्खू सरकार के पास राजनीतिक शक्ति है, लेकिन सुक्खू बुरे नतीजों का अंत भी बुरा ही होता है। प्रदेश की जनता सुक्खू सरकार से तंग हो चुकी है। जनता सरकार से छुटकरा चाहती है, तथा वे दिन अब दूर नहीं जब सरकार का तख्ता पलट होगा तथा प्रदेश में भजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि देहरा से होशियार सिंह ने दो बार आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता है तथा अब भाजपा उम्मीदवार के रुप में वे भारी बहुमतों से चुनाव को जीतेंगे। (अनंत ज्ञान)

## कांगड़ा में घरों में घुसा बारिश का पानी

**आशीष दमीर,कांगड़ा**

भारी बारिश के चलते कांगड़ा व आसपास के क्षेत्रों में लोगों के घरों में पानी घुसा जिससे काफी नुकसान हाने का समाचार मिला है। बता दें कि कांगड़ा बस अड्डे के समीप कुछ नालिया बंद हो गई थीं जिस कारण पानी ओवरफ्लो होने से लोगों के घरों में घुस गया। लोगों ने बाल्टियों के जरिए पानी को भर कर घरों से बाहर निकाला, जिससे लोग रात भर परेशान हे।



घर में घुसे पानी को बाल्टियों से निकालते लोग।

स्थानीय लोग अश्वनी, सरला देवी, रश्मि, विनय, सुभाष, रिशु, मोनिका, नीलम कुमारी असदि ने प्रशासन से मांग की है की इन बंद पड़ी नालियों को जल्द से जल्द साफ करवाया जाए, अन्यथा बारिश का मौसम तो अभी शुरू हुआ है, अगर इन्हें समय रहते साफ नहीं करवाया गया तो परिणाम काफी घातक हो सकते है।

वहीं बरसात के इन दिनों बानेर खड्ड और मानूनी भी काफी उफान पर है जिस कारण इनका पानी कुहलों में काफी ज्यादा मात्रा में आ रहा है। इन कुहलों के बंद होने से यह पानी घरों में घुस रहा है। (अनंत ज्ञान)

## पंचरुखी-तिनबड़ सड़क मार्ग बंद

**अजय पाल, पंचरुखी**

शुक्रवार रात को हुई भारी बरसात के कारण पंचरुखी के अगोजर में पुली क्षतिग्रस्त होने से पंचरुखी-तिनबड़ सड़क मार्ग सभी वाहनों के लिए बंद कर दिया है।



भारी बारिश से अगोजर के पास बनी पुली के नीचे लगे डंगे का हिस्सा पानी में बह गया है। पुली के ऊपर का हिस्सा बिलकुल ठीक था, अतः सुबह वाहनों की आवाजाई निरंतर चलती रही, लेकिन जब स्थानीय ग्रामीणों ने पुली के नीचे लगे डंगे को क्षतिग्रस्त देखा तो उन्होंने इसके बारे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अवगत किया। अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेकर सभी वाहनों की आवाजाई बंद कर दी। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता अंकुश ने बताया कि तीन-चार दिन मे क्षतिग्रस्त पुलिया को दुरुस्त करके सड़क को वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## देहरा में निगरानी दल ने गाड़ी से पकड़ा 2 लाख से अधिक कैश

**शालनी शर्मा, रक्कड़**

देहरा निर्वाचन क्षेत्र में विधानसभा उपचुनावों के दृष्टिगत प्रत्येक चुनावी गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि आज शनिवार को देहरा के कनोल में स्टेटिक सर्वेलांस टीम द्वारा एक गाड़ी से 2 लाख 18 हजार रुपए कैश पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि डॉ. नवीन कुमार और एएसआई राकेश कुमार की टीम ने कनोल नाके में इस कैश को पकड़ा। एसडीएम ने बताया कि कनोल चैक पोस्ट पर निगरानी दल द्वारा पकड़े गए इस कैश को जब्त कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि गाड़ी वाले के पास नकद का कोई वैध दस्तावेज नहीं था तथा मामले में आगे तफ्तीश जारी है। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि देहरा निर्वाचन क्षत्र में उपचुनावों को देखते हुए विभिन्न निगरानी दल नाके लगाकर गाड़ियों की नियमित जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में तैनात विभिन्न उड़न दस्ते, स्टेटिक निगरानी दल और पुलिस टीमें हर संदिग्ध गतिविधि पर अपनी पैनी नजर रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि निगरानी दलों द्वारा जहां नाके लगाकर गाड़ियों की जांच की जा रही है, वहीं सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नियमित गश्त भी लगाई जा रही है। एसडीएम ने बताया कि देहरा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव संबंधित प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार विभिन्न निगरानी टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि देहरा में विधानसभा उपचुनावों के लिए दो सेक्टर मजिस्ट्रेट, 10 सेक्टर ऑफिसर, एक सहायक व्यय पर्यवेक्षक, एक अकांउटिंग टीम, 6 फ्लाइंग स्क्वाड टीमें, 6 स्टेटिक निगरानी दल, दो वीडियो सर्विलांस टीम और एक वीडियो व्यूइंग टीम तैनात की गई है। (अनंत ज्ञान)



पकड़े गए कैश के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

### हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक संगठन कोटला इकाई ने मनाया स्थापना दिवस

## जेपी शर्मा बने संगठन के चेयरमैन

**अनिल छांगू, जवाली**

हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक संगठन कोटला इकाई का 13वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कोटला इकाई के चेयरमैन कैप्टन चुन्नी लाल ने मुख्यतिथि कर्नल वाईएस राणा प्रदेशाध्यक्ष, उपाध्यक्ष कर्नल जेडब्ल्यू केसी ठाकुर, हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक संगठन को पहाड़ी टोपी व सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं मुख्यातिथि द्वारा क्षेत्र की वीर नारियों को शॉल देकर सम्मानित किया।

कोटला इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया, जिसमें जेपी शर्मा को चेयरमैन, कैप्टन चुन्नी लाल को सीनियर वाइस चेयरमैन, सूबेदार मेजर साहब सिंह को वाइस चेयरमैन, हवलदार जोगिंद्र सिंह को सहसचिव, प्रतापसिंह चौहान को सचिव, सूबेदार धर्म सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। मुख्यातिथि ने नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य।

उन्होंने बताया कि बैठकों का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों के हितों में सरकार की ओर से लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी मुहैया करवाना है। साथ ही पूर्व सैनिकों व परिवारों को कोई भी समस्या हो तो उसे एक्ससर्विस मैन लीग के द्वारा दूर करने की कोशिश की जाती है।

जेपी शर्मा ने बताया कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका पूरी तरह से निर्वहन करूंगा और एक्स सर्विस मैन लीग कोटला को साथियों के सहयोग से सैनिक वेलफेयर का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक संगठन के महासचिव कर्नल आरपी गुलेरिया, उपाध्यक्ष कैप्टन प्यार सिंह, कैप्टन अश्वनी राणा, हारचक्कियां एक्स सर्विस मैन लीग के चेयरमैन विक्रम गुलेरिया, उपाध्यक्ष कैप्टन बलदेव सिंह, लेफ्टिनेंट गुरध्यान सिंह सहित 200 के करीब पूर्व सैनिक व वीर नारियां मौजूद रहीं। (अनंत ज्ञान)

## मतदान के अंतिम 48 घंटों में प्रिंट मीडिया में विज्ञापन का प्रमाणीकरण जरूरी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

उपायुक्त एवं मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी) के अध्यक्ष हेमराज बैरवा ने बताया कि प्रिंट मीडिया में राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा विज्ञापन प्रकाशन के लिए मतदान के अंतिम 48 घंटों में पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य है।

एमसीएमसी द्वारा 24 घंटे देहरा विस उपचुनाव के दौरान राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, संस्थाओं या व्यक्तियों द्वारा बिना पूर्व प्रमाणीकरण के राजनीतिक विज्ञापन का प्रसारण करने अथवा प्रिंट मीडिया में पेड न्यूज की निगरानी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राजनीतिक विज्ञापन प्रसारित करने से पहले इसका पूर्व प्रमाणीकरण करवाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा बल्क एसएमएस इत्यादि के लिए पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य है। वहीं आवेदक निर्धारित प्रपत्र पर विज्ञापन संबंधी जानकारी, ऑडियो-वीडियो फाइल व स्क्रिप्ट की स्व-हस्ताक्षरित कॉपी भेज कर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं।

**निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना करें राजनीतिक दल और प्रत्याशी**

जिला स्तरीय एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण के लिए जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय धर्मशाला में आवेदन करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय दूरभाष नंबर 01892-222319 पर संपर्क करके किया जा सकता है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, विभिन्न संगठनों तथा स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का पूर्ण पालन करने का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)

**प्रतिभा** सरकार से मायूस कांगड़ा की बेटी फिल्मों से दे रही नित नए संदेश

## दिव्यांग लेखिका काव्य वर्षा की शॉर्ट फिल्म कैंडल रिलीज

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

किसी युवती से होने वाले दुष्कर्म जैसी घटनाओं के बाद कैंडल मार्च भले ही निकाला जाता है, लेकिन क्या यह कैंडल मार्च दुष्कर्म पीड़ित युवतियों के जीवन में कोई रोशनी ला भी पाता है या नहीं, इसी यक्ष प्रश्न पर आधारित है दिव्यांग तथा प्रतिभावान लेखिका काव्य वर्षा की शॉर्ट फिल्म कैंडल।



दुष्कर्म पीड़ित लड़कियों के रिजेक्शन को लेकर बनाई गई प्रतिभाशाली दिव्यांग लेखिका काव्य वर्षा की लिखित शॉर्ट फिल्म कैंडल गत रोज रिलीज हुई। इस फिल्म का निर्देशन एकलव्य सेन ने किया है। इस फिल्म में दर्शाया गया है कि दुष्कर्म तो एक बार होता है, लेकिन बार-बार की सोशल रिजेक्शन से ऐसी लड़कियों को कई बार मायूस होना पड़ता है। कुछ इस तरह के संदेश को लेकर बनाई गई यह फिल्म काफी पसंद भी की जा रही है। इससे पहले शॉर्ट फिल्म 'चप्पल' तथा 'हैवंस स्टेयर्स' यानी स्वर्ग की सीढ़ी समेत काव्य वर्षा की करीब आधा दर्जन कहानियों पर शॉर्ट फिल्में बन चुकी हैं। काव्य वर्षा ने बताया आने वाली उनकी एक के बाद एक फिल्म बिलकुल अलग विषय पर आधारित हैं तथा उन्हें पूरा विश्वास है कि उनकी पिछली फिल्मों की तरह ये फिल्म लोगों को दिलों पर गहरी छाप छोड़ेगी। (अनंत ज्ञान)

### कौन है काव्यवर्षा

**यहां** बताते चलें कि महिलाओं के अधिकार और समानता के दावे भले ही जितने मर्जी किए जाते रहें, लेकिन यर्थाथ कुछ और ही है। काफी हद तक दिव्यांग तथा उठने व चलने तक से महरूम काव्य वर्षा अपने नाम के अनुरूप कलम की धनी है तथा कविताएं व कहानियां लिखती हैं। बावजूद इसके इस दिव्यांग प्रतिभा के हाथ आज भी खाली हैं। कांगड़ा जिला के ज्वाली क्षेत्र की इस बेटी को सरकार से अब तक कोई भी मदद नहीं मिल पाई है! शायद यही कारण है कि कांगड़ा की ये बेटी प्रशासन तथा सरकार से अब उम्मीद करना ही छोड़ चुकी है!

# बारिश से जल शक्ति विभाग को लाखों का नुकसान

## धर्मशाला क्षेत्र में हुई भारी बारिश से कई घरों में घुसा पानी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

शुक्रवार रात को हुई भारी बारिश के कारण खनियारा, टाऊ चोला तथा दाड़ी स्कीमों को नुकसान पहुंचा है, जिसके कारणजल शक्ति विभाग को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार धर्मशाला में जल शक्ति विभाग की सीवरेज योजना को 10 लाख, जबकि पेय जलापूर्ति तथा सिंचाई स्कीमों को 35 लाख रुपए के नुकसान का आरंभिक आकलन किया गया है। हालांकि विभाग के कर्मचारी सुबह से ही मौके पर पहुंच गए तथा दोपहर तक अस्थायी रूप से तीन योजनाओं को चालू कर दिया गया है।

उधर, बारिश से हुए नुकसान को लेकर सुबह से ही नगर निगम धर्मशाला की टीम मौके पर पहुंची तथा हालात का जायजा लिया तथा आवश्यक राहत कार्य किए। जानकारी के अनुसार बड़ोल में करीब आधा दर्जन घरों में पानी घुस गया, वहीं डिपो बाजार में एक घर की चार दिवारी टूट गई तथा कोतवाली में नालियों के ब्लॉक होने से 4 घरों में पानी घुस गया।


बड़ोल में राहत कार्य करने में जुटी नगर निगम की टीम।

नगर निगम धर्मशाला के ज्वॉइंट कमिश्नर सुरेंद्र कटोच ने बताया कि कई जगह से भारी बारिश के कारण नुकसान होने की सूचना के बाद नगर निगम की टीम मौके पर भेजी गई है तथा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उधर, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता सुमित विमल कटोच ने बताया कि विभाग को बारिश के कारण लगभग 45 लाख रुपए का नुकसान आरंभिक तौर पर हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## दलाईलामा का जन्मदिन


मैक्लोडगंज : तिब्बती धर्म गुरु दलाईलामा के जन्मदिन पर सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग केक काटते हुए, साथ हैं निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रधानमंत्री (सिक्योंग) पेंपा सेरिंग व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### मरम्मत के चलते आज बिजली बंद रहेगी

**पंकज दीक्षित, पपरोला।** विद्युत बोर्ड के सब स्टेशन में 33 केवी फीडर की आवश्यक मरम्मत के कारण बैजनाथ, पपरोला, अल्हीलाल, कुदैल , उतराला, मझेरना, सांसाल, चोविन, वीड के तहत आने वाले क्षेत्रों में सोमवार सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता दान सिंह वर्मा ने दी। (अनंत ज्ञान)

ज्वालामुखी में चोरों का बोलबाला, कई घर लूटे - 3 स्कूटियाँ उड़ाई

### हथियार दिखाकर चोरी को अंजाम दे रहा चोर

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** शक्तिपीठ ज्वाला देवी जी के चरणों में बसे ज्वालामुखी शहर में इन दिनों चोरों का बोलबाला है। दरअसल यहां वार्ड नंबर 5 में चोरों ने पिछले कुछ दिनों में कई घरों पर हाथ साफ किए। इसके साथ ही इसी वार्ड में चोर 3 स्कूटियां भी चुरा ले गए हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों ने पुलिस को शिकायत की और पुलिस ने लोगों के बयान दर्ज किए गए और मामला दर्ज कर लिया है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### वाहन की टक्कर से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार रात एक अज्ञात व्यक्ति की पीर बाबा के समीप नगरोटा बगवां बाजार में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मुख्य आरक्षी तिलक राज ने बताया कि उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव को टांडा मेडिकल कालेज के शव गृह में रखा है। यदि कोई व्यक्ति इसकी पहचान कर सकता है तो वे नगरोटा बगवां पुलिस थाना और टांडा स्थित पुलिस चौकी से संपर्क कर सकता है। पुलिस ने एक वाहन को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**पंकज दीक्षित, पपरोला।** पपरोला के वार्ड नंबर 9 में बीती देर रात एक युवक ने रसोई घर में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक युवक की पहचान 20 वर्षीय हर्ष अवस्थी निवासी पपरोला के रूप में हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### साइबर क्राइम बारे लोगों को किया जाएगा जागरूक

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डिजिटल आईटी लिटरेसी कैंप आयोजित करने को लेकर बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम आज निरंतर समाज में बढ़ता जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को अपनी कई वर्षों की जमा पूंजी से हाथ धोना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा उपमंडल के अंतर्गत लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर की शुरुआतलंज खास में ग्राम सभा के दौरान 10 जुलाई को की जाएगी।(अनंत ज्ञान)

### रोटरी क्लब शाहपुर 'अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** सामाजिक कार्यों में बेहतर योगदान व समर्पण के लिए रोटरी क्लब शाहपुर को 'अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस' से नवाजा गया है। यह सम्मान क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अश्वनी धीमान की अध्यक्षता में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और सामाजिक कल्याण के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। इस पुरस्कार को प्राप्त करने में क्लब के सदस्यों की निस्वार्थ सेवा और प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आपको बता दें कि रोटरी क्लब शाहपुर ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिनमें स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सुधार, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास शामिल हैं। इन परियोजनाओं ने स्थानीय समुदाय के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार किया है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाया है। अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, वहीं उन्होंने रोटरी क्लब शाहपुर की सराहना की और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए भी शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### कोरम पूरा न होने की वजह से चुनाव स्थगित

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पंचायत बैजनाथ व पपरोला में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव कोरम न पूरा होने की वजह से चुनाव स्थगित हो गए हैं। अब यह चुनाव तीन दिन के भीतर 9 जुलाई मंगलवार को होना तय हुए हैं। आज चुनाव के लिए 11 में से 9 पार्षदों का हाजिर होना जरूरी था। मात्र 6 पार्षद अनीता सूद, रितु कुमारी, अमित कपूर, राजन चौधरी, राजेश केलेडी तथा आशा भाटिया की उपस्थित रहे । हालांकि वार्ड नंबर 10 के पार्षद मुकेश शर्मा नगर पंचायत के प्रांगण में तो मौजूद थे परंतु वह चुनाव कक्ष में नहीं गए ।इस दिन चुनाव के लिए पार्षदों की साधारण बहुमत भी मान्य होगी । इन चुनावों में स्थानीय विधायक भी अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे । जिस तरह से आज कांता देवी विरोधी धड़े ने अपनी एकता दिखाई है इससे आने वाले समय में निवर्तमान अध्यक्ष कांता देवी तथा वेदना कुमारी दोनों के लिए खतरे की घंटी है। आज चुनावी प्रतिक्रिया में भाग लेने पहुंचे पार्षदों की सबसे बड़ी विशेषताएं यह रही कि आज उन्होंने जरा भी अपने पत्ते नहीं खोलें कि उनकी ओर से कौन अध्यक्ष और कौन उपाध्यक्ष का उम्मीदवार मैदान में आ रहा है । शनिवार को 11 बजे नगर पंचायत चुनाव कक्ष में तहसीलदार रमन ठाकुर की अध्यक्षता में कार्रवाई आरंभ की गई जिसमें 12 बजे तक केवल मात्र 6 पार्षद ही पहुंचे तो चुनाव की कार्रवाई स्थगित कर दी गई। (अनंत ज्ञान)

### 8 जुलाई को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अजय पाल, पंचरुखी।** बिजली विभाग के उपमंडल चढियार के अंतर्गत दगोह सेक्शन के 11 केवी भुलाना आशापुरी फीडर की लाइन के साथ लगती पेड़ की टहनियों की कांट -छांट के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ओम प्रकाश ने बताया कि लाइन के रख-रखाब के कार्य के चलते दगोह सेक्शन के 11 केवी फीडर की लाइन के रखरखाब के चलते टबरू, दगोह, बरालु, झमूंह, टम्बर, मझोटी आदि क्षेत्रों में 8 जुलाई को सुबह 9:30 बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने सभी उपभोगताओं से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### बिजली की तार टूटने से लोगों में मची अफरा-तफरी

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट में मिशन रोड पर एक सरकारी स्कूल के बाहर अचानक तार टूट कर गिर जाने से लोगों और स्कूल प्रबंधन को लेकर अफरा-तफरी मच गई। वहीं, तार की चपेट में एक कुत्ता आ गया। जानकारी देते हुए स्कूल स्टाफ सदस्यों ने कहा कि बिजली की तार स्कूल के पास टूटकर गिर जाने से स्कूल स्टाफ व बच्चे सहम गए। लोगों की सूझबूझ से बच्चों को सुबह के समय सही सलामत स्कूल पहुंचाया गया और अन्य लोगों को भी सड़क से गुजरते समय सुचेत किया गया। वहीं, दूसरी तरफ स्थानीय लोगों ने बिजली की तार टूटने संबंधी जब बिजली विभाग के शिकायत नंबर पर संपर्क करना चाहा तो संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद लोगों ने बिजली विभाग के कार्यालय में पहुंच तार टूटने संबंधी शिकायत दी। जिसके बाद बिजली विभाग मौके पर पहुंचा और बिजली सप्लाई बंद करके स्कूल के आगे से तार का हटाया गया। अगर आज लोग सतर्कता नहीं दिखाते तो पठानकोट में एक बड़ा जानी नुक्सान होने की संभावना हो सकती थी। (अनंत ज्ञान)

# पठानिया ने बारिश से हुए नुकसान का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर के विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को बरसात की पहली भारी बारिश के कारण 42 मील, पुहाड़ा, चंबी, रैत, 46 मील और राजोल में फोरलेन के चलते कार्य के कारण लोगो के घरों, खेतों और दुकानों में पानी घुसने के कारण हुए नुकसान का जायजा मौके पर जाकर लिया।

विधायक ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित लोगों से मिलकर उनके दुख-दर्द को साझा किया। आज फोरलेन के कार्य चलते लोगों को भारी बारिश के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। कइयों का भारी नुकसान हुआ है।


बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेते केवल सिंह पठानिया।

प्रशासन से पहले अगर उनके बीच पहुंचे तो वह विधायक केवल सिंह पठानिया हैं।

विधायक ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन करके निर्देश दिए। पठानिया ने आश्वस्त किया कि आपकी हर समस्या को दूर किया जाएगा और हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी।

इससे दो दिन पहले ही भारी बरसात होने की स्थिति को भांप कर विधायक केवल सिंह पठानिया ने उप मंडलाधिकारी शाहपुर, एनएचएआई के उच्च अधिकारियों से भारी बरसात होने पर सचेत रहने के निर्देश दिए थे। विधायक ने उपमंडल अधिकारी सहित एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग और जलशक्ति विभाग, रेवेन्यू विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के किसी भी जगह और अगर भारी बारिश के कारण नुकसान या किसी को मदद की जरूरत है तो पहले उनके पास जाकर मदद के लिए खड़े रहें, जिससे जनता के बीच डर का माहौल न पैदा हो।

राजीव गांधी पंचायतीराज ब्लॉक देहरा के चेयरमैन बोले-

# होशियार सिंह से जनता पूछे किसके दबाव में आकर दिया इस्तीफा

**सालबिया शर्मा, गरली**



राजीव गांधी पंचायतीराज ब्लॉक कांग्रेस मंडल देहरा के चेयरमैन सुनील चौहान ने कहा कि देहरा सच मे विकास के लिए बहुत बुरी तरह पिछडा हुआ है।

उन्होंने कहा कि वर 2008 में देहरा को अपना विधानसभा क्षेत्र मिलने के बाद अब तक यहां तीन विधानसभा के चुनाव हुए हैं जिस में एक बार भाजपा व दो बार निर्दलीय विधायक होशियार सिंह सत्ता में आए, लेकिन इन्होंने आज तक देहरा की सुध तक नही ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार देहरा का विकास करवा सकती है।

देहरा के तमाम मतदाता इस बार पूर्व विधायक होशियार सिंह से यह बात जरूर पूछें कि आपने किसके दबाव में आकर इस्तीफा दिया और उपचुनाव थोपा, जबकि पूर्व निर्दलीय विधायक होशियार सिंह का प्रदेश कांग्रेस सरकार ने हर काम किया है। उन्होंने कहा कि देहरा के बनखंडी में जब 680 करोड़ रुपए का जूलॉजिकल पार्क बनाने की घोषणा की थी, तो उस समय नहीं सोचा था कि यहां से चुनाव लड़ना है। देहरा की जनता ने होशियार सिंह को एक नहीं बल्कि दो बार यहां से निर्दलीय विधायक चुनकर भेजा। निर्दलीय किसी भी दल का साथ दे सकता है, उन पर कोई बाध्यता नहीं होती, लेकिन देहरा के विधायक होशियार भाजपा की राजनीतिक मंडी में बिके हैं। तीन-चार महीने पहले मेरे पास आए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे कि मेरा रिजॉर्ट है, उसके लिए वन भूमि से रास्ता दो।

वह हर बार मेरे पास आकर पैसे की बातें करते थे। उन्होंने कहा कि दस जुलाई को आपके पास बिकाऊ विधायक को सबक सिखाने का मौका है, इसलिए कांग्रेस को वोट दें। होशियार गलती से जीत गए तो वह फिर आपको धोखा देंगे। (अनंत ज्ञान)

# एक करोड़ की ठगी के मामले में बैंक खाते खंगाल रही पुलिस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

धर्मशाला क्षेत्र के करीब एक रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। अब तक करीब 6 लोगों ने धोखाधड़ी होने की शिकायत की है।

हालांकि, ठगी का शिकार हुए लोगों की संख्या के साथ ठगी की रकम के भी ज्यादा होने के आसार हैं। खुद को अमृतसर का निवासी बताने वाले शिवांकुर के पासपोर्ट पर अमृतसर का पता था जिसके बाद अमृतसर में उस पते की पड़ताल करने पर जानकारी मिली कि उक्त व्यक्ति वहां किराए पर रहता था तथा करीब 6 माह पहले किराए के मकान को छोड़ चुका है। वहीं जब आरोपी, उसकी बहन तथा जीजा के बैंक खातों को खंगाला गया तो वे खाली पाए गए।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने मोबाइल भी स्विच ऑफ कर रखा है तथा अमृतसर वाले किराए के मकान को भी कुछ माह पहले ही छोड़ चुका है। वहीं, पुलिस अब बैंक खातों के आधार पर आरोपी का सुराग लगाने में जुटी हुई है।

उधर, मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# गंदा पानी पीने को मजबूर धरोहर गांव गरली के लोग

**सालबिया शर्मा, गरली**

धरोहर गांव गरली में बरसात का मौसम शुरू होते ही स्थानीय ग्रामीण गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। विभाग की इस नाकामी से न केवल क्षेत्र के लोगों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है बल्कि लोगों ने इस बारे पंचायत प्रधान शशिलता से भी शिकायत की है।

प्रधान शशिलता ने बताया कि शुक्रवार को उपप्रधान सुशांत मोदगिल व अन्य वार्ड सदस्यों के के साथ हुई बैठक में लोगों ने नलों मे गंदा पानी आने की शिकायत की। जिसको लेकर लोगों में रोष देखने को मिल रहा है।



स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो यह पानी पीने योग्य नहीं है और

लोगों का कहना यह है कि अगर इसी तरह पानी की सप्लाई मिलती रही तो ग्राम पंचायत गरली में बीमारियां फैल जाएंगी क्योंकि ग्राम पंचायत गरली में कुछ वार्ड ऐसे भी हैं जहां पर कुएं, बाबड़ी, हेड पंप की कोई सुविधा नहीं है और जो पानी की सप्लाई हर रोज मिलती है वह भी पीने योग्य नहीं है। लोगों का कहना है कि पानी की सैंपलिंग करवाकर पानी पीने योग्य बनाया जाए और विभाग इस विषय पर गहराई से विचार करे। प्रधान शशि लता, उपप्रधान सुशांत मोदगिल ने लोगों की समस्या को सुनते हुए आश्वासन दिया है कि वह बहुत जल्द विभाग से इस विषय पर चर्चा करेंगे और पानी की सैंपलिंग करवाकर समस्या का समाधान करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# फोर्टिस कांगड़ा में हिमकेयर में बच्चों के लिए नि:शुल्क आईसीयू सेवाएं

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में हिमकेयर में अब हर सुविधा उपलब्ध है, जिसका लाभ हर वर्ग के लोग उठा रहे हैं। अस्पताल में जहां पहले कार्डियोलॉजी, ऑर्थो, सर्जरी, कैंसर, किडनी, मेडिसिन, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (पेट व आंत रोग), यूरोलॉजी, ईएनटी विभाग में नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की जा रही थीं, वहीं नवजात शिशुओं के लिए भी हिमकेयर में फ्री उपचार की सुविधा उपलब्ध है। जिसके चलते अब प्रिमेच्योर बेबी तथा कम वजन वाले बच्चों के लिए लेवल थ्री एनआईसीयू की सुविधा हिमकेयर में नि:शुल्क रहेगी।



फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के नवजात रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत आनंद ने कहा कि अस्पताल के नवजात रोग विभाग में लेवल थ्री एनआईसीयू के अलावा अत्याधुनिक एलईडी फोटो थैरेपी, जिसमें नवजात शिशुओं को जोंडिस (पीलिया) तथा अन्य सभी प्रकार के रोगों के लिए फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में हिमकेयर में फ्री उपचार सुविधा का शुभारंभ किया गया है।

फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के मैनेजमेंट रिप्रेजेंटेटिव दीपक लट्ठ ने कहा कि फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा हर सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध है और अस्पताल में सारी सुविधाएं हिमकेयर में फ्री उपलब्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

# 13 अगस्त के बाद मनमाने दामों पर नहीं बिकेगी शराब

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

नई आबकारी नीति के अंतर्गत शराब कारोबारियों को अपना लाभांश खुद तय करने के अधिकार के कारण महंगे दामों पर बिकने वाली शराब पर अब नुकेल कसेगी। इस संदर्भ में जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग कांगड़ा ने अंतरिम आदेश जारी कर दिए हैं।

बताते चलें कि नई शराब नीति के बाद महंगे दामों पर शराब बेचने की बात सामने आ रही थी। आयोग ने राहुल कुमार और चरणजीत कौर के दो अलग-अलग विवादों में अंतरिम आदेश पारित करते हुए जिला सहायक उपायुक्त आबकारी एवं कराधान विभाग हिमाचल प्रदेश को आदेश दिए है कि 13 अगस्त 2024 के बाद जिला कांगड़ा में बिकने वाली शराब की हर बोतल में न्यूनतम खुदरा मूल्य के साथ-साथ अधिकतम खुदरा मूल्य भी स्पष्ट रूप से इंगित किया जाए व लाभांश भी स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य नारायण ठाकुर व आरती सूद की खंडपीठ ने सुनाई के दौरान पाया कि लीगल मेट्रोलॉजी (पॉकेट कमोडिटीज) नियम 2011 के तहत खुदरा बिक्री मूल्य में यह स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए कि यह सभी करों सहित अधिकतम खुदरा मूल्य है। शिकायतकर्ताओं ने उपभोक्ता आयोग के पास शराब की बोतलों पर ठेकों में अधिक मूल्य वसूलने की शिकायतें की है, जिसकी अगली सुनवाई 13 अगस्त को होनी है।

ज्ञात रहे की हिमाचल प्रदेश सरकार की नई आबकारी नीति आने के बाद उपभोक्ता असमंजस की स्थिति में हैं।

# शहीद कैप्टन विक्रम बतरा की प्रतिमा की साफ

**गौरव कौंडल, पालमपुर**



शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शनिवार को कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर अरुण चंद्र के दिशा-निर्देशन में गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। 7 जुलाई को शहीद कैप्टन विक्रम बतरा के शहीदी दिवस मनाने के उपलक्ष में परिसर में स्थापित शहीद की प्रतिमा और वाटिका की व्यापक स्तर पर साफ-सफाई की गई।

प्रो. अरुण चंद्र और समस्त कर्मचारियों ने कंटीली झाड़ियों को उखाड़ा, पेड़-पौधों की छंटाई की और व्यर्थ के कूड़ा-कर्कट को एकत्रित करके उचित स्थान पर इन सबका निष्पादन किया। गौरतलब है कि प्रथम बार संस्थान के गैर शिक्षक कर्मचारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण से इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# उपचुनावों के बाद खुलेगी सुक्खू के कारनामों की पोल : जम्वाल

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा विधानसभा उपचुनाव के भाजपा संजोयक व सुंदरनगर के विधायक राकेश जमवाल ने प्रेस को जारी एक ब्यान में कहा है कि उपचुनावों के बाद सुक्खू सरकार के कारनामों की पोल जनता के सामने खुलेगी। 15 महीनों में सुक्खू सरकार ने विकास को छोड़ क्या काम किए हैं, उनकी हकीकत जनता के सामने रखी जाएगी। उन्होंने कहा उपचुनावों में लड़ाई मान-सम्मान और विकास को लेकर है।



उपचुनावों को लेकर जो आरोप सुक्खू भाजपा पर लगा रही है, उसकी जननी सुक्खू सरकार है। आज जनता भय के माहौल में जीने को मजबूर हो चुकी है। जनता जान चुकी है सुक्खू सरकार से उन्हें कुछ मिलने वाला नहीं। सुक्खू सरकार नही रंजिश की सरकार चला रहे हैं।

उन्होंने कहा सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री पद व उसकी गरिमा को भारी ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री सुक्खू ने झूठ गारंटियां के द्वारा प्रदेश के लोगों की आशा और विश्वास के साथ भी खिलबाड़ किया है।

हिमाचल देवभूमि में मुख्यमंत्री पद के साथ गौरवशाली परंपराएं जुड़ी हुई हैं, जिनको सुक्खू ने तारतार किया है। उन्होंने कहा कि देहरा में हो रहे उपचुनाव में सुक्खू सरकार कानून को ताक में रखकर सभी हथकंडों को अपना रही है तथा देहरा की जनता की आवाज को दीवाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुक्खू अपनी नाकामियों का ठिकरा दूसरों पर फोड़ रहे हैं। राकेश जमवाल ने कहा कि प्रदेश में हो रहे उपचुनावों के दोषी सुक्खू हैं। उन्होंने कहा कि देहरा से होशियार सिंह भारी बहुमतों से चुनाव जीतेंगे। (अनंत ज्ञान)

**तैयारी** | चार दिवसीय बाल मेले में बच्चे उठाएंगे झूले, हाथी, घोड़े की सवारी का लुत्फ

# नगरोटा में 24 जुलाई से लगेगा बाल मेला

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

नगरोटा में विकास पुरुष जीएस बाली की जयंती के उपलक्ष्य पर 24 से लेकर 27 जुलाई तक बाल मेला आयोजित किया जाएगा। मेले के भव्य आयोजन के लिए कमेटियां गठित कर दी गई हैं।

इसके लिए शनिवार को नगरोटा के ओबीसी भवन में बाल मेले की तैयारियों को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते हुए पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि कि 24 जुलाई को ओबीसी भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। 25 और 26 जुलाई को रोजगार मेला ओबीसी भवन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश की कंपनिया आएंगी और युवाओं को रोजगार मुहैया करवाएगी।

उन्होंने कहा कि 26 और 27 जुलाई को लोगों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा में किया जाएगा, जिसमें लोगों का चेकअप नामी डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। फ्री टेस्ट किए जाएंगे और मुफ्त दवाइयां और उपकरण दिए जाएंगे। उन्होंने कहा 27 जुलाई बाल मेले के दिन गांधी ग्राउंड नगरोटा में बच्चों के लिए झूले, हाथी, घोड़े की सवारी, धाम, आइसक्रीम और जलेबी आदि की व्यवस्था रहेगी।


ओबीसी भवन में बाल मेले की तैयारियों को लेकर बैठक करते आरएस बाली।

उन्होंने कहा 26 और 27 जुलाई को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 26 जुलाई को स्थानीय कलाकार और 27 को अन्य प्रसिद्ध कलाकार अपनी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

उन्होंने कहा कि बाल मेला नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के सभी लोगों का अपना मेला है तथा इसमें सभी की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के मनोरंजन के लिए ज्यादा इवेंट रखे जाएंगे इस के लिए कमेटी के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जीएस बाली हम सभी के दिलों में हमेशा रहेंगे। यह बाल मेला हम सभी को विकास पुरुष की झलक दिखाता है। इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप रियाड, बीडीसी अध्यक्ष अंजना ,वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य रोशन लाल खन्ना,धर्म चंद,अरुण कटोच महासचिव,अजय सिपहिया, हजारा सिंह,कैप्टन मदन,एन डी शर्मा, अमित कुमार बीडीसी उपाध्यक्ष, संतोष कुमारी बीडीसी सदस्य,कहर सिंह,अशोक गौतम,कुलदीप धीमान शहरी अध्यक्ष,कुलदीप कौशल,प्रेम राणा आदि शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अहंकार है विनाश का कारण : मुनि महाराज



**ए कुमार, सुजानपुर।** सुजानपुर पहुंचे जैन संत रचित मुनि ने जैन समाज को प्रवचन दिए। जैन स्थानक में मधुर वक्ता रचित मुनि महाराज ने कहा कि अहंकार विनाश का कारण बनता है, इसलिए हम सबको अहंकार से बचना है और औरों को भी बचाना है, जिस व्यक्ति के मन में अहंकार आ जाता है, फिर वह कहीं का नहीं रहता, ऐसे में कोशिश करनी चाहिए कि हमेशा विनम्र स्वभाव बना रहे।

### टूटी रेलिंग में पैर फंसने से लोग हो रहे घायल

**ए कुमार, सुजानपुर।** कांगड़ा सहकारी बैंक के पास बनी नाली पर लगाई गई जाली के जगह-जगह से टूट जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



इस टूटी हुई जाली में फंसकर अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं। शनिवार को भी एक व्यक्ति का पैर इस जाली में फंस गया तथा बुरी तरह घायल हो गया। इससे पहले भी इस जाली में फंसकर कई लोग घायल हो चुके हैं। इस सड़क पर आवाजाही हर समय लगी और जाली के टूटने से हर समय घायल होने की स्थिति बनी रहती है। लोग पैदल भी इस रास्ते पर आते-जाते रहते हैं तथा वाहनों का भी आना जाना इस सड़क पर लगा रहता है। लोगों ने प्रशासन से जाली को ठीक करने की मांग की है।

### खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन



**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2024-25 क्लस्टर-तीन जोन-डी एथलीट प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कक्षा नौवीं के छात्र ईशान शर्मा को सर्वश्रेष्ठ एथलीट से सम्मानित किया गया। अंडर-14 में ईशान शर्मा ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, ऋतिक संधू ने 200 मीटर में कांस्य पदक, शॉट पुट में ईशान शर्मा ने रजत, अंडर-17 लड़कों में 100 मीटर दौड़ में आर्यन ने रजत, ऊंची कूद में आर्यन ने कांस्य पदक जीता। अंडर-17 लड़कियों में 400 मीटर दौड़ में कुंजल ने स्वर्ण, 800 मीटर दौड़ में रिद्धिमा ने कांस्य पदक प्राप्त किए। वॉलीबाल अंडर-14 लड़कों की टीम ने द्वितीय स्थान, अंडर-14 में लड़कियों ने द्वितीय स्थान, वॉलीबाल अंडर-17 में लड़कों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सुनील ने कहा कि यह सब स्टाफ सदस्यों और बच्चों की कड़ी मेहनत व बेहतर प्रदर्शन का नतीजा है। उन्होंने स्टूडेंट्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

### डीएवी स्कूल आलमपुर ने नेशनल स्पोर्ट्स में मारी बाजी



**ए कुमार, सुजानपुर।** डीएवी आलमपुर के छात्रों ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल एथलेटिक्स टूर्नामेंट 2024 -25 खेलकूद प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण पदक, 15 रजत पदक व 17 कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया, साथ ही छात्रों ने रनरअप ट्रॉफी भी जीती। स्कूल खिलाड़ी नयाषा ने लॉग जंप में और इशान गुलेरिया ने शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीता है। बंशुल, रूहान, अर्नव, अनमोल ने एथलेटिक्स टूर्नामेंट में रजत पदक जीते। स्कूल प्रिंसिपल बिक्रम सिंह ने छात्रों, अध्यापकों व अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को भविष्य में भी इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

### लड़ाई झगड़े के दौरान कुत्ता छोड़ा, मामला दर्ज

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत मझियार पंचायत के बंटेरा गांव में दो परिवारों में झगड़ा हो गया। इस दौरान एक परिवार ने अपना पालतू कुत्ता छोड़ दिया और देखते ही देखते कुत्ते ने विरोधी को घायल कर दिया। इस बारे बंटेरा गांव की कांता देवी पत्नी जोगिंद्र सिंह ने पुलिस को शिकायत की कि उसके पड़ोसी राम पॉल ने जमीनी विवाद को लेकर उससे लड़ाई-झगड़ा किया और उसके पीछे कुत्ता छोड़ दिया। पुलिस ने मेडिकल करवाकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मीटिंग के मिनटस लीक करने के आरोप का खंडन



**अनिल कुमार, हमीरपुर।** विद्युत बोर्ड प्रबंधन वर्ग ने कर्मचारी यूनियन पर निदेशक मंडल की मीटिंग के मिनटस के लीक करने और धर्मशाला के विधायक के पास पहुंचाने का आरोप लगाया है। प्रबंधन वर्ग का यह आरोप है कि बिजली बोर्ड में जो यूनियनें कर्मचारी विरोधी काम करती हैं, उसने यह डाक्यूमेंट लीक किया है। यह बात हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर दत्त शर्मा ने हमीरपुर में प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन इन आरोपों का खंडन करती है क्योंकि हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। बैठक का क्या एजेंडा था, हमें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी और मीटिंग के मिनटस लीक कैसे कर्मचारी संगठन कर सकता है क्योंकि बैठक में कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बीओडी की मीटिंग के मिंटस लीक होने की जांच करवाने की मांग की है।

### व्यय पर्यवेक्षक ने किया एसएसटी के नाके का निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय पर्यवेक्षक के रूप में तैनात वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी आनंद कुमार स्वयं फील्ड में जाकर हर पहलू का औचक निरीक्षण कर रहे हैं और चुनाव प्रचार में विभिन्न उम्मीदवारों के खर्च पर कड़ी नजर रख रहे हैं। शनिवार को भी उन्होंने भोटा के पास स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के नाके का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टीम के रिकॉर्ड, वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों की जानकारी भी ली तथा सभी सदस्यों को हर समय अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

# कांग्रेस सरकार जाने वाली नहीं : डिप्टी सीएम

## कहा-प्रदेश में कांग्रेस की सरकार अब चट्टान की तरह हो चुकी है मजबूत

**विक्रम ढटवालिया, चमनेड़ (हमीरपुर)**

हिमाचल के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हमीरपुर के साथ साजिश करने वालों से मुकम्मल तौर पर सचेत रहने की जरूरत है।

अनुराग को मंत्री बनने नहीं देना है, धूमल साहब को हटा चुके हैं, सुक्खू को भी मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाने वाले लगातार कोशिश कर रहे हैं। क्या हमीरपुर को सूखे पत्थर पर बिठाने से इस जिला वासियों को बहुत कुछ नसीब हो जाएगा? उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार अब चट्टान की तरह मजबूत हो चुकी है। भाजपा वाले चाहे अब उल्टे लटक जाएं, पर सरकार बनी रहेगी।

उन्होंने कहा कि वोट की कीमत लोगों को समझनी चाहिए। भाजपा वालों का बस चले, तो वे दूसरे के गोदाम का माल भी बेच देंगे, जिस मेडिकल कॉलेज को सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लाया, उसे बीजेपी वाले अपना बता रहे हैं। इससे बड़ी शर्मनाक स्थिति और क्या हो सकती है। अग्निहोत्री शनिवार को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के चमनेड़ गांव में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों से कहा कि हमीरपुर का यह उपचुनाव क्यों हो रहा है?



चुनाव प्रचार के दौरान मुकेश अग्निहोत्री, साथ में हैं विक्रमादित्य सिंह और अन्य नेता।

इस पर बताने की जरूरत नहीं है। 18 महीनों में अपनी टोकरी बेचकर आने वालों को अब खाली हाथ भेजो। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने आखिर क्या कमाई की आखिर बार-बार के इन उपचुनावों को जनता पर थोप कर? उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम पर तंज करते हुए कहा कि बेचारे जयराम नया सूट सिल्वा कर बैठे हुए हैं। गवर्नर के पास भी जा आए हैं, अब उन्हें कोई बताए 40 विधायक कांग्रेस के इन तीन उपचुनावों के नतीजे के बाद हो जाएंगे। ऐसे में मजबूत सरकार को भाजपा के नेता गिरने का दम आखिर क्यों भर रहे हैं। जनता को पूछना चाहिए। हमीरपुर का विकास डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ही करवा सकते हैं। उनके हाथ मजबूत करो और इस बार उन्हें जिताकर विधानसभा में भेजो, ताकि इलाके का विकास हो सके। इस जनसभा को लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मंत्री राजेश धर्माणी और पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# बरसात में खाद्यान्नों की गुणवत्ता के लिए सैंपलिंग व टेस्टिंग करे विभाग : अमरजीत

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

बरसात के सीजन में खाद्य वस्तुओं को यदि सही तरीके से भंडारण न किया जाए, तो यह शीघ्र खराब हो जाती हैं। ऐसे में डीसी अमरजीत सिंह ने जिले की सभी आटा मिलों, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम और भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को बरसात के मौसम में खाद्यान्नों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा इन्हें नमी से बचाने के लिए पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

डीसी ने जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की गेहूं की पिसाई के लिए अधिकृत सभी नौ आटा मिलों में आटे को नमी से सुरक्षित रखने तथा इसके भंडारण के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को भी निर्देश दिए कि निगम के सभी आठ थोक गोदामों में नमी संवेदनशील खाद्य वस्तुओं जैसे कि गेहूं, आटा, चीनी और नमक को नमी से सुरक्षित रखने के लिए गोदामों के आसपास पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। सभी

**डीसी ने सभी आटा मिलों, खाद्य आपूर्ति विभाग और निगम को दिए निर्देश**

संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नमी से युक्त खाद्यान्नों का स्टॉक किसी भी सूरत में प्राप्त नहीं किया जाए और इस तरह का स्टॉक उचित मूल्य की दुकानों को भी न जारी किया जाए। उन्होंने जिले की सभी 310 उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं को भी निर्देश दिए कि वे आटा, चीनी और नमक जैसी संवेदनशील खाद्य वस्तुओं को नमी से सुरक्षित रखने के लिए समुचित प्रबंध करें और किसी भी राशन कार्डधारक को नमी से प्रभावित खाद्य वस्तुओं का वितरण न करें।

इस संबंध में किसी भी तरह की शिकायत आने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों को आटा मिलों, थोक गोदामों और उचित मूल्य की दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा खाद्य वस्तुओं की सैंपलिंग-टैस्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### दियोटसिद्ध लंगर भवन में लगाए जाएंगे 8 सीसीटीवी कैमरे

**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** दियोटसिद्ध मंदिर लंगर भवन में हुए राशन गड़बड़ी के बाद बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास अध्यक्ष एवं एसडीएम राजेंद्र गौतम ने लंगर भवन की निगरानी के लिए आठ सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं।

इसके लिए के सर्वर रूम भी बनाया जाएगा, जिसमें सभी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। इन आदेशों के अनुसार नेट वर्किंग का कार्य देखने वाले निशांत पटियाल कैमरों को डिजिटल करेंगे।

कैमरों की निगरानी सुरक्षा प्रभारी राकेश कुमार व निशांत पटियाल की रहेगी। एसडीएम राजेंद्र गौतम ने इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने व समस्त औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

# थूक कर चाटना हमारी फितरत नहीं : डॉ. पुष्पेंद्र

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

थूक कर चाटना हमारी फितरत में नहीं, ऐसा वही करते हैं, जिन्होंने जनता द्वारा दिए विधायक स्वरूप सम्मान को सरेआम बेचकर फिर उसी जनता के समक्ष वोट के लिए भीख मांगने का कार्य कर रहे हैं।

यह बात कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के कई क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में कही। उन्होंने कहा कि वह जनसेवा के लिए नौकरी तक छोड़कर आए हैं। डेढ़ वर्ष पहले जब वह हारे, तब भी वह घर पर नहीं बैठे और जनसेवा में लगे रहे। उन्होंने कहा कि यहां तक कि कोविड के समय जब ऐसे लोग घर बैठे थे, तो उन्होंने मेडिकल कैंप लगाकर जनता की सेवा की है। हमने अपने कोई अवैध धंधे नहीं चलाए हैं, जो जीत कर उन धंधों को बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि जब प्रेम कुमार धूमल यहां से मुख्यमंत्री रहे, तब भाजपा तो दूर की बात, किसी कांग्रेसी ने भी



चुनाव प्रचार के दौरान डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा।

उनके खिलाफ कोई षड्यंत्र नहीं रचा, लेकिन इन लोगों ने वर्ष 2017 के चुनावों में न केवल धूमल को हराने में कोई कसर छोड़ी और न ही अब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के खिलाफ षड्यंत्र रचने में कोई कसर छोड़ी।

उन्होंने कहा कि सच्चे इंसान का भगवान भी साथ देता है, उसी प्रकार भगवान ने मुख्यमंत्री का साथ दिया, इससे स्थानीय जनता का भी आशीर्वाद उनके साथ रहा। ऐसे में इन लोगों की पूरी साजिश फेल हो गई है। उन्होंने कहा कि साथ में इन्होंने कई अवैध धंधे भी चलाए रखे थे, जब मुख्यमंत्री को पता चला तो उन्होंने इस पर लगाम कसी तो मुख्यमंत्री के खिलाफ साजिश रचने वालों के साथ हो लिए। जो व्यक्ति अपने गृह क्षेत्र के मुख्यमंत्री का न हो सका, अब वह दूसरे दल में जाकर उनका क्या होगा। हमीरपुर की जनता इनके काले कारनामों को अब जान चुकी है और अब जनता पूरी तरह मुख्यमंत्री के साथ खड़ी है। वह डोर- टू डोर प्रचार कर रहे हैं, तो जनता उन्हें मुख्यमंत्री के नाम समर्थन दे रही है। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व सीएम धूमल से की मुलाकात



पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से उनके निवास स्थान पर हमीरपुर के समीरपुर में मुलाकात करते हिमाचल भाजपा के नए प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा। (छाया : विक्रम ढटवालिया)

### हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा से मुक्त है जिला हमीरपुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले में हाथ से मैला उठाने की प्रथा का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार जिले भर में हुए व्यापक सर्वे के दौरान इस तरह का कोई भी मामला सामने नहीं आने के बाद जिला को इस कुप्रथा से मुक्त घोषित कर दिया गया है। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार जिला हमीरपुर में भी मैला ढोने का कार्य करने वाले या हाथ से गंदगी साफ करने वाले सफाई कर्मचारियों का पता लगाने के लिए एक व्यापक सर्वे करवाया गया था और सभी शहरी निकायों तथा ग्राम पंचायतों से इसकी रिपोर्ट तलब की गई थी। उपायुक्त ने बताया कि शहरी निकायों और ग्राम पंचायतों से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर जिला हमीरपुर को हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा से मुक्त घोषित कर दिया गया है। औपचारिक रूप से इसका प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है।

### डेरा परोल के वेदांश का अंडर-19 राष्ट्रीय बास्केटबाल टीम में हुआ चयन



**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** उपमण्डल भोरंज के तहत डेरा परोल के वेदांश अंडर-19 राष्ट्रीय बास्केटबाल टीम में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। वेदांश के माता-पिता दोनों बास्केटबाल के अच्छे खिलाड़ी रहे है इनके पिता सुरेश भी राष्ट्रीय स्तर पर बास्केटबाल खेल चुके हैं। सुरेश ओएनजीसी में नौकरी करते हैं, जहां वह बास्केटबाल खिलाड़ी भी रहे हैं और ओएनजीसी बास्केटबाल टीम का नेतृत्व भी किया है। वेदांश के चयन से इनके गांव रूड़ान व पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। यंग फ्रेंड क्लब के प्रधान राकेश डोगरा ने क्लब व अपनी तरफ से वेदांश के चयन पर वेदांश, उनके माता पिता व परिवार को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

# लोगों को डरा-धमकाकर चुप करवाने की हो रही कोशिश : आशीष

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने शनिवार को ग्राम केंद्र नेरी और जंगलरोपा में नुक्कड़ सभाओं के दौरान लोगों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करने की अपील क्षेत्र वासियों से की। उन्होंने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता और समर्थक भाजपा की जीत के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है। इन सभी की मेहनत का नतीजा यह होगा कि भाजपा भारी बहुमत से विजय हासिल करेगी।

आशीष शर्मा ने कहा कि हमीरपुर की जनता उनका परिवार है और यह परिवार ही उन्हें और मजबूत बनाता है। भ्रष्टाचारी लोगों के खिलाफ वह



भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करती महिलाएं।

अपनी हमीरपुर की जनता के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में वीर भूमि हमीरपुर की समस्त जनता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और वह लगातार लोगों के बीच में जाकर जन आशीर्वाद ले रहे हैं। लोगों का उत्साह बता रहा है कि अपने बेटे को एक बार पुनः विधानसभा पहुंचने के लिए वह आतुर हैं। सत्ता के लोभ में लोगों को डरा-धमकाकर चुप करवाने की कोशिश की जा रही है। व्यक्तिगत रूप से लोगों को फोन कर कई लोभ दिए जा रहे हैं। किसी को नौकरी देने का झांसा तो किसी का कोई काम करवाने का झांसा देकर कांग्रेस प्रत्याशी गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

यह केवल चुनावों तक ही लोगों लोभ दे रहे हैं। चुनावों के चलते हमीरपुर में घूम रहे ये नेता चुनाव खत्म होने के बाद यहां से गायब हो जाएंगे। इन्हें लोगों के दुख-दर्द से कोई मतलब नहीं है। यह केवल सत्ता पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। अगर इन्हें लोगों के दुख दर्द का पता होता तो चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा बताए गए जनकल्याण के कार्य को करते, लेकिन इन्होंने इन कामों को करना तो दूर की बात दिए गए दस्तावेजों तक को दोबारा नहीं देखा।

इस लड़ाई में मेरा सबसे बड़ा हौसला हमीरपुर की देव तुल्य जनता है और इसी जनता के आशीर्वाद से इस लड़ाई को पूर्ण रूप से जीतने में हम कामयाब होंगे। इन लोगों का काम सिर्फ गुमराह करना और फरेब की राजनीति करना है। दोस्तों और परिवार को सेट कर लिया गया है और खूब चांदी कूटी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस प्रत्याशी के लिए रहम की भीख मांग रहे मुकेश : लखनपाल



चुनाव प्रचार के दौरान लखनपाल।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** भाजपा नेता एवं विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा है कि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री पूर्ण रूप से बेतुकी बयानबाजी कर रहे हैं। मुकेश के भाषण से साफ दिख रहा है कि वे कांग्रेस प्रत्याशी के लिए रहम की भीख मांग रहे हैं। बार-बार उन्होंने इस शब्द को अपने भाषण में इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि अग्निहोत्री बहुत सारे कामों का जिक्र तो कर गए, लेकिन उनमें से करवा तो एक भी न सके। कांग्रेस के शासनकाल में हमीरपुर के विकास को ग्रहण सा लग गया है। पिछले 18 महीने में कांग्रेस पार्टी के नेता एक भी ऐसा कार्य नहीं गिना पा रहे हैं। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि जो कार्य वे गिनाने का असफल प्रयास कर रहे हैं, वे या तो पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के शासनकाल में हुए हैं या फिर उसके उपरांत जयराम ठाकुर के शासनकाल में। उन्होंने उपमुख्यमंत्री को सलाह देते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पूरी तरह भाजपा के साथ एकजुट हैं, वे अपने कांग्रेसियों के बारे में सोचें। (अनंत ज्ञान)

### अवैध निर्माण को लेकर जारी किया नोटिस

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** टीसीपी ने बाद अब नगर परिषद हमीरपुर ने भी एक व्यक्ति को निर्माण कार्य रोकने को नोटिस भेजा है। बता दें कि बरसात के शुरू होते ही लोगों ने निर्माण कार्य शुरू कर दिए हैं।

ऐसे में शहर के वार्ड नंबर 10 रामनगर में जारी एक अवैध निर्माण का कड़ा संज्ञान लेते हुए नगर परिषद हमीरपुर ने एक व्यक्ति को नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम 1977 की धारा 39 के तहत नोटिस जारी किया है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर की ओर से जारी इस नोटिस में उक्त व्यक्ति को अवैध निर्माण तुरंत बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# भ्रष्टाचार के मामलों में मुख्यमंत्री स्वयं शामिल : रणधीर

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा के हमीरपुर चुनाव प्रभारी एवं नयना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया है कि हिमाचल में जितने भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं, उसके पीछे मुख्यमंत्री स्वयं हैं। ये सारे भ्रष्टाचार मुख्यमंत्री के इशारे पर हो रहे हैं। यह सरकार निकम्मी है और प्रदेश एवं जनहित में काम नहीं कर रही है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय खुद भ्रष्टाचार के घेरे में है। जब एक अधिकारी ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी जिसमें मुख्यमंत्री कार्यालय के दो अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, जिन्होंने शांग-टांग कडछम विद्युत परियोजना में पटेल इंजीनियरिंग को प्रोजेक्ट में समय की बढ़ोतरी करने के



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते रणधीर शर्मा।

लिए 25 करोड़ लिए और इसकी पुष्टि तब हुई, जब कुछ दिनों बाद बोर्ड की बैठक में सच में इनके समय की बढ़ोतरी स्वीकृत कर दी गई। भाजपा द्वारा जांच की मांग उठाने के बावजूद मुख्यमंत्री ने मामले की जांच नहीं होने दी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में आए दिन टेंडर घोटाले हो रहे हैं और इस सरकार में इस प्रकार की घोटाले प्रतिदिन उजागर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड में अनेक घोटाले सामने आए। स्मार्ट मीटर जिसके लिए केंद्र ने 1788 करोड़ स्वीकृत किए थे, उस टेंडर को 3100 करोड़ में आवंटित किया गया इससे भी घोटाले की बू आ रही है।

दूसरी ओर आनन-फानन में बोर्ड की बैठक बुलाकर 175 करोड़ का टेंडर 245 करोड़ में आवंटित किया, जहां की वित्त विभाग द्वारा टेंडर कास्ट 40 प्रतिशत बढ़ाने के ऑब्जेक्शन को भी दरकिनार किया गया।

दूसरी ओर टेंडर को तीन बार फिर बुलाना चाहिए था, पर फिर भी सिंगल टेंडर को पहली ही बार में आवंटित कर दिया गया। सवाल यह उठता है कि इन अधिकारियों पर किसका जवाब है। रणधीर ने शैरी कल्चर विभाग में जमीन घोटाले का जिक्र भी किया। (अनंत ज्ञान)

### मतगणना सुपरवाइजरों और सहायकों को समझाई मतगणना की प्रक्रिया

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव की मतदान प्रक्रिया की तैयारियों के साथ-साथ मतगणना की तैयारियां भी आरंभ कर दी गई हैं। इसी कड़ी में शनिवार को यहां बचत भवन में मतगणना सुपरवाइजरों और मतगणना सहायकों के लिए प्रथम प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इसके बाद पोस्टल बैलेट्स के मतगणना सुपरवाइजरों और मतगणना सहायकों के लिए भी हमीर भवन में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इन प्रशिक्षण सत्रों के दौरान एसडीएम एवं हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान महिला अधिकारियों को ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया गया। (अनंत ज्ञान)

**परेशानी** लोक निर्माण विभाग ने सड़क की मरम्मत न कर गड्ढों में भर दिए पत्थर

# जाहू बाइपास से बस स्टैंड जाने वाली सड़क पर गड्ढों की भरमार

**एसके शर्मा, जाहू**

जाहू बाइपास से बस स्टैंड को जाने वाली सड़क में गड्ढे होने की वजह से राहगीरों, वाहन चालकों व साथ लगने वाली दुकानों के दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही है। गड्ढों को लोक निर्माण विभाग द्वारा पत्थरों से भर दिया है, जिसकी वजह से जब वाहन यहां से गुजरते हैं, तो टायर के नीचे पत्थर खिसकने की वजह से किसी भी रहागीर व आसपास के दुकानदारों को चोट लग सकती है।

ऐसा ही एक मामला सामने आया, जब इन गड्ढों से वाहन गुजर रहा था, तो टायर के नीचे से पत्थर खिसकने की



सड़क पर पड़े गड्ढे।

वजह से दुकान में रखी टाइलों से टकरा गया और टाइलें टूट गईं। दुकानदार सुमन शर्मा ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क पर पड़े गड्ढों में पत्थर भरे हुए हैं, जिसकी वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वाहन के गुजरने पर गड्ढों से पत्थर खिसकने की वजह से मेरी दुकान के बाहर टाइलें टूट गईं। अगर किसी व्यक्ति से पत्थर टकराता है, तो कोई भी बड़ी घटना घट सकती थी। लोक निर्माण विभाग सड़क में पड़े गड्ढों का जल्द सही ढंग से मरम्मत करे। (अनंत ज्ञान)



दुकान में पत्थर के टकराने से टूटी हुई टाइलें।

**स्थायी मरम्मत की जाएगी**

**लोक** निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि सड़क में पड़े गड्ढे में टायर से पत्थर खिसकने की वजह से टाइलों के टूटने का मामला सामने आया है। शीघ्र ही सड़क पर पड़े गड्ढों की स्थायी मरम्मत कर दी जाएगी।

**मनुष्य** के लिए स्वास्थ्य ही असली संपत्ति है, न कि सोना और चांदी और रुपए-पैसे। –महात्मा गांधी

## संपादकीय

# सेब बागवानों को राहत

हिमाचल में इस बार सेब पेटियों में नहीं, बल्कि किलो के हिसाब से मंडियों तक पहुंचाया जाएगा। सेब ढुलाई वजन के आधार पर होगी, जिसका फायदा निश्चित तौर पर सेब बागवानों को होगा। विभिन्न क्षेत्रों से परिवहन दरें तय कर दी हैं। मंडियों में अर्ली वैरायटी वाला सेब दस्तक दे चुका है। हालांकि, सेब सीजन आधिकारिक तौर पर 15 जुलाई से शुरू होगा। साल 1916 में हिमाचल प्रदेश में सेब का पहला बगीचा स्थापित हुआ था। तब से लेकर अब तक अपनी 108 साल की यात्रा में हिमाचल अब सेब राज्य के रूप में उभर कर सामने आया। इस दौरान सेब को उगाने से लेकर और मंडियों तक पहुंचाने तथा बेहतर क्वालिटी के साथ बेहतर मात्रा में सेब देने के रास्ते में कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। अधिकांश ध्यान क्वांटिटी के साथ सेब पैदावार पर रहा और आज हिमाचल प्रदेश में हम इस स्तर पर पहुंच चुके हैं कि बाजार में बिक्री नियमों को छूने लगे हैं।

इसी कड़ी में वर्ष 2023 में हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने सेब मंडियों तक सेब वजन के हिसाब से पहुंचाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। यह निर्णय हिमाचल के बागवानों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करता नजर आ रहा है। साल 1916 में अमेरिका से सेब का पौधा लाया गया और शिमला जिले के कोटगढ़ में सेब का पहला बगीचा तैयार हुआ। अमेरिका से आए एक युवक सैम्युल इवांस स्टोक्स जिन्होंने बाद में अपना नाम सत्यानंद स्टोक्स रख लिया, ने यहां आकर लोगों को प्रेरणा दी। उसी के परिणाम स्वरूप हिमाचल आज ऐसे मुकाम पर पहुंच चुका है, जहां सेब की बागवानी से लेकर सेब बेचने और मार्केटिंग तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि सेब देश ही नहीं दुनिया में हिमाचल की पहचान बन चुका है। कांग्रेस सरकार के बनने के मात्र छह महीने के बाद ही सेब वजन के हिसाब से मंडियों में बेचने का फैसला तो हुआ, लेकिन इस व्यवस्था को चलाने में आने वाली दिक्कतों की भी कमी नहीं थी। कभी सेब की पेटी में 24 किलो वजन की लिमिट परेशानी बनी तो कभी यूनिवर्सल कार्टन को पिछले साल से लागू न करना परेशानी बना। इससे भी बड़ी परेशानी मंडियों में आढ़तियों की मनमानी की रही, जिसके चलते आढ़ती हड़ताल करने पहुंच गए, लेकिन बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी अपने फैसले पर कायम रहे और सख्ती के साथ नियम को प्रदेश में लागू किया और उसके परिणामस्वरूप आज वजन के हिसाब से सेब की बिक्री शुरू हो गई है।

सेब बागवान सरकार के इस फैसले से खासे उत्साहित हैं। वह कहते हैं कि उनकी फसलों को उचित दाम दिलाने के लिए सरकार का निर्णय सही है। इस वर्ष एपीएमसी एक्ट 2005 के अनुसार जब यह निर्णय लिया गया तब बागवान इस निर्णय पर एकमत नजर आए, लेकिन यह पहला वर्ष है जब यह व्यवस्था लागू की गई है। ऐसे में कई परेशानियां सामने आना स्वाभाविक है। पहले जिन कार्टन में सेब भरा जाता था, उसमें छह-आठ प्लास्टिक की लेयर लगी होती थी, जिससे सेब बागवानों का नुकसान होता था और आढ़ती उस कार्टन को पेटी के तौर पर ही देखते थे। एक पेटी का रेट हजार-दो हजार रुपए तक लगाया जाता था। उसमें सेब ज्यादा मात्रा में चला जाता था, लेकिन अब जब सेब किलो के हिसाब से बिकेगा तो यूनिर्वसन कार्टन में जितनी मात्रा होगी सेब के रेट उतने ही मिलेंगे। अब सेब को खरीदने के लिए लोडर आते हैं तो उनमें प्रतिस्पर्धा रहती है, जिससे सेब बागवानों का ही फायदा होता है।

सरकार ने आढ़तियों को खरीददारों के विकल्प के रूप में एचपीएमसी को सेब खरीदने के लिए मंडियों में उतारा दूसरी ओर आढ़ती तर्क देते हैं कि इस व्यवस्था से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि मंडियों में जगह की कमी के कारण प्रत्येक पेटी का वजन नहीं हो पा रहा है। अधिक समय लग रहा है, जिस कारण बिक्री प्रक्रिया धीमी हो गई है। हिमाचल में हर साल 5000 से लेकर 6000 करोड़ रुपए तक सेब का व्यवसाय होता है। इस निर्णय को लागू करने को लेकर कुछ दिक्कतें अवश्य रहेंगी, लेकिन भविष्य में इसके दूरगामी फायदे सरकार और बागवानों को जरूर मिलेंगे। अब देखना है कि वजन के हिसाब से सेब बिक्री का फैसला आढ़तियों के साथ सेब बागवानों को कितना रास आता है? ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### सिखों के आठवें गुरु

**गुरु** हर किशन सिंह अथवा 'गुरु हरि कृष्ण जी' सिखों के आठवें गुरु थे। वह 6 अक्तूबर, 1661 ई. में गुरु बने थे और इस पद पर 1664 ई. तक रहे। गुरु हर किशन साहिब जी का जन्म किरतपुर साहेब में हुआ था। आप गुरु हरराय और माता किशन कौर के दूसरे बेटे थे। किरतपुर में गुरु हरराय जी के दो समय दीवान लगते थे। हजारों श्रद्धालु वहां उनके दर्शन के लिए आते और अपनी मनोकामनाएं पूरी करते। एक दिन गुरु हरराय जी ने अपना अंतिम समय नजदीक पाया और देश-प्रदेश के सारे मसनदों को हुक्मनामे भेज दिए कि अपने संगत के मुखियाओं को साथ लेकर शीघ्र ही किरतपुर पहुंच जाओ। इस तरह जब सब सिख सेवक और सोढ़ी, बेदी, भल्ले, त्रिहण, गुरु, अंश और संत-महंत सभी वहां पहुंचे। किरतपुर में गुरु हरराय जी ने दीवान लगाया और सब को बताया कि हमारा अंतिम समय नजदीक आ रहा है और हमने गुरु गद्दी का तिलक अपने छोटे पुत्र श्री हरि कृष्ण जी को देने का निर्णय किया है। गुरु जी का यह हुक्म सुनकर सारी संगत ने यह वचन सहर्ष स्वीकार किया और भेंट अर्पण की। इस प्रकार संगत ने श्री हरि कृष्ण जी को गुरु स्वीकार कर लिया। बहुत ही कम समय में गुरु हर किशन साहिब जी ने सामान्य जनता के साथ अपने मित्रतापूर्ण व्यवहार से राजधानी में लोगों में लोकप्रियता हासिल की। इसी दौरान दिल्ली में हैजा और छोटी माता जैसी बीमारियों का प्रकोप महामारी लेकर आया। मुगल राज जनता के प्रति असंवेदनशील था। जात-पात एवं ऊंच-नीच को दरकिनार करते हुए गुरु साहिब ने सभी भारतीय जनों की सेवा का अभियान चलाया। खासकर दिल्ली में रहने वाले मुस्लिम उनकी इस मानवता की सेवा से बहुत प्रभावित हुए एवं वो उन्हें 'बाला पीर' कहकर पुकारने लगे। ■



**गुरु हर किशन सिंह**
**जन्म** : 7 जुलाई, 1656
**मृत्यु** : 30 मार्च, 1664

## अपनी बात

**बिना** पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों के पर्यावरण की परिकल्पना करना उचित नहीं है। संरक्षण का मतलब यह नहीं है कि आप किसी पशु या पक्षी को पिंजरे में कैद कर दें। संरक्षण का असली मतलब है उन्हें उनके प्राकृतिक वास में जगह देना है। पशु-पक्षियों को प्राकृतिक वास तभी मिलेगा, जब इस धरती पर जंगल बचेंगे। आज पर्यावरण की जो स्थिति है, उसमें मानव निर्मित ढांचे ही दिखाई देते हैं। पेड़-पौधे और जंगली जीव-जंतुओं को आश्रय देने वाले जंगल धीरे-धीरे सिमटते जा रहे हैं। जंगलों का क्षेत्र घटने से ग्लोबल वार्मिंग, क्लाइमेट चेंज जैसी समस्याओं से आज पूरी दुनिया परेशान है। संसाधनों का उचित प्रबंधन न होना इसका कारण है। आज जल की एक बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। क्या कुछ ऐसा है, जो हम सामूहिक रूप से कर सकते हैं? हमें यह सोचना होगा कि पृथ्वी के पर्यावरण के संरक्षण में हम कैसे अपना योगदान दे सकते हैं? **–योगिता शर्मा, जवाली**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# कितना अहम है ब्रिटेन का सत्ता परिवर्तन

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनाव के परिणाम ने अचानक मौसम को गरमा दिया है। वहां राजनीति इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेनवासियों ने एकतरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले।

रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख कीर स्टार्मर फूले नहीं समा रहे क्योंकि आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेन की नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे, उनको देशवासियों ने पसंद किया। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें देश के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे। भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा, इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय नॉर्थलेरटन सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे।



**लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ताज्जुब वाली बात यह है कि नॉर्थलेरटन वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बाकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्योहारों पर लोगों को जुटना होता है। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं, पर वे लोग और समर्थक भी उनसे छिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कइयों की तो जमानत भी जब्त हुई हैं। ब्रिटेन और भारत के मौजूदा चुनाव ने एक बात यह बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं।

कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे कि फला समुदाय या मतदाता उनका है। बहरहाल, ब्रिटेन में चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। नतीजों को लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना। इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी चुनाव में खूब उछला। ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह भी है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था, पर जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है।

वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं। बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए। किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें। हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए। लेबर पार्टी की यह जीत उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा भी है।


लेबर पार्टी को सरकार को नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, ऊर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना भी होगा। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# सांस्कृतिक जागरण और लक्ष्मीबाई केलकर

भारतीय स्वाधीनता संघर्ष की सफलता में उस भावना की भूमिका महत्वपूर्ण है, जिसने समाज में स्वत्व का बोध कराया। यदि हम केवल आधुनिक संघर्ष का ही स्मरण करें तो हम पाएंगे कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती से लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव हेडगेवार तक ऐसी असंख्य हुतात्मा हुई हैं जिन्होंने दोहरा संघर्ष किया। एक तो स्वयं सीधा संघर्ष किया और संघर्ष के लिए स्वाधीनता सेनानी भी तैयार किए और दूसरा समाज में स्वत्व और सांस्कृतिक जागरण का अभियान चलाया। लक्ष्मी बाई केलकर ऐसी ही एक महाविभूति थीं, जिनका पूरा जीवन भारत राष्ट्र, समाज और सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित रहा ।



**लेखक : रमेश शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म 6 जुलाई 1905 को नागपुर में हुआ था। उनके पिता दातेजी लोकमान्य तिलक के अनुयायी थे। इस नाते परिवार में राष्ट्र और सांस्कृतिक जागरण का वातावरण था। लक्ष्मीबाई इसी के बीच बड़ी हुईं। उनके बचपन का नाम कमल दाते था, लेकिन विवाह के बाद वह लक्ष्मी बाई केलकर बनीं और वर्धा आ गईं। उनका विवाह चौदह वर्ष की आयु में विदर्भ के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर से हुआ था। विवाह के बाद उन्होंने अपनी शिक्षा भी जारी रखी और पति के साथ समाजसेवा के कार्यों में भी सहभागी बनीं ।

यह वह कालखंड था, जब स्वाधीनता के लिए अहिसंक आंदोलन पूरे देश में प्रभावी हो रहा था। यह संयोग ही था कि लक्ष्मी बाई के मायके का दाते परिवार और ससुराल का केलकर परिवार दोनों इन गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे थे। पूरा विदर्भ मानो इन अभियानों का हिस्सा था। यही कारण था कि 1923 के झंडा सत्याग्रह का सर्वाधिक प्रभाव पुणे से लेकर विदर्भ तक रहा। यह इस आंदोलन की व्यापकता का ही प्रभाव था कि आगे चलकर गांधी जी ने नागपुर के समीप वर्धा को अपना एक प्रमुख केंद्र बनाया। अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर अपनी पत्नी लक्ष्मी बाई के साथ इन सभी गतिविधियों में हिस्सा लेते।

गांधी जी और तत्कालीन आंदोलनों का कितना प्रभाव इस परिवार पर था, इसका अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि लक्ष्मी बाई ने अपने घर में एक चरखा केन्द्र स्थापित कर लिया था। वह सामाजिक जागरण के लिए तीन काम करतीं थीं। एक तो महिलाओं में चरखे के माध्यम से स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देतीं, दूसरा भारतीय वाड्मय के उदाहरणों से सामाजिक समरसता का वातावरण बनातीं थीं। वह मानतीं थीं कि राष्ट्र की स्वायत्तता ही सर्वोपरि है। लक्ष्मी बाई केलकर का व्यक्तित्व और कृतित्व भारत में प्रत्येक परिवार और विशेष कर नारी शक्ति की क्षमता मेधा और प्रज्ञा शक्ति का एक अनुकरणीय उदाहरण है। यह सदैव स्मरणीय और वंदनीय है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**क्षणिकाएं**



**अंति**
राकेश डोगरा
वरिष्ठ पत्रकार

*खूब लाभ दो अपनों को,*
*यह बड़का बाबू कहते हैं।*
*नजर अंदाज करो उनको,*
*जो हक मांगते रहते हैं।*
*मालिक हैं वे हम सबके,*
*जो कह देंगे वह होगा।*
*पदोन्नति उनकी ही होगी,*
*जो हां मैं हां मिलाते हैं।*
*चाटुकारिता के बलबूते,*
*जो आगे बढ़ जाए।*
*काबिलियत को पीछे छोड़े,*
*वह चमचे कहलाए।।*

# अध्यात्म के आनंद ने बदला विराट कोहली को

अभी कुछ दिन पहले खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन और उसके बाद इस फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद सारा देश विराट कोहली की उपलब्धियों पर चर्चा कर रहा है। हालांकि, इस बहस के दौरान एक पक्ष नजरअंदाज सा हो रहा है कि कुछ साल पहले तक बात-बात पर आवेश में आने वाले विराट कोहली अब इतने शांत कैसे हो गए हैं? विराट कोहली की पर्सनालिटी में आखिरकार इतना आमूलचूल बदलाव कैसे आ गया? इस सकारात्मक बदलाव में मुझे उनका अध्यात्म की तरफ बढ़ना एक बड़ी वजह समझ आता है। वह आजकल लगातार सपरिवार विभिन्न तीर्थस्थलों पर जाकर अच्छा सा वक्त बिताने लगे हैं। उन्हें वृंदावन जाना खास पसंद है।

विराट कोहली वृंदावन में श्री परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वह पिछले साल जनवरी में भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन में अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ बाबा नीम करौली की समाधि के दर्शन करने के लिए गए थे। पहले दोनों बाबा नीम करौली की समाधि पर गए और फिर आनंदमयी आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने कई संतों से मुलाकात की, साथ ही दोनों ने बांके बिहारी मंदिर के साथ कई अन्य प्रमुख मंदिरों के भी दर्शन किए। वह ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम की विराट और उनकी पत्नी अनुष्का कई बार यात्रा कर चुके हैं। विराट और अनुष्का ने यहां पहुंचकर ब्रह्मलीन दयानंद सरस्वती की समाधि के भी दर्शन किए और गंगा घाट पर संत-पंडितों के साथ आरती में भी शामिल हुए।

विराट कोहली ने यहां योग करने के बाद पूजा-अर्चना की थी और फिर सार्वजनिक धार्मिक अनुष्ठान कर भंडारे का आयोजन करवाया था। स्वामी दयानंद गिरि का सितंबर, 2015 में निधन हो गया था। वह ऋषिकेश में दयानंद सरस्वती आश्रम और कोयंबटूर में अर्श विद्या गुरुकुलम के शिक्षक थे। उन्होंने करीब 50 साल तक देश और विदेश में वेदांत की शिक्षा दी थी। इस बीच, विराट कोहली अपनी पत्नी के साथ पिछले साल उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली ने आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया। विराट कोहली ने गले में रुद्राक्ष की माला भी धारण की। शायद ही विराट कोहली के कद का कोई अन्य खिलाड़ी इतनी तीर्थ यात्राएं करता हो।



**लेखक : आरके सिन्हा**
स्तंभकार और पूर्व सांसद

एक समय था, जब विराट कोहली की शख्सियत का एक श्याम पक्ष उनका मैदान के अंदर और बाहर बेहद उग्र होना भी था। वह फौरन आवेश में आकर झगड़ा करने लगते थे। उनका मैदान के भीतर भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर से कई बार झगड़ा हुआ। विराट कोहली के गुस्से का शिकार आस्ट्रेलिया में एक पत्रकार भी हुआ था। विराट कोहली ने एक बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक मैच में अंपायर कुमार धर्मसेना को अपशब्द कहने शुरू कर दिए थे। धर्मसेना श्रीलंका के टेस्ट खिलाड़ी थे। उनके इस तरह के व्यवहार के कारण विराट कोहली की छवि बहुत खराब बन रही थी, पर अब वह अपनी उस खराब छवि को बहुत पीछे छोड़ चुके हैं। वह अपने क्रोध पर काबू पा चुके हैं। वह मैदान के अंदर-बाहर शांत रहते हैं। क्रोध का न होना मन को शांत रखने का सबसे प्रभावशाली उपाय है। क्रोध की उत्पत्ति केवल अधूरी इच्छाओं से होती है। जो इंसान दूसरों से कोई अपेक्षा नहीं रखता, वह अपने संगी-साथियों से नाराज नहीं हो सकता। विराट कोहली अध्यात्म के रास्ते पर चलने से विनम्र भी हुए हैं। वह बिशन सिंह बेदी के सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते थे। दिल्ली क्रिकेट के गढ़ फिरोजशाह कोटला मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में विराट कोहली बेदी पाजी के चरण स्पर्श करते हुए कई बार देखे गए थे। आप बता दीजिए कि विराट कोहली के अलावा कितने खिलाड़ी गुजरे दौर के खिलाड़ियों के चरण स्पर्श करते हैं, तो बहुत साफ है कि उन्होंने अपने में सकारात्मक बदलाव किए। इससे वह एक बेहतर मनुष्य के रूप में सामने आए हैं।

अपनी जीवनशैली को बदलते हुए विराट कोहली अब शाकाहारी भी हो चुके हैं। उनका शाकाहारी हो जाना आश्चर्यजनक है क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी मांसाहारी और शाकाहारी खाद्य पदार्थों के मिश्रण को ही भोजन में पसंद करते हैं। विराट कोहली अपनी फिटनेस का श्रेय शाकाहारी भोजन को देते हैं। इसके अलावा, वह मुख्य रूप से उबले हुए खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं, जिनमें किसी प्रकार के तेल का प्रयोग नहीं होता है, लेकिन खास अवसरों पर वह जैतून के तेल में पकाए गई डिशेज को खा लेते हैं। टीम इंडिया के टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली से भी बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने विराट से कहा , 'आपसे बात करके खुशी हुई। आपने फाइनल में जिस तरह की पारी खेली, उसी तरह से भारतीय बल्लेबाजी को शानदार तरीके से आगे बढ़ाया है। आप हर फॉर्मेट में चमके हैं। टी-20 क्रिकेट में आपकी कमी खलेगी, लेकिन मुझे यकीन है कि आप नई पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे।'

विराट कोहली आज सारे देश के रोल मॉडल बन चुके हैं। वह मात्र पैसे के लिए शीतल पेय या पान मसाला जैसे उत्पादों का विज्ञापन स्वीकार नहीं करते। उनसे हमारे कई फिल्मी सितारे सीख ले सकते हैं। वह अपनी फिटनेस पर भरपूर ध्यान देते हैं। उन्होंने कई वर्षों से अपना वजन 70 किलोग्राम से नीचे रखा है। 34 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस अपने से कम उम्र के खिलाड़ियों से बेहतर है। वद् एक दौर में घनघोर भोजन भट्ट हुआ करते थे। वद् तब उन सभी चीजों को खाते थे, जो खिलाड़ियों को वर्जित होती हैं। अब वह एक दिन भी व्यायाम नहीं छोड़ते। उन्होंने अपने को तीनों फॉर्मेट में खेलने के लिए तैयार किया। हालांकि वद् अब क्रिकेट के दो प्रारूपों क्रमश: टेस्ट मैच और एकदिवसीय मैच ही खेलेंगे। यानी वह आने वाले कुछ सालों तक देश को आनंद और गौरव के लम्हे प्रदान करते रहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भक्ति और आस्था सच्ची हो तो स्वयं मिलने आते हैं भगवान

**भगवान जगन्नाथ रथयात्रा आज से**

अक्सर लोग धर्म के नाम पर भेदभाव करते हैं व समाज को बांटने का प्रयास हमेशा होता रहा है, लेकिन भगवान सभी के लिए समान हैं। इंसान भले ही भक्त को भगवान से न मिलने दे, लेकिन भक्ति और आस्था सच्ची हो तो भगवान स्वयं मिलने आते हैं। ऐसा ही एक अद्‌भुत प्रसंग भगवान जगन्नाथ के मुस्लिम भक्त से जुड़ा है, जिसमें एक मुस्लिम भक्त की प्रार्थना के कारण भगवान जगन्नाथ की यात्रा के दौरान रथ के पहिये उसकी मजार पर अपने आप थम जाते हैं। जी हां लाखों हिंदू भक्तों कि आस्था का केंद्र भगवान जगन्नाथ यात्रा में मुस्लिम भक्त की कहानी भी कम रोचक नहीं है।

भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 7 जुलाई (रविवार) से अपनी यात्रा पर निकलने वाले हैं। भक्तों की यह कामना होती है कि उन्हें यह रथ खींचने का सौभाग्य प्राप्त हो। यात्रा पुरी धाम से लेकर 3 किमी दूर गुंडीचा मंदिर पहुंचती है, जहां भगवान की मौसी के घर होने की मान्यता है। यात्रा के दौरान एक पड़ाव ऐसा भी आता है, जहां भगवान जगन्नाथ के रथ के पहिये अपने आप उनके एक मुस्लिम भक्त सालबेग की मजार पर थम जाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि भगवान भाव के भूखे होते हैं व भक्तों में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं रखते। इस बात का प्रमाण हर वर्ष उड़ीसा के पुरी में आयोजित होने वाली भगवान जगन्नाथ की इस रथयात्रा के दौरान देखने को मिलता है। शायद उड़ीसा को छोड़कर देश के अन्य हिस्सों में बहुत कम लोग इस वाक्य को जानते हों। इस यात्रा को लेकर जहां एक ओर करोड़ों हिंदुओं की आस्था एवं भावनाएं जुड़ी हैं, वहीं पर्दे के पीछे छिपी इस मुस्लिम भक्त की कहानी भी अत्यंत रोचक है।

सालबेग 17वीं शताब्दी की शुरुआत में मुगलिया शासन में एक सैनिक थे। उनकी माता हिंदू परिवार से थी, जबकि पिता मुस्लिम समुदाय से थे। उनके पिता मुगल सेना में थे, इसलिए सालबेग भी मुगल सेना में शामिल हो गए। मुगल सेना की तरफ से लड़ते हुए एक बार वह बुरी तरह घायल हो गए। तमाम इलाज के बावजूद उन्हें किसी भी प्रकार की राहत नहीं मिली। उनकी मां ने उनको भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना करने व दर्शन करने की सलाह दी। बताया जाता है कि भगवान जगन्नाथ की पूजा करने पर अगली सुबह उनके शरीर के सारे घाव ठीक हो चुके थे। इसके बाद सालबेग ने कई बार भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने की कोशिश की, मगर समुदाय विशेष की तरफ से होने के कारण वह हमेशा दर्शन करने से वंचित रहे। भगवान जगन्नाथ की आराधना में लीन होकर उन्होंने कई प्रकार के भक्ति गीत व कविताएं लिखीं। सुंदरानंद विद्याविनोद और सुकुमार सेन जैसे आलोचकों ने भी सलेबग को 17वीं शताब्दी के ओडिशा के एक स्थापित भक्ति कवि के रूप में मान्यता दी और उनके हिंदी, बंगाली व उड़िया भाषा में लिखे गए वैष्णव छंदों का सम्मान किया।



**लेखक : विशाल ठाकुर**
अध्यापक, बरठीं

उड़िया भाषा में लिखे गए उनके गीत काफी प्रसिद्ध हुए। भक्ति में लीन होने के बावजूद सालबेग कई बार भगवान जगन्नाथ के दर्शन की कोशिश की, लेकिन उन्हें भगवान जगन्नाथ के मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। सालबेग की मौत के बाद उन्हें जगन्नाथ मंदिर और गुंडिचा मंदिर के बीच दफनाया गया। मान्यता के अनुसार सालबेग की मृत्यु के बाद जब भी जगन्नाथ यात्रा निकली तो रथ के पहिये मजार के पास जाकर अपने आप थम गए। लोगों की लाख कोशिशों के बावजूद मजार के सामने से रथ जब नहीं हिला, तभी उड़ीसा के तत्कालीन राजा को जाकर यह सूचना दी गई। सालबेग का जयकारा लगवाने के बाद भगवान जगन्नाथ का रथ अपने आप अपनी अगली यात्रा पर निकल पड़ा। मान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ की इच्छा अनुरूप उनकी सालाना आयोजित होने वाली 3 किलोमीटर लंबी रथयात्रा कुछ देर के लिए उनके भगत सालबेग की मजार पर रुकती है।

दूसरी ओर कोरोना काल के दौरान जब सभी प्रकार के कार्यक्रमों पर पाबंदी थी उस समय यात्रा शुरू करने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले 21 याचिकाकर्ताओं में एक 19 वर्षीय मुस्लिम छात्र उस समय चर्चा का विषय बना था। कुछ शर्तों के साथ उस समय यात्रा शुरू करने की अनुमति प्रदान की गई थी। उड़ीसा के नयागढ़ जिले का रहने वाला 19 वर्षीय युवा अर्थशास्त्र का छात्र था, जिसका नाम आफताब हुसैन था। इसकी तुलना पूर्व में भगवान जगन्नाथ के सबसे बड़े भक्त रहे सालबेग से की गई । लोगों के अनुसार आफताब हुसैन के दादा मुल्ताब खान भी भगवान जगन्नाथ के बड़े भक्त थे। यह यात्रा न सिर्फ भगवान के भक्तों को सम्मान दिलाने से जुड़ी है, बल्कि धर्म के आधार पर भेदभाव करने वालों को भी सकारात्मक संदेश देती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सलवाणा में किया कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**उमेश, सुंदरनगर ।** कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश जिला मंडी विकास खंड सुंदरनगर द्वारा कृषि प्रद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा मंडी के अंतर्गत प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना में ग्राम पंचायत सलवाणा के बड़ौन और ग्राम पंचायत मलोह के लाग राहांग गांव में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कृषि विकास खंड सुंदरनगर के खंड तकनीकी प्रबंधक लेखराज ने बताया कि शिविर में ग्राम पंचायत सलवाणा के बड़ौन और ग्राम पंचायत मलोह के लाग राहांग गांव के किसानों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में किसान किसी भी प्रकार के रसायन का इस्तेमाल नहीं करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### जोनल अस्पताल में मनाया विश्व जुनोसिस दिवस



**पुष्पराज, मंडी ।** विश्व जुनोसिस दिवस मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी के सभागार में डॉ. दिनेश ठाकुर जिला स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में मनाया गया। इसमें जिला पशुपालन विभाग से अधिकारी डॉ. पल्लवी डॉ. अरिंदम रॉय पैथोलॉजिस्ट, जिला मंडी ने उक्त विषय पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अरिंदम ने जानकारी दी कि यदि कोई पालतू और आवारा जानवर आपको काटे अथवा चाटे और जख्म बेशक दिखाई नहीं दे रहा है तब भी उस स्थान को चलते पानी के नीचे कम से कम 15 मिनट तक धोएं उसके बाद अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान पर ले जाकर इलाज करवाए जिससे बीमारी के खतरे का स्तर शून्य से नीचे चला जाए। (अनंत ज्ञान)

### मंडी में नेशनल स्वात फेडरेशन कप शुरू

**अनिल शर्मा, मंडी ।** स्वात फ्रेंच बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा 6 से 7 जुलाई तक आयोजित नेशनल स्वात फेडरेशन कप का आयोजन नगर निगम के टाउन हॉल में किया गया। इसमें नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। महापौर ने विभिन्न राज्यों से आए हुए बच्चों का छोटी काशी मंडी में आने पर स्वागत किया। इसके अतिरिक्त महापौर ने मंडी के वरुण वालिया को इंडोनेशिया में हुई प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जितने पर बधाई दी। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षद वीरेंद्र सिंह आर्य, स्वात फ्रेंच बॉक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक सुखविंद्र सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष हंस राज, राष्ट्रीय महासचिव परमजीत कौर, हिमाचल राज्य के महासचिव संतोष व स्वात फ्रेंच बॉक्सिंग एसोसिएशन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




### एटीएम में फंसी धनराशि बैंक प्रबंधक को सौंपी

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** साईं मार्केट जोगिंद्रनगर की निवासी पल्लवी ने हिप्र राज्य सहकारी बैंक की एटीएम मशीन में फंसी 4000 रुपए की धनराशि बैंक प्रबंधक के पास जमा करवाकर ईमानदारी की मिसाल कायम की है। वीरवार को पल्लवी जब एटीएम से रुपए निकालने के लिए गई तो अंदर मशीन में निकासी द्वार पर पहले से रुपए फंसे हुए थे। उन्होंने यह धनराशि निकाली और एटीएम की बैंक शाखा में प्रबंधक रमेश जमवाल के पास जमा करवा दी। (अनंत ज्ञान)



### घरवासड़ा में बनेगा श्री अन्न महिला ऐग्रो प्रोसेसिंग भवन



**रितेश चौहान, सरकाघाट।** धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा एफपीओ द्वारा महिलाओं के माध्यम से तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों को लीगल तरीके और लघु उद्योग के रूप में चलाने के लिए योजना तैयार की है और एक महिला फेडरेशन भी गत दिनों विजय मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धर्मपुर में आयोजित सम्मेलन में गठित की है।जिसके लिए श्री अन्न महिला एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित किया जा रहा है। भवन निर्माण के लिए साईं इटर्नल फाउंडेशन के संस्थापक ई राजकुमार वर्मा ने दो लाख रुपए की वित्तीय सहायता जारी कर दी है।

### नहीं रही कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी तारा ठाकुर

**सुनील, गोहर।** सराज विधानसभा की बुलंद आवाज कांग्रेस पार्टी की पूर्व प्रत्याशी तारा ठाकुर का निधन हो गया। उनके निधन पर सराज विधानसभा क्षेत्र में शोक की लहर है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के सचिव जगदीश ठाकुर, दलीप सिंह ठाकुर, मान सिंह ठाकुर, संत राम, दिले राम, भीम सिंह आदि ने शोक जताया है ।

# ब्यास में बढ़ा जलस्तर, लेकिन लोगों को नहीं पीने का पानी

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी शहर में बीते तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण मंडी जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों को करीब करोड़ों का नुकसान हुआ है, तो इसी बीच मंडी शहर को पानी की सप्लाई के लिए उहल परियोजना प्रभावित हुई है। बात अगर मंडी शहर की करें तो मंडी शहर में पानी को लेकर हाहाकार मच गया है।

शहर के कुछ भागों में पिछले दो दिनों से तो कुछ में पिछले तीन दिनों से पानी की सप्लाई नहीं आई है। इस कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोग पैसे खर्च करके निजी टैंकर मंगवाकर गुजारा कर रहे हैं तो अधिकतर लोग प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी ढोकर लाने को मजबूर हो गए हैं।




पानी का टैंकर मंगवा कर लोग कर रहे गुजारा ।

स्थानीय निवासी नरेश वैद्य, रेणुका अरोड़ा, पवन ठाकुर और शमशेर ठाकुर ने बताया कि पानी की सप्लाई न आने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खाना बनाने, बच्चों को तैयार करके स्कूल भेजने और खुद भी ड्यूटी जाने के लिए हाथ-मुंह धोने तक के लिए पानी नहीं है। इन्होंने सरकार, प्रशासन और विभाग से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द पानी की सप्लाई को सुचारु बनाया जाए ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)

**कुछ जगहों पर दो-तीन दिन नहीं आया पानी**

उहल और ब्यास नदी में गाद की मात्रा अधिक आ जाने के कारण सप्लाई बाधित हुई है। गाद की मात्रा कम होने का इंतजार किया जा रहा है। जैसे ही यह मात्रा कम होगी तो फिर पानी लिफ्ट करके सप्लाई सुचारू कर दी जाएगी। उहल नदी से बनाई गई परियोजना में यह समस्या पहली बार आई है। सभी वार्डों में जरूरत के हिसाब से थोड़ा-थोड़ा पानी समयानुसार सप्लाई किया जा रहा है।

-रोहित गुप्ता, जल शक्ति विभाग, एसडीओ

### जिले में 38 सड़कें बाधित, 5 गौशालाएं, 8 मकान क्षतिग्रस्त

**अनिल, मंडी।** बारिश के कारण जिला मंडी के मंडी में 111 सड़कें बाधित हुई थी, जिनमें से 73 सड़कें बहाल कर दी गई हैं, लेकिन 38 सड़कें अभी भी बाधित हैं। वहीं 259 ट्रांसफार्मर में से 105 ट्रांसफार्मर को बहाल कर दिया गया है, जबकि 194 ट्रांसफार्मर अभी भी ठप हैं। धर्मपुर उपमंडल में 113 ट्रांसफार्मर और गोहर में 36 ट्रांसफार्मर ठप हैं, जबकि सुंदरनगर में एक और जोगिंद्रनगर में दो ट्रांसफार्मर ठप हैं। वहीं 5 गौशालाएं और 8 के लगभग कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिससे लगभग 8 लाख रुपए का नुकसान आंका गया है।

# बीएसएल का स्थापना दिवस सिर्फ रस्मी

## परियोजना निर्माण में जान गंवाने वालों के परिवारों को कभी नहीं किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

देश की बड़ी परियोजनाओं में शुमार ब्यास-सतलुज लिंक (बीएसएल) परियोजना का रविवार को एक बार फिर स्थापना दिवस आयोजित किया जा रहा है। इसमें पंडोह डैम पर बनी परियोजना निर्माण में अपनी शहादत देने वालों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा जाता है तथा श्रद्धांजलि दी जाती है, जो सराहनीय कार्य है, मगर विडंबना यह है कि स्थापन दिवस के इतिहास में कभी भी किसी शहीद के परिवार को आमंत्रित कर आज तक सम्मानित नहीं किया गया।

बता दें कि 990 मेगावाट की बीएसएल परियोजना किसी कुबेर के खजाने से कम नहीं है। इस परियोजना से पांच राज्यों पंजाब, हरियाणा दिल्ली, राजस्थान और हिमाचल को विद्युत के साथ पानी की भी पूर्ति की जाती है।

पंडोह से बग्गी तक टनल के माध्यम से ब्यास नदी का पानी का रुख मोड़ा गया है। बग्गी से सुंदरनगर तक पानी को चैनल से व फिर एक टनल से डैहर पावर हाउस तक भाखड़ा बांध के जलाशय में डाला गया है। यह अपने आप में बहुत ही अद्भुत और आकर्षक परियोजना है। (अनंत ज्ञान)



बीबीएमबी परियोजना का पंडोह डैम।

### 70 प्रतिशत विस्थापित परिवार कर रहे संघर्ष

**बीएसएल परियोजना किसी कुबेर के खजाने से नहीं है कम**

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस परियोजना को राष्ट्र गौरव की संज्ञा दी है, मगर इस परियोजना के विस्थापितों का दर्द आज नासूर बन गया है। बीएसएल परियोजना विस्थापित कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष बीआर भाटिया, सचिव देवी सिंह, देवी राम कौंडल व मार्गदर्शक आरके वर्मा ने बताया कि 70 प्रतिशत विस्थापित परिवार आज भी जमीन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रोजगार नहीं दिया गया है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीबीएमबी के कर्मचारी अधिकारी सेवानिवृत्ति के बाद 3-3 बार एक्सटेंशन ले रहे हैं, जो दूसरे युवाओं के रोजगार पर डाका है। केवल बीबीएमबी के कर्मचारी अधिकारी ही पार्ट टाइम व नियमित सेवाओं का लाभ ले रहे हैं, जिससे परियोजना विस्थापित व शहीदों के परिवार वंचित हो रहे हैं। इतना ही नहीं स्थानीय लोगों के लिए भी बीबीएमबी द्वारा किसी भी प्रकार की कोई सहायता या सुविधाएं प्रदान नहीं की जाती हैं।

**कैचमेंट एरिया प्लान में लोगों को सुविधाएं देना परियोजना की प्राथमिकता**

### पंडोह डैम से बिना सूचना छोड़ा था पानी

गत वर्ष पंडोह डैम से एकाएक बिना सूचना के पानी छोड़ने से पंडोह बाजार सहित मंडी तक लोगों के घर-बार सब पानी पानी हो गए। करोड़ों का नुकसान हुआ। अन्य राज्यों से सामाजिक संगठनों व लोगों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाए, मगर बीबीएमबी एक फूटी कौड़ी की मदद नहीं कर सकी, जबकि कैचमेंट एरिया प्लान में लोगों को सुविधाएं देना परियोजना की प्राथमिकता है। लोग इस वर्ष भी सहमे हुए हैं। ऐसे में बीएसएल परियोजना स्थापना दिवस महज एक औपचारिकता भर ही रह गया है।

परियोजना के स्टेक होल्डर्स को सुंदरनगर मुख्यालय से ही आमंत्रित किया जाता है। विस्थापितों को भी हर वर्ष विशेष निमंत्रण दिया जाता है। रही जमीन और रोजगार की बात तो ये बीबीएमबी की हाई पावर कमेटी के मसले हैं। इस पर वह कुछ नहीं कह सकते।

-विवेक चौपड़ा, पंडोह डैम वरिष्ठ अधिशासी अभियंता।

### आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

मंडी जिला की सबसे प्राचीन भगवान जगन्नाथ रथयात्रा सुंदरनगर का आयोजन आज रविवार दोपहर बाद किया जाएगा। इसके उपरांत 8 जुलाई को जंगमबाग में विश्राम करने के उपरांत 9 जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपने हंडेटी स्थित मंदिर के लिए वापस लौट जाएंगे। इस मौके पर 9 जुलाई को जंगमबाग में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।



भगवान जगन्नाथ का भव्य स्वरूप।

जानकारी देते हुए श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रधान सेवक रूपेश शर्मा ने बताया कि वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का भव्य आयोजन आज पूरी भव्यता के साथ किया जा रहा है।

भगवान जगन्नाथ महोत्सव के आयोजन के लिए जंगम बाग मंदिर निर्माण प्रबंधक कमेटी ने भी तैयारियां पूर्ण कर दी गई हैं।

### मंडी में भी निकलेगी रथयात्रा

**मंडी।** मंडी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा रविवार को पुरी की तर्ज पर निकली जाएगी। 29 जून से आठ जुलाई तक जगन्नाथ मंदिर में राम कथा का आयोजन चल रहा है। रथ यात्रा रविवार शाम चार बजे पड्डल स्थित जगन्नाथ मंदिर से चलेगी। इस पालकी में सुभद्रा, बलभद्र और भगवान जगन्नाथ जी की प्रतिमा के साथ भजन-कीर्तन मंडलियों द्वारा भव्य शोभा यात्रा शहर में होगी। यह यात्रा जगन्नाथ मंदिर पड्डल से बाबा भूतनाथ मंदिर चौहाटा और फिर शहर का चक्कर लगाती हुई पड्डल तक निकाली जाएगी।

### परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू

**अनिल, मंडी**

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 7 जुलाई को मंडी जिला के मुख्यालय में निजी सहायक तथा नर्सिंग ऑफिसर के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी।

परीक्षा के लिए राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी, राजकीय विजय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्वायज मंडी तथा कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मंडी में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सदर मंडी मुख्यालय के संबंधित परीक्षा केंद्रों के आसपास सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक धारा-144 लागू रहेगी।

एसडीएम सदर मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक कार्यक्रम, जुलूस, रैलियों, नारेबाजी, धरना प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा।

### रोहतक के पहलवान सोमीवीर ने जीती बड़ी माली



पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**आदर्श यादव, नेरचौक**

खंडपीठ माता हाटेश्वरी का मेला संपन्न हो गया। मेले के समापन पर छिंज कमेटी दियारगी द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो कि मेले का मुख्य आकर्षण रही। समापन समारोह की अध्यक्षता कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक लाल सिंह कौशल ने की। कुश्ती प्रतियोगिता की बड़ी माली हरियाणा रोहतक के नामी पहलवान सोमीवीर के नाम रही। छोटी माली दियारगी के विजय पहलवान के नाम रही। इस अवसर पर मुख्यातिथि लाल सिंह कौशल ने मेले के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### जल शक्ति विभाग का दस लाख का नुकसान

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** मूसलाधार बारिश के कारण सरकारी व गैर सरकारी संपत्ति के नुकसान होने को जानकारी सामने आई है। अकेले जल शक्ति विभाग को ही पेयजल योजनाओं के ध्वस्त होने से करीब 10 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

विभाग की छतर-दारट-बगला, कूडनू-जलकोटी, नौहली- बगवाड, नागन-भरोला,तथा नमेलरी पेयजल योजना प्रभावित हुई जिससे लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ा। शहर की पेयजल योजना भी करीब 8 घंटे बंदी रही।

### दुकान में घुसकर चोरी की घटना को दिया अंजाम

**उमेश, सुंदरनगर**

जिला मंडी के सुंदरनगर में चोरों के हौसले पूरी तरह से बुलंद है। अभी क्षेत्र में हुई लाखों रुपयों के गहनों की चोरी की वारदातें सुलझी नहीं थी कि बस स्टैंड में एक दुकानदार चोरी की घटना का शिकार हो गया है। मामले में पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर अज्ञात चोर ने मौके से कीमती सामान और धनराशि लेकर फरार हो गया है।

सूचना मिलते ही पीड़ित व्यक्ति ने मामले की शिकायत पुलिस थाना सुंदरनगर को देकर चोर को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर बस स्टैंड स्थित एक रेडीमेड और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में छत पर लगी सीलिंग शीट्स फाड़कर चोर ने घटना को अंजाम दिया है। चोर ने दुकान से लगभग 20 पेंट, आधा दर्जन से अधिक ब्लूटूथ डिवाइस (इयरबड्स) और 5-6 हजार कैश चोरी कर फरार हो गया है।

दुकानदार विनोद की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### जियो टावर से साइट व्हील जैक स्टैंड चोरी

**मंडी ।** पड्डल ग्राउंड में लगे जियो मोबाइल टावर से साइट व्हील जैक स्टैंड चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना सदर ने शिकायतकर्ता संजय कुमार पुत्र लालमन निवासी गांव रठोआ तहसील बल्ह जिला मंडी के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता जियो कंपनी के वेंडर कंपनी एरियल टेलीकॉम में बतौर टेक्नीशियन के पर तैनात है। उसने दो संदिग्ध लोगों को टावर से साइट व्हील जैक स्टैंड चोरी करते हुए पाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### प्रदेश की प्रगति में कांग्रेस की नीति और नियम की रही अहम भूमिका : राकेश

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

हिमाचल प्रदेश की प्रगति और उत्थान में, कांग्रेस पार्टी की नीति और नियम की बहुत बड़ी भूमिका रही है राष्ट्रीय स्तर पर भी कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और सोच, हमेशा प्रदेश और देश में सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए हमेशा वचनबद्ध रही है। यह बात प्रदेश कांग्रेस सचिव राकेश चौहान ने जारी बयान में कही।



उन्होंने कहा कि केंद्र में पूर्व की यूपीए सरकार में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा महिला सशक्तिकरण कानून को प्राथमिकता देते हुए और रोजगार के क्षेत्र में, मनरेगा जैसी विश्व में महत्वपूर्ण योजना को देश में लागू करना और विशेष तौर पर महिलाओं को उसमें रोजगार उपलब्ध कराना यह पार्टी की विचारधारा और नीति का ही जीता जागता सबूत है।

आज महिलाओं को जो 18 से लेकर 60 साल की आयु वाली है जो अपना फॉर्म भाजपा की दुष्प्रचार और गुमराह जैसी नीतियों के कारण नहीं भर पाई वह जयराम ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी को घेरे।(अनंत ज्ञान)

### स्पोकन इंग्लिश रोल प्ले में अपूर्वा, भावना और ध्रुव प्रथम

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

माइंड ऑपरेशन अकादमी जोगिंद्रनगर में चल रहे स्पोकन इंग्लिश कोर्स के रोल प्ले प्रतियोगिता में अपूर्वा ठाकुर भावना ठाकुर और ध्रुव ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया कोमल गौरव और रवि ने दूसरा व श्रेया हिमांशु और दीपक तीसरे स्थान पर रहे अकादमी के निदेशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा इस प्रतियोगिता में काफी बच्चों ने भाग लिया इन सभी बच्चों को मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला और सभी ने मेहनत करके अपने आप में सुधार लाया है। कोर्स में बच्चों के व्यक्तित्व का विकास किया जाता है जो बच्चे मंच पर आने से घबराते हैं उनकी घबराहट को दूर किया जाता है।

अगर युवाओं को बचाना है तो उन्हें पढ़ाई में और सकारात्मक चीजों में व्यस्त करना पड़ेगा तभी वे सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे चलकर जीवन में अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे उससे देश व समाज में सुधार होगा भविष्य में भी अकादमी बच्चों को कामयाब बनाने के लिए प्रयासरत रहेगी और अच्छे से अच्छी शिक्षा देने की कोशिश करेगी।(अनंत ज्ञान)



अकादमी के निदेशक राम प्रकाश ठाकुर विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

### काउंसलिंग के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में कैरियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग कार्यक्रम संचालित किया जाना है। इसके लिए विभाग द्वारा पूरी तैयारी की जा रही है।

कार्यक्रम के संचालन के लिए मुख्य स्रोत व्यक्ति तैयार किया जा रहे हैं। जिन्हें प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। 15 जुलाई को आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण के लिए उच्च शिक्षा विभाग के उप निदेशक की ओर से संबंधित शिक्षकों के प्रधानाचार्य को सूचित कर दिया गया है।

### अब क्रमिक अनशन शुरू करेगा बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ



बैठक के उपरांत बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ के सदस्य।

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सरकाघाट बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ की बैठक संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सरकार द्वारा शारीरिक शिक्षक के पदों को न भरने के बारे में चर्चा की गई। बेरोजगार शारीरिक शिक्षकों के द्वारा सरकार से आग्रह करने पर भी शारीरिक शिक्षकों के पदों को नहीं भरा जा रहा है। बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ कई बार मुख्यमंत्री व मंत्रियों से मिल चुका है लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, इसीलिए आगामी दिनों में क्रमिक अनशन पर बैठने का निर्णय लिया गया। संघ की आगामी बैठक 13 जुलाई को फिर से निश्चित की गई है। (अनंत ज्ञान)

**सहारा** | सामाजिक संगठनों ने 85 साल के बेसहारा बुजुर्ग को किया रेस्क्यू

# घाघस के देवली स्थित वृद्धाश्रम में शिफ्ट किया बुजुर्ग

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

संयुक्त व्यापार संगठन, आश्रय फाउंडेशन और मानव सेवा ट्रस्ट ने मानवता के प्रति अपना दायित्व बखूबी निभाते हुए भोजपुर बाजार से 85 साल के बेसहारा बुजुर्ग बहादुर को रेस्क्यू कर बिलासपुर के घाघस के देवली स्थित 'अपना घर वृद्धाश्रम' भेज दिया है। विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे नेपाली मूल के बुजुर्ग बहादुर अब वृधाश्रम में अपना जीवन व्यतीत करेंगे।

संयुक्त व्यापार संगठन के पदाधिकारी, मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश बंसल, रोटरी क्लब सुंदरनगर के प्रवीन अग्रवाल सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। व्यापार संगठन सुंदरनगर के संयोजक सुरेश कौशल ने बताया कि भोजपुर बाजार में खुले में रहने वाले बेसहारा 85 वर्षीय बुजुर्ग बहादुर 8 वर्ष की उम्र में नेपाल से सुंदरनगर बाजार में आए थे। बहादुर बाजार में 35 वर्षों तक एक मिठाई की दुकान में बर्तन धोकर अपना जीवन यापन करते थे। बहादुर 10 वर्षों के लिए कुल्लू चले गए। बहादुर कुल्लू में कार्य करने के बाद एक बार फिर भोजपुर बाजार वापस लौट आए। उन्होंने बताया कि बहादुर वर्तमान में मधुमेह और पीलिया रोग से ग्रसित है।

स्थानीय लोगों व सामाजिक संगठनों ने बुजुर्ग को रेस्क्यू कर बिलासपुर के घाघस के देवली स्थित मानव सेवा ट्रस्ट के 'अपना घर वृद्धाश्रम' भेज दिया है।(अनंत ज्ञान)



बेसहारा बुजुर्ग बहादुर को रेस्क्यू करते हुए संस्थाओं के सदस्य।

### बुजुर्गों का साथ छोड़ना गलत : प्रकाश

मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश बंसल ने बताया कि पूरा जीवन मजदूरी कराने के बाद अंतिम पड़ाव आने पर इंसान को छोड़ दिया जाता है। यह एक बहुत बुरी सामाजिक विडंबना है। अगर यह लोग काम करते हैं तो हम सब सुख का भोग पाते हैं।

ट्रस्ट द्वारा बुजुर्ग बहादुर को घाघस स्थित वृधाश्रम ले जाया गया है। इन्हें अलावा 20 अन्य लोग वहां पर रह रहे हैं। इनमें 6 लोग बुजुर्ग बहादुर की ही तरह सड़क पर सोने वाले हैं जिन्हें रेस्क्यू कर वृधाश्रम में रखा गया है।

### बुजुर्गों को निकालना समाज के लिए नहीं ठीक : अग्रवाल

रोटरी क्लब सुंदरनगर के जिला सेक्रेटरी प्रवीन अग्रवाल ने बताया कि बीते एक माह से बहादुर खुले में रहने को मजबूर थे। इसको सुंदरनगर के वृद्धाश्रम से भी संपर्क किया गया तो बिना आधार कार्ड के बहादुर को रखने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि बहादुर व्यापार मंडल सुंदरनगर के कार्यालय प्रांगण में 4-5 वर्षों से रह रहे थे लेकिन वहां से भी इन्हें निकाल दिया गया। प्रवीन अग्रवाल ने प्रशासन और लोगों से बेसहारा बुजुर्गों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की है।

### 16वीं जूनियर राष्ट्रीय डोजबॉल प्रतियोगिता शुरू

**विनोद, नेरचौक**

16वीं जूनियर राष्ट्रीय डोज वॉल चैंपियनशिप सुंदरनगर बीबीएमबी कॉलोनी मैदान में आयोजित की किया गया जिसका आरंभ हिमाचल ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने किया।

इस मौके पर डॉल वॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव पीएस बराड़, हिमाचल प्रदेश डोजबॉल संघ के अध्यक्ष बृजलाल, चेयरमैन संजय कुमार, महासचिव आरएस चौहान ने मुख्य अतिथि का शॉल और टोपी से सम्मानित किया और इनके साथ हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के म सुधीर धीमान को भी सम्मानित किया गया।

**22 राज्यों की टीमें ले रही भाग**

22 प्रदेशों के 600 के करीब खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट के साथ मुख्य अतिथि को सलामी दी। इस मौके पर सीरन संत निरंकारी मिशन के सुंदर नगर के संयोजक प्रेम सिंह धीमान सहित सभी प्रदेशों के सांगा के सचिव कोच और कई गई सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)





अध्यक्ष राजेंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए गणमान्य व (नीचे)मैदान में खिलाड़ी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वरोजगार पर आधारित प्रशिक्षण 10 से

**राजेश शर्मा, ऊना।** जूट बैग और कृत्रिम आभूषण निर्माण का प्रशिक्षण आगामी 10 जुलाई से पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी) ऊना में शुरू हो रहा है। इसमें ऊना जिले के 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक उम्मीदवार भाग ले सकते हैं तथा यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क है। इस संबंध में निदेशक पीएनबी आरसेटी ऊना पारूल विरडी ने बताया कि उम्मीदवारों को अपने आधारकार्ड, राशनकार्ड की फोटोकापी तथा तीन पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाने होंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क है तथा प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएंगे। इसके अलावा अपना काम शुरू करने के लिए बैंक से ऋण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### पेड़ों के कटान पर तुरंत रोक लगाने की मांग


संतोषगढ़ के युवा पौधरोपण का संदेश देते हुए।

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** संतोषगढ़ के युवाओं ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकारी व गैर सरकारी जगहों पर पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान गर्मी के मौसम में असहनीय तापमान में वृद्धि देखी जा रही है और पेड़ों के रखरखाव के अभाव के कारण एक बडा क्षेत्र पेड़-पौधों से वंचित हो गया है। प्रदेश सरकार से मांग की पेड़ों की कटाई को एक निश्चित अवधि के लिए रोका जाना चाहिए ताकि पर्यावरण और जलवायु को बचाया जा सके। इसी काम को अमलीजामा पहनाने के लिए संतोषगढ़ के युवाओं अक्षय कौशल, पिंटू चब्बा, अभी पूरी, सन्नी जगोता, दीपांशु, हनी, रामु, संजू पूरी आर्यन पूरी ने एक हजार पौधे रोपने का संकल्प लिया है। इन युवाओं ने स्कूल मैदान, पार्क, स्वां नदी के किनारे व अन्य सड़क मार्गो के किनारे पौधे रोपे जा रहे, वहीं युवाओं ने कहा कि इनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी हमारी होगी। अभय कौशल के द्वारा 100, सुनील शर्मा द्वारा दस, करण फौजी बहडाला द्वारा 15, सुंदन शर्मा बहडाला 10 पौधे का सहयोग किया गया। (अनंत ज्ञान)

### बाबा बालकनाथ मंदिर का स्थापना दिवस मनाया


बाबा बालक नाथ मंदिर टक्का में हवन यज्ञ करते आयोजक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** टक्का गांव के प्रसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान हवन यज्ञ करने के पश्चात यहां भंडारा लगाया गया। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों दीपक, सुनील, अमन, राहुल, रजनीश और नरोत्तम ने बताया कि कार्यक्रम में डेरा बाबा रुद्रानंद जी के महंत हेमानंद महाराज ने प्रवचन भी किए और हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### किन्नौर ने सिरमौर को चार विकेट से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** टी-20 प्रतियोगिता के तहत किन्नौर का मुकाबला सिरमौर के साथ बिलासपुर के ग्राउंड में खेला गया जिसमें सिरमौर की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 138 रन बनाए। रोहित कलीश ने 56 रन बनाए। किन्नौर के रवि राज ने चार खिलाड़ियों का आउट किया। किन्नौर के बल्लेबाजों में दिनेश ठाकुर ने टीम के लिए नाबाद 81 रन का योगदान दिया और टीम को जीत दिलाइ। किन्नौर की टीम ने अपना लक्ष्य 19 ओवर में प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज करवाई। इस प्रकार किन्नौर ने सिरमौर को चार विकेट से हराया। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा ने हमीरपुर को चार विकेट से दी मात

**संजीव पुरी, ऊना।** टी-20 प्रतियोगिता के तहत हमीरपुर का मुकाबला कांगड़ा के साथ बिलासपुर के ग्राउंड में खेला गया। मुकाबले में हमीरपुर की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 159 रन बनाए। अभिमन्यु राणा ने 43 रन का सर्वाधिक योगदान दिया। कांगड़ा के अर्पित गुलेरिया और रितिक ने 2-2 खिलाड़ियों को आउट किया। कांगड़ा के बल्लेबाजों में ऋतिवक ने 47 रन बनाए, जबकि मणि शर्मा ने 19, आकाश वशिष्ठ ने 41 रन नाबाद बनाए। कांगड़ा की टीम ने 19.5 ओवर में 6 विकेट खोकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। कांगड़ा ने हमीरपुर को चार विकेट से हराकर संघर्ष पूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

### बारिश का असर


ऊना जिला मुख्यालय के समीप कोटला खुर्द में सड़क पर अचानक सूखा पेड़ आ गिरा। कोई अनहोनी नहीं हुई, लेकिन मार्ग पर वाहन चालकों को जरूर समस्या हुई। (छाया : राजेश शर्मा)

## 'अनंत ज्ञान' में खबर छपने के बाद हरकत में आया प्रशासन

# बंगाणा बाजार में अतिक्रमण करने वालों को तीन दिन का अल्टीमेटम

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के तहत बंगाणा बाजार में अतिक्रमण हटाने के विभाग ने कमर कस ली है। अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसने के लिए प्रशासन ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। प्रशासन के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने बाजार के अतिक्रमणकारियों को विभागीय नोटिस भेज दिए हैं। इससे पहले महकमे की ओर से चेतावनी जारी की गई थी। विभाग ने नोटिस में दुकानदारों को तीन रोज का अल्टीमेटम दिया है।

बंगाणा लोक निर्माण विभाग उपमंडल के सहायक अभियंता कार्यालय द्वारा अतिक्रमण करने वालों को शुक्रवार को चेतावनी दी गई थी, लेकिन फिर भी दुकानदारों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की। शनिवार को भी अतिक्रमण वैसे ही रहा। शनिवार को अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी किए गए हैं।

तीन दिन का अल्टीमेटम देकर नोटिस जारी कर दिए गए हैं, अगर तीन दिन के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो कठोर कार्रवाई विभाग द्वारा की जाएगी। आपको बता दें कि बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अनंत ज्ञान ने प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्या बताई थी। इसमें स्थानीय लोगों और राहगीरों द्वारा बंगाणा बाजार में फुटपाथ पर दुकानें सजाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। ऐसे में दिन-प्रतिदिन दुकानदारों का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है।

फुटपाथ पर दुकानदार दुकान का सामान रख देते हैं। पहले भी कई बार दुकानदारों को बोला गया है कि वे अपना सामान सड़क तक न फैलाएं लेकिन फिर भी कुछ दुकानदार नहीं मानते हैं। इसे देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने भी सख्ती का फैसला लिया है। इन खबरों का संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है। इस निर्देश के तहत ही कार्रवाई शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि करीब चालीस दुकानदारों को नोटिस मिल भी चुके हैं। शनिवार को समाचार लिखे जाने तक नोटिस दिए जाने का सिलसिला जारी था। (अनंत ज्ञान)


अतिक्रमण से हर कोई परेशान

लोगों ने की प्रशासन से समस्या से छुटकारा दिलवाने की अपील

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

लोगों ने दी चेतावनी, कहा- नहीं तो होगा धरना-प्रदर्शन

दैनिक अनंत ज्ञान में प्रकाशित अतिक्रमण का समाचार।

## सोमलाल धीमान का शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक ऊना बनने पर किया सम्मान


सोमलाल धीमान को सम्मानित करते शिक्षक संगठन के सदस्य।

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

ऊना जिला के शिक्षा विभाग में जिला के वरिष्ठ प्रधानाचार्य सोमलाल धीमान को शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक का कार्यभार संभालने को लेकर ऊना जिले के विज्ञान अध्यापक संघ ने प्रधान रमेश कुमार मेहरा के नेतृत्व में मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनको फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित भी किया।

इस मौके पर जिला विज्ञान अध्यापक संघ द्वारा जिला शिक्षा उपनिदेशक सकेंडरी राजेंद्र कौशल से भी मुलाकात की गई और उनको गुलदस्ता भेंट कर उनके शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा उपनिदेशक पद पर सराहनीय कार्य के लिए शुभकामनाएं दी ओर विज्ञान अध्यापकों को पेश आ रही विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों के बारे में भी अवगत करवाया गया।

जिला विज्ञान अध्यापक संघ के अध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा ने कहा कि जिला विज्ञान अध्यापक संघ शिक्षा को ओर ज्यादा बढ़िया एवं सुदृढ़ बनाने को लेकर प्रारंभिक एवं सेकेंडरी दोनों शिक्षा उपनिदेशकों के साथ मिलकर कार्य करेगा।

इस मौके पर अध्यक्ष रमेश मेहरा के अलावा मुख्य अध्यापक सतबीर सिंह, विज्ञान पर्यवेक्षक राजन शर्मा, संघ के पदाधिकारियों में सतीश कुमार, बलबीर सिंह मनकोटिया, प्रीतम किसाना, कुलदीप राय चंदेल, अजय कंवर, सोमनाथ, नरेश कुमार तथा पूर्व विज्ञान पर्यवेक्षक संजीव लट्ठ सहित अन्य विज्ञान अध्यापक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम बंगाणा के नेतृत्व में पुलिस की संयुक्त टीम ने की नाकाबंदी

## वाहन चालकों को पढ़ाया पाठ, अवैध कब्जे हटाए

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**


बंगाणा में पुलिस टीम के साथ एसडीएम सोनू गोयल।


उपमंडल बंगाणा बाजार में उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा सोनू गोयल के साथ थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय की संयुक्त टीम ने शनिवार को बिगड़ैल चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया और चालान भी काटे।

एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने कहा कि बंगाणा बाजार उपमंडल या फिर बंगाणा बाजार में कोई हुडदंगबाजी सहन नहीं होगी और न ही यातायात नियमों के उलंघन करने वाले बख्शे जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ बनाया है। लेकिन दुकानदार या तो अपना सामान फुटपाथ पर रख रहे हैं या फिर अपनी दोपहिया गाड़ियों को फुटपाथ पर खड़ा कर रहे हैं। लेकिन अब कोई मनमानी नहीं चलेगी। उपमंडलाधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने थाना प्रभारी बंगाणा अनिल उपाध्याय को भी आदेश दिए हैं कि उपमंडल बंगाणा मुख्यालय पर कानून को अपने हाथ में लेने वालों को चाहे वे दुकानदार हैं या फिर गाड़ी चालक, उन पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। ताकि बंगाणा में न जाम की स्थिति बने और न ही अवैध कब्जे हों। बताते चले कि उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा सोनू गोयल ने पुलिस दस्ते के साथ शनिवार शाम पांच बजे बंगाणा दस्तक दी और दुकानदारों के पास जाकर अवैध कब्जों को लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

उपमंडलाधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने कहा कि बंगाणा चौक के दोनों छोर पर उना और हमीरपुर जाने वाली निजी और सरकारी वस का कोई ठहराव नही होगा। उसके लिए अलग जगह चयनित की जाएगी।

## मछली पकड़ने पर रोक लगाने से मछुआरों पर पड़ी बेकारी की मार

**विनोद शर्मा, लठियानी**


गोविंदसागर झील के किनारे बंधी बोट।

गोविंदसागर झील में मछली पकड़ने का प्रतिबंध होने के कारण मत्स्य पालन विभाग की चप्पे-चप्पे पर निगरानी है। यह रोक 15 जून से 15 अगस्त तक लगी हुई है। विभाग ने जगह-जगह अपने कर्मचारियों को तैनात किया हुआ है, ताकि कोई भी मछली का शिकार न कर सके।

उधर, मछली पकड़ने के कारोबार से जुड़े सैकड़ों लोग बेरोजगारी झेल रहे हैं। इन दो महीनों में उनके सामने परिवार का खर्चा चलाना कठिन है। मछुआरों की किश्तियां किनारे पर बंधी होने के कारण झील में रौनक भी गायब है, लेकिन मछुआरों को इस प्रकार के प्रतिबंध के दौरान कई वर्ष पहले कुछ सहायता राशि मिलती थी, परंतु अब कोई भी किसी भी प्रकार की राशि नहीं मिलती है।

इसकी वजह से मछुआरों को बहुत ही मुश्किलों का सामान करना पड़ रहा है। उन्हें परिवार का पालन-पोषण करना बहुत ही मुश्किल हो गया है क्योंकि कई मछुआए तो इसी व्यवसाय से अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

द लठियानी मत्स्य सभा के प्रधान व अन्य सदस्यों संतोष कुमार, राकेश कुमार, हरि सिंह, रमेश चंद ने बताया कि सहायता तो मिलती है। वह भी फरवरी, मार्च या कई बार देरी से मिलती है। जबकि मछुआरों को इस समय बहुत ही जरूरत होती है।

मत्स्य सभा के प्रधान सुशील कुमार व हरि सिंह ने कहा कि विभाग व सरकार से निवेदन है कि जो सहायता राशि देते हैं, उसे प्रतिबंध के दौरान ही दी जाए ताकि उन्हें कुछ राहत मिल सकते। इन लोगों ने सरकार से ऑफ सीजन में उन्हें बेरोजगारी भत्ता दिया जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### विधायक ने कम वोल्टेज की समस्या का स्थायी हल निकाला : शांडिल्य

**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** नगर पंचायत गगरेट के बाजार मे पिछले कई दिनों से लो वोल्टेज की समस्या का हल विधायक राकेश कालिया के निर्देशों के बाद हो गया है। आर्मी ग्राउंड के पास 100 केवीए क्षमता का ट्रांसफॉर्मर चालू कर दिया। गौर तलब है कि गर्मियां शुरू होने के बाद बीते कुछ महीनों से बिजली उपभोक्ताओं को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप बिजली तो मिल रही है किंतु लो-वोल्टेज और बिजली के घोषित कटों की समस्या से परेशान थे। स्थानीय दुकानदारों ने बीते दिनों विधायक राकेश कालिया को इस समस्या से अवगत कराया। इस अवसर पर युवा कल्याण बोर्ड के पूर्व निदेशक देवी लाल सांडिल ने कहा कि विधायक राकेश कालिया ने कम वोल्टेज की समस्या का स्थायी हल निकाला। विधायक का हम सभी स्थानीय गगरेट वासी और स्थानीय दुकानदार धन्यवाद करेंगे। (अनंत ज्ञान)



## अंब में 30 लोगों को सहायता राशि के चेक किए वितरित


चिंतपूर्णी के विधायक लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए।

**विवेक शर्मा, अंब**

लोक निर्माण विभाग अंब के विश्राम गृह में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह ने क्षेत्र के गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को मेडिकल सहायता व गरीब परिवारों से संबंधित बेटियों की शादी के लिए सात लाख रुपए की सहायता राशि के चेक वितरित किए।

विधायक सुदर्शन सिंह ने कहा कि क्षेत्र में निर्धन एवं जरूरतमंद परिवारों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार हरसंभव सहायता उपलब्ध करवा रही है। कांग्रेस सरकार द्वारा महज 15 माह के कार्यकाल में ही करोड़ों रुपए की आर्थिक सहायता जरूरतमंद परिवारों को वितरित की जा चुकी है, तो वहीं निर्धन परिवारों की बेटियों को शादी के लिए माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर न्यास के माध्यम से हर प्रकार की सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बेटी की शादी के लिए पहले केवल 15 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती थी, लेकिन वह इसे बढ़ाकर 25 हजार रुपए कर दिया गया है। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस चिंतपूर्णी के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य नरेश बरोटिया, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राघव ठाकुर, उपाध्यक्ष तनुज ठाकुर, कांग्रेस शहरी इकाई अंब के प्रधान धर्मिंद्र कुमार बिल्ला, पार्षद रितेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सोलन ने बिलासपुर को 10 विकेट से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** टी-20 प्रतियोगिता के तहत बिलासपुर का मुकाबला सोलन के साथ अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम नादौन के मैदान में खेला गया। इसमें बिलासपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.5 ओवर में 10 विकेट पर 70 रन बनाए, अमित रघु ने 10 रन बनाए, दिग्विजय सिंह ने 23 रन बनाए, अभिनय कनवर ने 10 रन बनाए, बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका।

सोलन के जोगिंद्र शर्मा ने तीन, विपिन और मोहम्मद सोहराब ने 2-2 खिलाड़ियों को आउट किया। राहुल कुमार ने एक खिलाड़ी को आउट किया और दो खिलाड़ी रन आउट हुए। सोलन की टीम ने बिना विकेट खोए 10.1 ओवर में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया और 10 विकेट से मैच को जीतकर शानदार जीत दर्ज करवाई। सोलन के बल्लेबाज शुभम नेगी ने नाबाद 27 रन बनाए, अपनी पारी में चार चौके लगाए, प्रशांत चोपड़ा ने नाबाद 38 रन बनाए। अपनी पारी में 6 चौके लगाए। सोलन ने बिलासपुर को 10 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)




**आयोजन** भाजपा के संस्थापक मुखर्जी की जयंती पर कुटलैहड़ भाजपा ने 'एक पेड़ मां के नाम योजना' का किया शुभारंभ

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पार्टी के प्रति बलिदान को पूरा देश करता है नमन : भुट्टो

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**


श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी व अन्य।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा मंडल द्वारा भाजपा के संस्थापक रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर गोशाला थाना खास में कार्यक्रम रखा। इसमें पूर्व विधायक एवं कुटलैहड़ भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने शिरकत की और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

वहीं, कार्यक्रम में पूर्व में जिला अध्यक्ष रहे मनोहर लाल शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पॉल शर्मा विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे। पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो तथा भारतीय जनता पार्टी मंडल कुटलैहड़ की ओर से थानाखास गोशाला में देश की एकता के सूत्रधार महान चिंतक, जनसंघ के संस्थापक आदरणीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का बहुत ही सफल आयोजन किया गया। इसमं मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व जिलाध्यक्ष तथा वर्तमान में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मनोहर लाल शर्मा ने शिरकत की।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत हुआ तथा इसके बाद मुख्य अतिथि के साथ सभी कार्यकर्ता और पूर्व विधायक ने मिलकर लगभग 50 पौधे लगाए। पौधे लगाने के उपरांत कार्यक्रम की शुरुआत हुई। भुट्टो ने कहा कि श्री मुखर्जी 33 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए और विश्व का सबसे युवा कुलपति होने का सम्मान प्राप्त किया। श्री मुखर्जी 1938 तक इस पद को सुशोभित करते रहे।

अपने कार्यकाल में उन्होंने अनेक रचनात्मक सुधार किए। मंत्रिमंडल से त्याग पत्र दे दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर-संघचालक गुरु गोलवलकर जी से परामर्श लेकर श्री मुखर्जी ने 21 अक्तूबर 1951 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की। डॉ. मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर के विलय के दृढ़ समर्थक थे। उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को भारत के बाल्कनीकरण की संज्ञा दी थी। अनुच्छेद 370 के राष्ट्रघातक प्रावधानों को हटाने के लिए भारतीय जनसंघ ने हिन्दू महासभा और रामराज्य परिषद के साथ सत्याग्रह आरंभ किया। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके पदचिन्हों पर चलने का आवाहन किया।

### मुखर्जी की जीवनी से प्रेरित होकर कार्य करें युवा: मनोहर

मनोहर लाल शर्मा ने कहा कि श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पदचिन्हों पर चलकर कुटलैहड़ का हर भाजपा कार्यकर्ता भाजपा की मजबूती के लिए काम करे। उन्होंने कहा कि हम सभी पार्टी के सच्चे सिपाही हैं और कुटलैहड़ में पार्टी को मजबूत करने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे। शर्मा ने कहा कि आदरणीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवानी आज भाजपा के हर कार्यकर्ता को पार्टी के प्रति बफादारी और ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित करती है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' योजना को करें सार्थक : कृष्ण

जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु प्रधानमंत्री के अभियान की सराहना करते हुए सभी को पेड़ लगाने को प्रेरित किया। उन्होंने भी पार्टी के साथ रहने की प्रतिबद्धता दिखाते हुए अपने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के काले पानी के जेलों के बारे में विस्तार से बताया। शर्मा ने कहा कि आज अगर भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है, तो उसने श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे बलिदानों के पार्टी के प्रति बलिदान से भाजपा को संजीवनी मिली है। और आज देश नहीं, बल्कि दुनिया में भाजपा का डंका बज रहा है।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर रिटायर्ड प्रिंसिपल योगराज, कुटलैहड़ मंडल के महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, पूर्व प्रधान अजय शर्मा, प्रधान महेंद्र राणा, प्रधान चंद्र प्रकाश शर्मा, उपप्रधान अरुण मनकोटिया, उपप्रधान भूषण शर्मा, शिशन ठाकुर, सुरेश ठाकुर, विजय शर्मा विजू, पंकज शर्मा, संजीव ठाकुर, हनीश शर्मा, रोहित ठाकुर, कुशल सिंह, वशिष्ठ शर्मा, विजय कुमार, कृष्ण चंद्र, मुकेश कुमार, राम मूर्ति शर्मा, सतीश कुमार,चंदन सहित युवा मोर्चा से अभय राणा उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 'गीतू झेचिए' एलबम मचा रही धूम

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** हाल ही में यू-ट्यूब में रिलीज हुई पहाड़ी गीतों पर आधारित एलबम 'गीतू झेचिए' ने इन दिनों धूम मचा रखी है। वीके प्रोडेक्शन के बैनर तले बनी इस खूबसूरत एलबम में लोकगायक करन राठौर तथा सह-गायिका सोनिया ने बेहतरीन आवाज दी है। इस एलबम के संगीतकार योगी चौहान हैं। इस एलबम के मुख्य गायक करन राठौर ने बताया कि उन्होंने इससे पूर्व भी अनेक बेहतरीन गाने रिकॉर्ड किए हैं तथा लोगों का बखूबी मनोरंजन कर रहे हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य पहाड़ी संस्कृति का संरक्षित रखना है। करन ने बताया कि वर्तमान में समय में पहाड़ी बोली बोलने वालों की संख्या प्रतिदिन कम होती जा रही है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि 'आपणी बोली-आपणा देश' की कहावत को चरितार्थ करने में बहुमूल्य योगदान दें। उन्होंने समस्जनों से यू-ट्यूब पर गीतू झेचिए एलबम को देखने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### एसएसबी गुरिल्ला संघ की मासिक बैठक आठ को

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संघ कुल्लू की मासिक बैठक आठ जुलाई को कुल्लू के ढालपुर मैदान में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष प्रेम राणा करेंगे, जबकि राष्ट्रीय चेयरमैन प्रीतम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रेम राणा ने बताया कि नौ जुलाई को केस की सुनवाई है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में केस से जुड़े सभी गुरिल्ला और सभी सदस्य भाग लें, ताकि गुरिल्लाओं से जुड़े केस को लेकर विस्तृत चर्चा की जा सके। (अनंत ज्ञान)

### कुशवा में दंपती की पैर फिसलने से मौत

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** जिला कुल्लू के निरमंड उपमंडल के कुशवा पंचायत के गांव किमचा में गत दिन एक दर्दनाक हादसा पेश आया। इस हादसे में पति, प ी की पैर फिसलने से मौत हो गई है। यह हादसा शुक्रवार सुबह उस वक्त पेश आया, जब यह दंपती घूमने निकले थे। दंपती की पहचान भगवान दास पुत्र दया राम (25 वर्ष) और इसकी पत्नी कपिला देवी (23 वर्ष) निवासी धार किमचा डाकघर कुशवा के रूप में हुई है। एक ही घर से दो लाशें बिछने से पूरे गांव में शोक की लहर है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर लिए हैं और मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के साथ सटी खराहल घाटी के शिवम स्वयं सहायता समूह धारठ की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शनिवार को धारठ में बावड़ी, बिजली महादेव मंदिर रास्ते व गांव की ओर जाने वाले रास्ते की साफ-सफाई की और लोगों को जागरूक करने के साथ ही स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान महिलाओं ने सफाई करने के साथ ही कूड़े व प्लास्टिक को एकत्र किया। इस दौरान समूह की प्रधान तिलकू, सचिव तिलकू देवी, विद्या देवी, अनिता, आली देवी, किरना, निमा सहित अन्य सदस्यों ने स्वच्छ भारत अभियान में अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर समूह की प्रधान तिलकू ने बताया कि शिवम स्वयं सहायता समूह की ओर से समय-समय पर स्वच्छता सहित पौधरोपण व अन्य अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपने आसपास साफ-सफाई की अपील की। (अनंत ज्ञान)

### 100 दिनों तक होंगी विभिन्न गतिविधियां : डॉ. पद्म देव

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला केंद्रित योजनाओं पर मिशन शक्ति के अंतर्गत संकल्प-हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वुमेन स्कीम के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 21 जून से चार अक्तूबर तक चलेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पद्म देव शर्मा ने बताया कि कुल्लू में यह अभियान 21 से शुरू हो गया है, जिसमें अब तक 3 सप्ताह की गतिविधियां आयोजित करवाई जा चुकी हैं, जिसमें 21 जून 23 जून तक जिले के सभी खंड स्तर पर, वृत स्तर पर, पंचायत स्तर पर व आंगनबाड़ी स्तर पर 100 दिवसीय पहल का शुभारंभ किया गया। 24 से 28 जून तक बेटी पढ़ाओ सप्ताह व एक जुलाई से पांच जुलाई तक भारतीय न्याय संहिता सप्ताह मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले भर में पात्र लड़कियों व महिलाओं को सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ मिल पाएं तथा वह अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सके। इसी कड़ी में जिले में खंड स्तर, वृत स्तर, पंचायत स्तर व आंगनबाड़ी स्तर पर आठ से 14 जुलाई से मातृत्व लाभ सप्ताह, 15 से 19 जुलाई तक मिशन शक्ति पंजीकृत सप्ताह, 22 से 26 जुलाई तक महिला केंद्रित कानून, 29 से 2 अगस्त तक सामुदायिक भागीदारी सप्ताह, 5 से 9 अगस्त तक लिंग संवेदीकरण सप्ताह, 12 से 16 अगस्त तक 'बेटी बचाओ बेटी पढाओ' आदि सप्ताह मनाए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)


# पर्यटन स्थलों में पर्यटकों से छाई रौनक

## पंजाब व हरियाणा के पर्यटकों की संख्या अधिक, 15 जुलाई तक कारोबार बेहतर रहने की उम्मीद

**कमलेश वर्मा, मनाली/केलांग**

प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों से रौनक छाई हुई है। बरसात के चलते हालांकि आक्यूपेंसी घटी है, लेकिन बाहरी राज्यों से पर्यटकों का आना अभी भी जारी है।

जून के पहले सप्ताह बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटक वाहनों की आमद घटकर 500 रह गई थी, लेकिन सप्ताहांत के चलते आंकड़ा बढ़ गया है। शुक्रवार व शनिवार को यह आंकड़ा 1700 के पार हो गया। इन दिनों पंजाब, दिल्ली व हरियाणा के पर्यटकों की संख्या अधिक है। हालांकि पर्यटन कारोबार बरसात पर निर्भर है, लेकिन 15 जुलाई तक कारोबार बेहतर रहने की उम्मीद है। सप्ताहांत के चलते शनिवार को मनाली के होटलों में आक्यूपेंसी 55 प्रतिशत पहुंच गई। शनिवार को रोहतांग में बर्फ के दीदार को पर्यटकों का मेला लग गया। दिन भर परमिट प्राप्त 449 पर्यटक वाहन रोहतांग पहुंचे। होटल कारोबारी प्रदीप व रमन ने बताया कि सप्ताहांत के चलते पर्यटकों से रौनक छाई हुई है। शुक्रवार व शनिवार को होटलों में आक्यूपेंसी 55 प्रतिशत पहुंच गई है। रोहतांग के पर्यटन कारोबारी तुला व रवि ने बताया कि पर्यटन कारोबार कम हुआ है, लेकिन रौनक बरकरार है। उधर, एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि शनिवार को 216 डीजल इंजन, जबकि 238 पेट्रोल इंजन वाहनों के परमिट बुक हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड में चहल कदमी करते हुए पर्यटक।

### रोहतांग सहित ऊंची चोटियों में गिरे बर्फ के फाहे

रोहतांग दर्रे सहित ऊंची चोटियों में शनिवार को दूसरे दिन भी सुबह बर्फ के फाहे गिरे। वहीं, मनाली व लाहौल घाटी सहित कुल्लू जिले के कुछ स्थानों में बारिश हुई। सुबह 11 बजे के बाद धूप खिली। सुबह के समय रोहतांग, चंद्रताल, शिंकुला, बारालाचा दर्रे के ऊंचाई वाले क्षेत्रों सहित लेडी ओफ केलांग, मकरवेद व शिकरवेद, छोटा व बड़ा शिग्रि ग्लेशियर सहित समस्त ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ के फाहे गिरे।

# पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ असभ्य व्यवहार करने वालों को मिले सजा : कमलेश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



पश्चिम बंगाल के संदेशखाली, कूचबिहार और उत्तर दिनाजपुर (चोपरा) में हुई घटना से अत्यंत व्यथित होकर निर्मात्री न्यास हिमाचल प्रदेश ने नारी सम्मान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

इस बेहद गंभीर मामले पर पूरे प्रदेश के सभी जिलों में निर्मात्री न्यास की महिलाओं ने प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपे। साथ ही प्रदेश स्तर में प्रदेश संयोजिका की ओर से राज्यपाल के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ज्ञापन सौंपा। इसी कड़ी में कुल्लू संयोजिका कमलेश शर्मा की अध्यक्षता में एडीएम कुल्लू के माध्यम से राज्यपाल को भी ज्ञापन सौंपा। कमलेश शर्मा ने बताया कि पश्चिम बंगाल में दिन-प्रतिदिन महिलाओं की बिगड़ती हुई स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। कानून और व्यवस्था केवल शब्दकोष तक सिमटकर रह गई हो, ऐसा प्रतीत होने लगा है। संदेशखाली, कूचबिहार और उत्तर दिनाजपुर की घटना सभ्य समाज का मस्तक लज्जा से झुका देने वाली हैं। निरीह, निरपराध नागरिकों का और विशेषत महिलाओं का शोषण और दर्दनाक उत्पीड़न सर्वथा निंदनीय है। भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ाने वाली यह घटनाएं तालिबानी शासन का स्मरण करवाती हैं। एक महिला मुख्यमंत्री के होते हुए भी महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार और अपमान से सब महिलाएं अत्यंत व्यथित हैं और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह से निवेदन करती हैं कि पश्चिम बंगाल में हुई सभी घटनाओं के पूरे मामले में हस्तक्षेप करें तथा घटना की न्यायिक जांच करवाएं। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा का शीर्ष नेतृत्व धनबल से सरकारों को गिराने की करता साजिश : इंदु पटियाल

**शीला कौल, बंजार**



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता इंदु पटियाल ने कहा कि प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों के तीन आजाद उम्मीदवारों द्वारा दिए गए त्यागपत्र का कारण भाजपा द्वारा हिमाचल सरकार गिराने के लिए आप्रेशन लोटस रहा है, जिससे मात्र 15 माह बाद ही प्रदेश को उपचुनावों की परीक्षा से गुजरना पड़ा।

उन्होंने कहा कि ये तीनों विधायक बताएं कि यदि जनता ने उन्हें आजाद चुन कर भेजा था, तो भाजपा ने ऐसी क्या घुट्टी पिला दी कि उन्हें जनादेश के आगे भाजपा का प्रलोभन भाया। प्रदेश की जनता असमय चुनावों में झोकने के लिए और प्रदेश पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ तले डुबोने के लिए कभी माफ नहीं करेगी। ये 21वीं सदी की जागरूक जनता है, भाजपा का सफेद झूठ सब के सामने है। काठ की हांडी बार-बार नहीं पकती। इंदु पटियाल ने कहा कि प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार जन-जन के लिए बेहतर निर्णय ले रही है और अपनी विकासात्मक सोच को धरातल पर उतारने का पूरा प्रयास कर रही है। इसीलिए हाल ही में छह सीटों पर हुए चुनावों में चार पर कांग्रेस ने विजय परचम लहराया है और अब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में नालागढ़ से बाबा हरदीप, हमीरपुर से डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा और देहरा से कमलेश ठाकुर जीत दर्ज करेंगे।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि ये जीत जनबल की होगी, जबकि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व धनबल से सरकारों को गिराने की साजिश कर भाजपा को सत्तासीन करने की कोशिश करता रहा है। (अनंत ज्ञान)

# लाहौल-स्पीति के प्रवास पर रहेगी विधानसभा की अधीनस्थ विधायन समिति : राहुल कुमार

**कमलेश वर्मा, केलांग**



अधीनस्थ विधायन समिति के जिले में प्रवास के दौरान आवश्यक प्रबंधों को लेकर आयोजित विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ डीसी लाहौल-स्पीति चर्चा करते हुए।

डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि प्रदेश विधानसभा की अधीनस्थ विधायन समिति 21 से 23 जुलाई तक लाहौल-स्पीति दौरे पर रहेगी।

डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने शनिवार को अधीनस्थ विधायन समिति के जिले में प्रवास के दौरान आवश्यक प्रबंधों को लेकर विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ केलांग में बैठक की। इस दौरान डीसी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा की अधीनस्थ विधायन समिति 21 से 23 जुलाई तक लाहौल-स्पीति के प्रवास पर रहेंगी और विभिन्न स्थलों का दौरा करेगी और जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर गत तीन वर्षों के दौरान करवाए गए विकास कार्यों का वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियों का भी जायजा लेगी। सभापति विनय कुमार हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष हैं तथा अन्य सदस्यों में पवन कुमार काजल, सुरेंद्र शौरी, रीना कश्यप, भुवनेश्वर गौड़, पूर्ण चंद्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर, सुरेश कुमार, विनोद सुल्तानपुरी बतौर सदस्य के रूप में जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम के मुताबिक अधीनस्थ विधायन समिति 21 जुलाई को दोपहर 3:30 बजे ताबो पहुंचेगी और जनहित में स्थानीय क्षेत्र का दौरा करेगी और समिति का रात्रि ठहराव काजा में रहेगा। 22 जुलाई को अधीनस्थ विधायन समिति काजा की पिन वैली का भी दौरा करेगी और दोपहर बाद केलांग मुख्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ गत 3 वर्षों के दौरान करवाए गए कार्यों और इस वित्तीय वर्ष के दौरान करवाए जा रहे विकासात्मक कार्यों का भी जायजा लेगी। (अनंत ज्ञान)

# विकास खंडों की पंचायतों में 14 को विशेष ग्राम सभा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** डीसी, कुल्लू तोरूल एस रवीश ने कुल्लू जिले के समस्त विकास खंडों की पंचायतों में 14 जूलाई को विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के आदेश जारी किए। निदेशक प्रदेश पंचायतीराज विभाग सरकार के निर्देश अनुसार स्वच्छ भारत अभियान के मार्ग दर्शिका के अनुसार ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों के लिए मानकों जैसे कि ठोस व तरल कचरा प्रबंधन, गंदला जल प्रबंधन, सड़ने वाले कचरा का प्रबंधन तथा प्लास्टिक कचरा आदि का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाना है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल गांव घोषित करने के लिए विशेष ग्राम सभा आयोजित की जानी है। डीसी ने इसलिए कुल्लू के समस्त विकास खंडों की पंचायतों में 14 जूलाई को विशेष ग्रामसभा आयोजित करवाने के आदेश जारी किए। (अनंत ज्ञान)

# रोटरी आई हॉस्पिटल कई साल से समाजसेवा के कार्यों में निभा रहा भूमिका : तोरुल एस रवीश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने रोटरी आई हॉस्पिटल बजौरा के नये भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीसी ने रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

रोटरी आई हॉस्पिटल पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में आम जनमानस के लिए नई सुविधाओं से लैस नये भवन में स्थानांतरित किया जाना अति सराहनीय कदम है, जिससे जरूरतमंद लोगों को कम खर्चे पर आंखों के इलाज की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर हॉस्पिटल के चेयरमैन रोटेरियन विकास कुमार, रोटरी क्लब कुल्लू के अध्यक्ष रोटेरियन अंशुल पराशर व गवर्निंग बॉडी के सभी सदस्य रोटरी फाउंडर मेंबर रोटेरियन वीके कपूर, रोटेरियन इंदीवर मेहता, रोटेरियन राजीव के सिंह, रोटेरियन नवीन सोनी, रोटेरियन राजेश सूद, रोटेरियन अमन भल्ला आदि उपस्थित रहे। आंखों के विशेषज्ञ डॉक्टर परिमल ने कहा कि रोटरी आई हॉस्पिटल बजौरा में आंखों के रेटिना स्कैन मशीनजापान से आयात की है, जिसकी सुविधा बहुत ही कम कीमत में रोटरी हॉस्पिटल बजौरा में उपलब्ध है। इसके इलावा इलाके के लिए भी सुविधा बहुत ही कम कीमत में उपलब्ध की जा रही है, जिसके लिए लोगों को मारंडा या पीजीआई चंडीगढ़ जाना पड़ता था। अब यह सुविधा अब रोटरी आई हॉस्पिटल में कम कीमत पर उपलब्ध है। (अनंत ज्ञान)

# गुमशुदा युवा का सेब के बगीचे में पेड़ पर लटका मिला शव

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू के पतलीकूहल थाने के अंतर्गत युवक द्वारा फंदा लगाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार युवक चार दिन पहले घर से नग्गर स्कूल गया था, लेकिन स्कूल से घर नहीं लौटा।

युवक की पहचान शुभम पुत्र इंद्र सिंह गांव रूमसु डाकखाना नग्गर उम्र 15 साल के रूप में हुई है। दो जुलाई से परिजनों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से भी शुभम को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा था। पतलीकूहल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह पुलिस को युवक के फंदा लगाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची, जहां मृतक सेब के बगीचे में पेड़ पर लटका हुआ पाया गया। पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू ले जाया गया। थाना प्रभारी राजीव लखनपाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि परिवार द्वारा दिए गए बयान के अनुसार युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। पुलिस हर मामले को ध्यान में रखते हुए तहकीकात कर रही है। (अनंत ज्ञान)






# जूनोटिक रोगों के बारे में दी जानकारी

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**



क्षेत्रीय अस्पताल में स्थित सभागार में विश्व जूनोसिस दिवस मनाती हुई स्वास्थ्य कर्मी एवं स्टूडेंट्स।

कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में स्थित सभागार में विश्व जूनोसिस दिवस मनाया गया।

शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय विश्व जूनोसिस दिवस छह जुलाई, 2024 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी कुल्लू डॉ. उषा ठाकुर की उपस्थिति में जिला क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में मनाया गया। इस सेमिनार में डॉ. उषा ने जूनोटिक रोगों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि ये बीमारी जानवरों और मनुष्यों के बीच फैलने वाला संक्रमण या बीमारी है। अकसर जाने-अनजाने में एक प्रजाति से दूसरे प्रजाति के बीच फैलने वाले संक्रमण से गंभीर बीमारी होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने जेनोसिस दिवस को मनाने के बारे में जानकारी देते हुए बताया आज के दिन छह जुलाई 1985 को फ्रांसीसी जीव विज्ञानी लुई पॉश्चर ने रैबीज के विरुद्ध टिके की पहली खुराक दी थी, इसीलिए इस दिन को विश्व जेनोसिस दिवस के रूप में मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक जूनोसिस रोग जनक बैक्टीरिया, वाइरल या पैरा साइटिक से हो सकते हैं और ये बीमारी सीधे संपर्क में आने से, खाने से ओर पानी और पर्यावरण के माध्यम से भी हो सकता है। इसका उदाहरण मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी भी है। (अनंत ज्ञान)

# कुल्लू में खोला जाए मेडिकल कॉलेज : छविंद्र ठाकुर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



कुल्लू जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता छविंद्र ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कुल्लू- मनाली के मध्य एक मेडिकल कॉलेज व मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल खोलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान कुल्लू, लौहल तथा पांगी शेष विश्व से कट सी जाती हैं।

कुल्लू से दिल्ली व चंडीगढ़ के लिए हवाई सेवा भी बरसात के दौरान ठप हो जाती है, ऐसे में आपातकाल में मरीजों को मंडी व प्रदेश के बाहर ले जाना कठिन हो जाता है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के निर्माण के लिए कुल्लू व मनाली के बीच भले ही निजी भूमि अधिग्रहण की जरूरत पड़े तो कर ली जाए, ताकि बरसात के दौरान व आपात स्थिति में कुल्लू, मनाली, लौहल तथा पांगी घाटियों के लोगों को सुविधा प्राप्त हो सके।

**समाधान** पंचायत समिति आनी की साधारण त्रैमासिक बैठक में विभिन्न समस्याओं पर किया गया विचार-विमर्श

# मानसून के दौरान सभी विभाग तालमेल से करें कार्य : विजय

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**



पंचायत समिति आनी की त्रैमासिक बैठक के दौरान विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए।

मानसून के दौरान आनी उपमंडल के विभिन्न विभाग तालमेल से कार्य कर जनता की समस्याओं का समाधान करें।

बिजली, लोक निर्माण विभाग, एनएच और आईपीएच विभाग विशेष तौर पर प्राथमिकता के आधार पर संबंधित सेवाओं को बहाल करने का कार्य करें। आनी में पंचायत समिति की साधारण त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति की अध्यक्ष विजय कंवर ने संबंधित विभागों से यह अपील की। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान नुकसान आदि का जायजा लेने के लिए राजस्व विभाग तत्परता दिखाएं और लोगों के नुकसान की भरपाई जल्द नियमों के अनुसार करना भी विभाग सुनिश्चित करें। इस मौके पर उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि बैठक में उपस्थित होना भी सुनिश्चित करें, ताकि आवश्यक मामलों में आगामी कार्रवाई की जा सके। बैठक में पंचायत समिति के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर सदस्यों के समक्ष जानकारी प्रदान की गई कि पंचायत समितियों की परिसंपत्तियों, गेस्ट हाउस के चार कमरे, कार पार्किंग और मुख्यमंत्री लोक भवन के शटर को किराये पर दिया जाना है। इनके लिए खुली बोली का आयोजन 11 जुलाई को 11.30 बजे किया जाना है। इसकी अध्यक्षता एसडीएम आनी करेंगे। संपत्तियां एक साल तक किराये पर दी जानी हैं। इच्छुक बोलीदाता उक्त तिथि को उक्त समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

बैठक में पूर्व में लाए गए प्रस्तावों को हटाने और जारी रखने का मामला पेश किया गया। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों की बिजली, पानी और सड़क के कुछ प्रस्तावों को जारी रखने और कुछ प्रस्तावों को हटाने पर सहमति बनी। आनी में सब्जी के मनमाने दामों, रेट लिस्ट लगाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। संबंधित विभाग को इस संबंध में रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए गए। सब्जी की गुणवत्ता पर भी बैठक में सवाल उठाया गया। गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर फूड सेफ्टी ऑफिसर को भी निर्देश देने पर सहमति जताई गई। डूगा शिगान उठाऊ पेयजल योजना, राणाबाग क्षेत्र की पेयजल योजना, शिल्ली, च्वाई और गुगरा आदि की पेयजल योजना में संबंधित बीडीसी सदस्यों द्वारा मामला उठाए जाने पर विभागों से जवाब तलब किया गया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्गा मंदिर परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**आशीष, दाड़लाघाट।** धुंदन पंचायत के दुर्गा मंदिर परिसर में विकास समिति के सहयोग से मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल मोहाली की ओर से रविवार सात जुलाई को एकदिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह दस से शाम चार बजे तक चलेगा। आयोजन समिति के सदस्य राजेंद्र और नीलकमल गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा परामर्श और जांच सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिनमें ऑर्थोपेडिक, ब्लड प्रेशर, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, ईसीजी, बीएमडी, बुखार, अनियमित ब्लड शुगर और वजन की जांच शामिल है। यह शिविर स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। यह शिविर समिति के सदस्यों नरेंद्र कपिल, रूपलाल वर्मा, राम स्वरूप कपिल, अनिल कपिल, गौतम कपिल, कर्मचंद ठाकुर और देवेंद्र पाल सहित समस्त सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। समिति ने सभी स्थानीय निवासियों से इस अवसर का लाभ उठाने और स्वास्थ्य जांच के लिए समय पर पहुंचने का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)

### नशाबंदी के बाद अन्य कुरीतियों पर किया मंथन

**एसपी जैरथ, नाहन।** टिटियाना पंचायत में महिलाओं ने महासू देवता के मंदिर प्रांगण में एक विशेष बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता पंचायत प्रधान पार्वती शर्मा ने की। बैठक में गांव की लगभग 120 महिलाओं ने भाग लिया। इसके साथ बैठक में मंदिर समिति, प्रजा समिति तथा नव युवक मंडल के सदस्यों ने भी भाग लिया। प्रजा समिति के उपाध्यक्ष मायाराम शर्मा ने बताया कि पंचायत टिटियाना में पिछले 15 वर्षों से पूर्ण रूप से नशाबंदी लागू है। गांव में किसी भी प्रकार के शादी, विवाह या पार्टी में शराब परोसने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। गांव में जुआ खेलने या किसी भी प्रकार का नशा बेचने पर 5000 का जुर्माना लगाया जाता है, उसके बाद भी अगर वह नहीं मानता है, तो पुलिस में केस किया जाता है। गांव में नशे और जुए पर प्रतिबंध से गांव में बहुत सुधार देखने को मिल रहा है। खासकर युवा पीढ़ी को नशे से बचाने में यह पहल बहुत कामयाब रही। बैठक में महिला मंडल अध्यक्ष मनसो देवी, बबिता देवी, इंदिरा देवी, सत्या देवी, पूर्व प्रधान जयंती शर्मा, कौशल्या देवी, सुखा देवी, रीना शर्मा, आशा देवी, निर्मला देवी, नीमा देवी, नीलम देवी, सुमित्रा देवी आदि महिलाओं ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### मतदान केंद्र 87 दत्तोवाल-2 के भवन में परिवर्तन

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने बताया कि 51-नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के दृष्टिगत मतदान केंद्र 87 दत्तोवाल-2 जो राजकीय प्राथमिक पाठशाला दत्तोवाल (पश्चिमी भाग) में जर्जर हालत में स्थित था, स्कूल प्रशासन की ओर से गिरा दिया गया है। अब इस मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला दत्तोवाल के परिसर में ही स्थित दूसरे भवन (दक्षिण भाग) में परिवर्तित किया गया है। इस बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### नकदी फसल के नहीं मिलते उचित दाम : तंवर

**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर में लहसुन, अदरक समेत नकदी सब्जियों की बंपर पैदावार होती है, लेकिन किसानों को उनकी नकदी फसलों के उचित मूल्य नहीं मिलते। किसानों को अपनी नकदी फसलों को स्टोर करने की सुविधा भी प्रदेश सरकार ने आज तक नहीं दी है। हिमाचल प्रदेश किसान सभा जिला सिरमौर इकाई की एक बैठक नाहन में आयोजित हुई। तंवर ने बताया कि सिरमौर भी अब नकदी फसलों की ओर बढ़ा है, बीते कई सालों से सिरमौर में अदरक, लहसुन समेत अनेक कई फसलों की बंपर पैदावार हो रही है, लेकिन उन्हें अपनी फसलों को रखना स्टोरेज करने समेत बेचने की उचित व्यवस्था व सुविधा नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### नौणी विश्वविद्यालय में वन महोत्सव अभियान शुरू



नौणी विश्वविद्यालय में वन महोत्सव अभियान के दौरान स्टाफ और छात्र।

**आर मोहन चौहान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी ने अपने वार्षिक वन महोत्सव अभियान की शुरुआत कर दी है, जो विश्वविद्यालय और इसके क्षेत्रीय केंद्रों में अगले एक महीने तक चलेगा। इस अभियान में मुख्य परिसर, क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण स्टेशन और कृषि विज्ञान केंद्रों में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूरे महीने, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग और क्षेत्रीय केंद्रों में वन महोत्सव अभियान के तहत व्यक्तिगत कार्यक्रमों की मेजबानी की जाएगी। इन आयोजनों में विभिन्न प्रकार के वन और बागवानी पौधों को शामिल करते हुए पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान चार अगस्त को डॉ. यशवंत सिंह परमार की जयंती पर समाप्त होगा। आज प्लांट पैथोलॉजी विभाग ने विभाग के फार्म पर पौधरोपण कार्यक्रम और पार्थेनियम उन्मूलन अभियान के साथ इस अभियान की शुरुआत की। विभागाध्यक्ष सहित वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक कागजी नींबू और गलगल के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. एस के शर्मा ने छात्रों को वनीकरण और मिट्टी के कटाव के बारे में जागरूक किया और सभी प्रतिभागियों को प्रकृति के संरक्षण के लिए अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रत्येक व्यक्ति द्वारा लगाए गए पौधों की समय-समय पर देखभाल करने के भी निर्देश दिए। अनुसंधान निदेशक ने सभी छात्रों और स्टाफ सदस्यों को चार अगस्त तक एक महीने की अवधि के लिए विश्वविद्यालय की ओर से किए जा रहे सभी पौधरोपण कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण स्टेशन, धौलाकुंआ में एक पौधरोपण अभियान भी आयोजित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# मिड-डे मील की गुणवत्ता की जांच कर सकेंगे अभिभावक

## अध्यापकों के स्वाद चखने के बाद ही स्कूली बच्चों को परोसा जा रहा खाना

**आर मोहन चौहान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील योजना को कारगर बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने नए प्रावधान किए हैं। इसके तहत अब अध्यापकों के अलावा अभिभावक भी मिड-डे-मील के स्वाद व गुणवत्ता की जांच कर सकेंगे।

प्री नर्सरी से आठवीं कक्षा तक बच्चों को मिलने वाले मिड-डे मील को लेकर यह आदेश जारी हो चुके हैं, जिसमें मिड-डे मील में बने भोजन बच्चों को परोसने से पहले विद्यार्थियों के माता-पिता या फिर अध्यापकों से चखवाया जाएगा। उनकी अनुमति के बाद ही बच्चों को खाना बांटा जाएगा। हर दिन अभिभावकों को स्कूल आकर खाने को टेस्ट करना होगा।



फाइल फोटो मिड-डे-मील।

स्वाद कैसा, गुणवत्ता कैसी थी इसको लेकर भी बताना होगा। इसके लिए उनके हस्ताक्षर भी लिए जाएंगे, जिसके बाद खाना बच्चों के बीच बांटा जाएगा। जानकारी के अनुसार प्रदेश भर में प्री-नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के 5 लाख 34 हजार बच्चों को दोपहर का भोजन दिया जा रहा है। पहले जैसा भी खाना बनाया जाता था, उसे सीधे बच्चों को बांट दिया जाता था।

इसकी वजह से बच्चों को कई बार खराब खाना मिल जाता था, लेकिन अब इस नए निर्देश के बाद अभिभावक या फिर एमडीएम प्रभारी को पहले खाने की टेस्टिंग करनी होगी।

स्वाद के अलावा खाने की क्वालिटी भी चेक की जाएगी। अगर खाने में कोई भी आपत्ति दिखेगी, तो उसे बच्चों को नहीं परोसा जाएगा। उनसे अनुमति मिलने के बाद ही खाना बच्चों के बीच बांटा जाएगा। एमडीएम के जिला नोडल अधिकारी राज कुमार पराशर ने बताया कि सभी स्कूलों को जारी आदेश के तहत खाना वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसकी जांच भी की जाएगी। इसमें कब और किस दिन कौन से अभिभावक ने खाने का स्वाद चखा इसका भी रिकॉर्ड रखना होगा, जिसमें अभिभावक के हस्ताक्षर होने भी जरूरी हैं। (अनंत ज्ञान)

### पालन न करने पर होगी कार्रवाई

प्रारंभिक शिक्षा विभाग के प्रदेश एमडीएम नोडल अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि मिड-डे मील के तहत सरकारी स्कूलों में मिलने वाले भोजन को बच्चों को देने से पहले अभिभावक व एमडीएम सदस्य उसकी जांच करेंगे। उनकी जांच के बाद बच्चों को भोजन परोसा जाएगा। उन्हें खाना का स्वाद और गुणवत्ता कैसी थी इस बारे में भी बताना होगा। स्कूल को इस प्रक्रिया का रजिस्टर भी लगाना होगा। इसमें कौन से दिन किस अभिभावक ने विद्यालय में भोजन का स्वाद चखा और गुणवत्ता देखी। यह प्रक्रिया नहीं अपनाने वाले स्कूल प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई का भी प्रावधान है।

### कथेड़ में युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सिटी चौकी सोलन के तहत कथेड़ में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस टीम ने कथेड़ पहुंच कर पाया कि कमरे में एक युवती पंखे से लटकी है।

जांच करने पर उक्त युवती का नाम रितिका पुत्री कृष्ण चंद निवासी हाल किरायेदार कथेड़ तह. व जिला सोलन उम्र 17 वर्ष मालूम हुआ। पूछताछ/छानबीन के दौरान पाया गया कि मृतका का पिता कृष्ण शिवालिक बायोमेटल फैक्टरी में काम करता है। इसकी बेटी रितिका सोलन में कंप्यूटर कोर्स कर रही थी। कृष्ण चंद की पत्नी कथेड़ में ही ब्यूटी पार्लर का काम करती है। 5 जुलाई को मृतका के पिता कृष्ण चंद को मकान मालिक ने फोन करके बताया कि उसकी लड़की रितिका ने कमरे में पंखे के साथ दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है, जिस पर कृष्ण घर पहुंचा और मकान मालिक व अन्य परिजनों की सहायता से कमरे का दरवाजा खोला, तो पाया कि रितिका पंखे के साथ दुपट्टे से फंदा लगाकर लटकी हुई थी, जिसकी मृत्यु हो चुकी थी। जांच के दौरान मृतका के शरीर पर कोई भी चोट आदि के निशान न पाए गए केवल गले में फंदे के निशान पाए गए। औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले जाया गया, जहां पर शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि अभी मृतका के परिजनों ने उसकी मृत्यु पर किसी भी व्यक्ति पर कोई शक-शुबा जाहिर नहीं की है। फिर भी मामले की प्राथमिकता से हर पहलू पर जांच जारी है। मामले में धारा-194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# साहित्य हमारी संस्कृति का बहुमूल्य अंग, जिसे संजोए रखना हम सभी का कर्तव्य : अजय

**आर मोहन चौहान, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव ने कहा कि साहित्य हमारी संस्कृति का एक बहुमूल्य अंग है, जिसे संजोए रखना हम सभी का कर्तव्य है। अजय ने केंद्रीय अनुसंधान संस्थान कसौली में भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय गुलेरी जयंती समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे।

अजय ने कहा कि हिमाचल के प्रसिद्ध साहित्यकार चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। साहित्य ज्ञान का एक बड़ा स्रोत है। साहित्य के माध्यम से विभिन्न विषयों को समाज के सामने प्रस्तुत किया जा सकता है और समाज एक बेहतर दिशा की ओर अग्रसर हो सकता है। इस अवसर पर शिमला की संस्था 'द बिग्गनर्स' की ओर से पंडित चंदर धर शर्मा दुलेरी की रचना 'सुखम्यी जीवन' पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। कवि सम्मेलन में डॉ. शंकर वशिष्ठ ने 'दीपावली के दीप', मदन हिमाचल ने 'जियो और जीने की राह जोड़ दो' ,डॉ. प्रेमलाल गौतम ने 'क्षितिज के उस पार तक', रोशन जसवाल ने 'नज्म, जाहिद अबसेल ने 'ख्वाब दूं अपने दिल में', रमेश चंद ने 'मैं दिखां नां क्या', प्रभात शर्मा ने 'आया सावन', हरिराम धीमान ने 'आंखो देखा झूठ', ज्योति प्रकाश ने 'यह दौर' कविता का पाठ किया। विशिष्ट अतिथि प्रत्युष गुलेरी व अदिति ने अपनी काव्य रचना का पाठन कर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। प्रत्युष गुलेरी ने पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी के जीवन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं को साझा किया। (अनंत ज्ञान)



केंद्रीय अनुसंधान संस्थान कसौली में भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय गुलेरी जयंती समारोह की अध्यक्षता करते एडीसी।

### पीड़ितों को आई ड्रॉप्स व चश्मे उपलब्ध करवाए

**रविदत्त, राजगढ़।** पीएम श्री पंडित दुर्गा दत्त राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारग में अर्जुन कृपाल ट्रस्ट के माध्यम से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के प्रभारी अरुण कृपाल व प्रशिक्षक नरेश ने बताया कि इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नेत्र विकारों से जूझ रहे बच्चों और आम लोगों को स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध करवाना है।

शिविर में दिल्ली से गैर सरकारी संगठन, सर्व सम्मान के सौजन्य से डॉक्टरों की एक टीम, जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आकाश ने विद्यालय के लगभग 400 बच्चों, शिक्षकों व गैर-शिक्षकों की आंखों की जांच की। टीम की ओर से आंखों का लाल होना, आंखों से पानी निकलना, मोतियाबिंद, ओझल दिखाई देना जैसे विकारों की पहचान कर पीड़ितों को आई ड्रॉप्स व चश्मे भी उपलब्ध करवाए गए। (अनंत ज्ञान)

# धर्मपुर स्कूल में एसएमसी के गोपाल सिंह वर्मा अध्यक्ष



वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्य।

**रविदत्त, राजगढ़**

शिक्षा खंड राजगढ़ के तहत पड़ने वाली वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के अभिभावकों व अध्यापकों ने भाग लिया। इस आमसभा में नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें गोपाल सिंह वर्मा को अध्यक्ष, कुलदीप सिंह को सदस्य, सचिव शांति देवी, सुभद्रा देवी, सीमा देवी, रमेश, नंदलाल, अशोक, सुलेखा, मीरा देवी, सोमदत, रविंद्र कुमार, यशपाल, बाबू राम को सदस्य चुना गया। (अनंत ज्ञान)

# कैंप में 1858 मरीजों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच



स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

जेएसडब्ल्यू हाइड्रो एनर्जी, जिला स्वास्थ्य विभाग व अभोदय सोसायटी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ कैंप का समापन हुआ।

इस कैंप में कूल 1858 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस कैंप में मरीजों के लिए जरूरी दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। विशेषज्ञ और डॉक्टरों ने मरीज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने रहने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। (अनंत ज्ञान)

# डॉ. गुप्ता नौणी बेसिक साइंस विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष

## केवीके सोलन और धौलाकुआं स्टेशन को मिले नए प्रमुख, फल वैज्ञानिक डॉ. विशाल राणा बने संयुक्त निदेशक

**आर मोहन चौहान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (यूएचएफ) नौणी के बेसिक साइंस विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) सोलन और धौलाकुआं में अनुसंधान केंद्र में नए विभागाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

डॉ. आर के गुप्ता को मुख्य परिसर में बेसिक साइंस विज्ञान विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. गुप्ता वर्ष 2000 से विश्वविद्यालय में कार्य कर रहे हैं और 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित कर चुके हैं। उन्होंने 15 एम एससी और 5 पीएचडी शोधकर्ताओं का मार्गदर्शन किया है। डॉ. गुप्ता सांख्यिकी, प्रयोगों का डिजाइन, नमूनाकरण के एक्सपर्ट हैं और वानिकी कॉलेज के अकादमिक प्रोफेसर और सीआईसी के प्रोफेसर प्रभारी सहित अन्य पदों पर भी कार्य किया है।



डॉ. राकेश गुप्ता। डॉ. प्रियंका ठाकुर। डॉ. विशाल राणा। डॉ. अमित विक्रम।

इसके अतिरिक्त, फल वैज्ञानिक डॉ. विशाल राणा ने मुख्य परिसर में अनुसंधान निदेशालय में संयुक्त निदेशक अनुसंधान (बागवानी) का कार्यभार संभाला है। इससे पूर्व, उन्होंने धौलाकुआं में क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र के एसोसिएट निदेशक के रूप में कार्य कर रहे थे। क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र धौलाकुआं के सहनिदेशक का कार्यभार प्रिंसिपल फ्लोरीकल्चरिस्ट डॉ. प्रियंका ठाकुर ने ग्रहण किया है। वह वर्ष 2000 से विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं दे रही हैं। डॉ. ठाकुर हिमालयी जैव विविधता (सजावटी), पौधों के वर्गीकरण, जर्मप्लाज्म संरक्षण और विभिन्न फूलों और परिदृश्य पौधों की पहचान, उत्पादन और प्रबंधन के संरक्षण में कार्य कर रही हैं। डॉ. अमित विक्रम ने कंडाघाट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र सोलन में प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डॉ. विक्रम एक ब्रीडर हैं सब्जी फसल ब्रीडिंग के एक्सपर्ट हैं और आने वाले समय में केवीके की सभी विस्तार और अनुसंधान गतिविधियों की देखरेख करेंगे। इससे पूर्व उन्होंने विश्वविद्यालय में संयुक्त निदेशक अनुसंधान के पद पर कार्य किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल सहित अन्य स्टाफ ने सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# सोलन हैंडबाल संघ के अध्यक्ष बने देशराज

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला सोलन हैंडबाल संघ के गत दिवस संपन्न हुए चुनाव में देशराज ठाकुर को लगातार दूसरी बार संघ का अध्यक्ष चुना गया।

सोलन के देउंघाट स्थित चोपड़ा चैंबर में जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी सविंदर कायथ, हिमाचल प्रदेश हैंडबाल संघ के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक सुनील गौतम तथा संघ की ओर से नियुक्त चुनाव अधिकारी जसविंद्र सिंह ठाकुर की देखरेख में संपन्न हुए। चुनाव में इंजीनियर कमल पाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रवीण चौहान एवं देवकीनंदन को उपाध्यक्ष, राजेश शर्मा को संघ का महासचिव, उमेश ठाकुर को कोषाध्यक्ष तथा गोपाल ठाकुर को संयुक्त सचिव चुना गया। संघ की कार्यकारिणी में सदस्यों के रूप में प्रीति ठाकुर, कर्मचंद, राजू ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, नरेश सेन, त्रिलोक ठाकुर, अजय ठाकुर एवं संजय को चुना गया। इससे पूर्व संघ की वार्षिक आम बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें संघ के अध्यक्ष देशराज ठाकुर ने विगत 3 वर्षों में जिला हैंडबाल संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस दौरान सोलन हैंडबॉल संघ की पुरुष एवं महिला वर्ग की सीनियर एवं जूनियर टीमों ने हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय अंतर जिला हैंडबाल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इसके अतिरिक्त जिले के सात खिलाड़ियों ने पुरुष वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश की टीमों की नुमाइश की। (अनंत ज्ञान)



जिला सोलन हैंडबॉल संघ की नई कार्यकारिणी।

# डेढ़ वर्ष में 25 हजार करोड़ का लिया कर्ज : डॉ. सिकंदर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव के संयोजक एवं राज्यसभा मेंबर डॉ. सिकंदर ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में रिकॉर्ड तोड़ 25 हजार करोड़ का कर्ज लेकर प्रदेश पर कर्जा चढ़ाया है।

कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले 10 गारंटियों का वादा किया था, जिसमें से एक भी गारंटी को पूरा नहीं किया गया है और आज प्रदेश की जनता गारंटियों का इंतजार कर रही है। डॉ. सिकंदर ने कहा कि बीते वर्ष हुई आपदा में प्रभावित परिवारों को भी कोई सहायता प्रदेश सरकार ने नहीं दी है। नालागढ़ की पंचायत जगणी में कई परिवार आज भी बेघर हुए हैं, जिन्हें आज तक केंद्र से मिलने वाली आपदा राहत राशि नहीं पहुंचाई है, जिससे प्रदेश सरकार पर कई सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने चिंता प्रकट करते हुए कहा कि कांग्रेस समर्थित कई घरों को जिनका कोई नुकसान नहीं हुआ था, उन्हें आपदा राहत राशि दी गई है, जबकि असल में बेघर हुए परिवारों को कुछ नहीं मिला है। उपचुनाव में जनता कांग्रेस प्रत्याशी को हराकर अपना बदला लेगी।

# अनुसंधान गतिविधियों का किया अवलोकन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी की 26वीं अनुसंधान परिषद की बैठक कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में दिल्ली में हिमाचल प्रदेश के रेजिडेंट कमिश्नर सुशील कुमार सिंगला, हिमाचल प्रदेश बागवानी विकास परियोजना के परियोजना निदेशक सुदेश कुमार मोखटा, वन संरक्षक सोलन बसु कौशल सहित प्रगतिशील किसानों और विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने भाग लिया। अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान ने पिछले वर्ष की गई अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने सेब में बड म्यूटेंट की पहचान करने और नई किस्मों को विकसित करने के लिए चल रहे परीक्षणों में विश्वविद्यालय की सफलता पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय ने प्राकृतिक खेती में अपने अनुसंधान के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है और इस विधि का एक अग्रणी अनुसंधान केंद्र बनकर उभरा है। डॉ. चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय ने क्लोनल रूटस्टॉक्स के बड़े पैमाने पर गुणन के लिए मॉड्यूल विकसित किए हैं। उन्होंने ड्रैगन फ्रूट, जूजूबे बेर, कॉफी, ब्लूबेरी और एवोकैडो जैसे नए फलों को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की पहल को साझा किया है, जिसके लिए राज्य के विभिन्न स्थानों पर ट्रायल शुरू कर दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



26वीं अनुसंधान परिषद की बैठक में 6 प्रकाशन का विमोचन करते वीसी और अन्य।

**मांग** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ इकाई अर्की की मासिक बैठक आयोजित, जून में पारित हुए प्रस्तावों पर की चर्चा, कहा-

# सरकार डीए की किस्तें व मेडिकल बिलों का जल्द करे भुगतान

**रघुवंशी, अर्की**

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ इकाई अर्की की मासिक बैठक प्रधान देवीरूप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष बाबूराम कौंडल व महासचिव कृष्ण चंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जून, 2024 में पारित हुए प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जिन पर प्रदेश सरकार ने अभी तक मांगों पर कोई भी गौर नहीं किया है। मौके पर उपस्थित सदस्यों ने सरकार की निंदा की और चेतावनी दी कि यदि सभी जायज मांगों का शीघ्र अमल नहीं किया गया, तो संघ को विवश होकर सड़कों पर उतरना पड़ेगा। इस बैठक में वहीं मांगें दोबारा दोहराई गईं कि जो सरकार ने चार प्रतिशत डीए की किस्त जुलाई, 2022 से अपने पूर्व कर्मचारियों को दी है उसका एरियर भी जल्द दिया जाए। प्रधान देवी रूप शर्मा ने कहा कि सरकार ने यह भी वादा किया कि सभी पूर्व कर्मचारियों को जनवरी, 2016 से 31 दिसंबर, 2021 के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं उन सभी को लिव एंड कैश का एरियर मार्च माह 2024 से मिलना शुरू हो जाएगा, लेकिन अभी तक इस बारे में कुछ भी नहीं हुआ है।



भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ इकाई अर्की की मासिक बैठक में उपस्थित सदस्य।

संशोधित वेतनमान का जो कि 65 प्रतिशत पूर्व कर्मचारियों का शेष रहता है, वो अभी तक नहीं दिया गया है। डीए जो कि 12 प्रतिशत हो गया है, जिसे लेकर सरकार ने चुपी साधी हुई है और मेडिकल बिल भी कई वर्षों से पेंडिंग पड़े हैं। बैठक में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सरकार से मांग की है कि जो हमारी जायज मांगें हैं, उन्हें और डीए की तीनों किस्तें व पेंडिंग पड़े मेडिकल बिलों का जल्द भुगतान करें।

उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि कम्यूटेशन रिकवरी का जो निर्णय पंजाब और हरियाणा सरकार की ओर से पेंशनर्स के हित में लिया गया, जिसमें कम्यूटेशन की रिकवरी 15 वर्ष में पूरी होती थी, अब उसे 10 वर्ष 8 माह के बाद न काटा जाए। (अनंत ज्ञान)


अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### लंदन टूर्नामेंट में संयुक्त 14वें स्थान पर रही दीक्षा



**लंदन।** भारत की तीसरे और अंतिम दौर के 16वें होल में ट्रिपल बोगी कर बैठी, जिससे वह अरामको टीम सीरीज लंदन गोल्फ टूर्नामेंट में शीर्ष-10 में जगह नहीं बना पाई। पेरिस ओलंपिक में खेलने की तैयारी में लगी दीक्षा ने अंतिम दौर में दो ओवर 75 का कार्ड खेला, जिससे वह 14वें स्थान पर रही। यह भारतीय खिलाड़ी एक समय शीर्ष-5 में जगह बनाने की स्थिति में दिख रही थी, लेकिन आखिर में की गई गलती उन्हें भारी पड़ी। कट में जगह बनाने वाली एक अन्य भारतीय खिलाड़ी त्वेसा मलिक (75) संयुक्त 48वें स्थान पर रही जबकि प्रणवी उर्स पहले दौर के बाद हट गई थी। लेओना मैगुएर लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) पर जीतने वाली पहली आयरिश महिला बनीं। उन्होंने पहले से लेकर अंतिम दौर तक बढ़त बनाए रखी थी।

### भुल्लर मोरक्को में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**रबात (मोरक्को)।** ओलंपिक की तैयारी में लगे भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने दूसरे दौर में पांच अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे वह 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। पहले दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने वाले भुल्लर का कुल स्कोर आठ अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी खिलाड़ी जॉन कैटलिन से केवल एक शॉट पीछे हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में रेहान थॉमस (69-73) संयुक्त 15वें, वरुण चोपड़ा (71-74) और राशिद खान (70-75) संयुक्त 39वें तथा वीर अहलावत (70-76) संयुक्त 48वें स्थान पर चल रहे हैं। भारत के केवल पांच खिलाड़ी ही कट में जगह बना पाए। शिव कपूर (75-72) एक शॉट से कट से चूक गए। कट से चूकने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ियों में हनी बैसोया, खलिन जोशी, करणदीप कोचर, कार्तिक शर्मा, एस चिक्कारंगप्पा, सप्तक तलवार, एसएसपी चौरसिया, जीव मिल्खा सिंह, युवराज संधू और अजीतेश संधू शामिल हैं।



### रोहित के लिए सहायक की भूमिका निभाई: द्रविड़

**मुंबई।** राहुल द्रविड़ ने कहा कि भारतीय टीम के मुख्य कोच के अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें टीम में बहुत अधिक काट-छांट और बदलाव करना पसंद नहीं था और उन्होंने हमेशा कप्तान रोहित शर्मा के सहायक की भूमिका निभाई ताकि वह अपनी रणनीति के अनुसार चल सके। भारत के टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर जीत के साथ ही द्रविड़ का मुख्य कोच का कार्यकाल भी समाप्त हो गया। द्रविड़ ने कहा,''मैं वास्तव में ऐसा व्यक्ति हूं जिसे निरंतरता पसंद है। मुझे बहुत अधिक काट छांट और बदलाव करना पसंद नहीं है। क्योंकि मेरा मानना है कि इससे बहुत अस्थिरता पैदा होती है और बहुत अच्छा माहौल नहीं बनता।''



### ओलंपिक पदक समाज को बदल देता : साक्षी

**मुंबई।** रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक का मानना है कि ओलंपिक पदक जीतने से सिर्फ खिलाड़ी की जिंदगी नहीं बदलती बल्कि इसका असर समाज पर भी पड़ता है जिससे बच्चों के लिए कई मौके बनते हैं। साक्षी रियो 2016 में कांस्य से ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान बनी थीं। साक्षी (31 वर्ष) ने मुंबई में 'जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के इतर कहा, ''ओलंपिक का सपना सिर्फ खिलाड़ी का सपना नहीं होता बल्कि यह पूरे परिवार का सपना होता है। ओलंपिक पदक जीतने से सिर्फ खिलाड़ी का जीवन नहीं बदलता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और गांव का जीवन भी बदल जाता है। '' इस पहलवान ने दावा किया कि आठ साल पहले उनके पदक जीतने के बाद से उनके गृह शहर रोहतक में खेल के बुनियादी ढांचों में कई बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा, ''मेरे पदक जीतने के बाद कई अहम बदलाव हुए। रोहतक में छोटू राम स्टेडियम अब एसी हॉल में बदल गया है। मेरे गांव में एक स्टेडियम भी बनाया गया और उसका नाम मेरे नाम पर रखा गया है। ''



### कनाडा कोपा अमेरिका के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** कनाडा ने इतिहास रचते हुए कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में वेनेजुएला को पेनल्टी शूटआउट में हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली है। एटीएंडटी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले नियमित समय तक दोनों टीमों के 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद कनाडा ने पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में कनाडा का सामना अर्जेंटीना से होगा। यह कनाडाई फुटबॉल के लिए एक अच्छा संकेत है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा 2026 फीफा विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करने वाले हैं।



### क्रूस ने पेशेवर फुटबॉल से लिया संन्यास

**स्टटगार्ट।** 2024 यूरो में अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर तब हुआ जब मेजबान जर्मनी को स्पेन के हाथों एक रोमांचक मुकाबले में 2-1से हार का सामना करना पड़ा। यह हार जर्मनी के लिए काफी निराशाजनक रही, क्योंकि उनके स्टार खिलाड़ियों में से एक टोनी क्रूस ने इस हार के बाद संन्यास ले लिया है। उन्होंने पहले कहा था कि वह यूरोपीय चैंपियनशिप के खत्म होने के बाद खेलना जारी नहीं रखेंगे। हार के बाद क्रूस ने खुलासा किया कि यूरो जीतने का उनका सपना टूट गया है। स्पेन की टीम अब यूरो-2024 के सेमीफाइनल में फ्रांस से मुकाबला खेलेगी।




**भारत vs जिम्बाब्वे**

## 116 रन नहीं बना सकी टीम इंडिया, 13 रनों से हारा पहला टी-20 मुकाबला

# जिम्बाब्वे से हारी युवा ब्रिगेड

**एजेंसी, हरारे**

शुभमन गिल की अगुवाई वाली युवा भारतीय टीम बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण शनिवार को यहां पांच मैच की सीरीज के पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में कम अनुभवी जिम्बाब्वे से 13 रन से पराजित हो गई। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की अगुवााई में भारतीय गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को नौ विकेट पर 115 रन पर रोक दिया।

पर उछाल भरी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को काफी मुश्किल आई जिसने पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए और पूरी टीम 19.5 ओवर में 102 रन पर सिमट गई।

हाल में टी-20 विश्व कप जीतने वाले भारत ने इस दौरे पर युवा खिलाड़ियों (युवा ब्रिगेड) को उतारा था और उनके आसानी से जिम्बाब्वे पर जीत की उम्मीद थी, लेकिन जिम्बाब्वे ने तेज गेंदबाज टेंडाई चतारा (16 रन देकर तीन विकेट) और कप्तान सिंकदर रजा (25 रन देकर तीन विकेट) की बदौलत भारत को हराकर उलटफेर कर दिया। यह 2024 में भारत की टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहली हार थी। यह आठ साल में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की पहली हार भी है।

इस मैच में भारत ने तीन खिलाड़ियों को पदार्पण कराया। पदार्पण करने वाले अभिषेक शर्मा (शून्य) खाता भी नहीं खोल सके और पारी के पहले ही ओवर में ब्रायन बेनेट की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग पर वेलिंगटन मसाकाजा को कैच देकर आउट हुए। रूतुराज गायकवाड ने नौ गेंद खेलकर एक चौका ही लगाया था कि ब्लेसिंग मुजारबानी की गुडलेंथ गेंद उनके बल्ले के किनारे से लगकर इनोसेंट काइया के हाथों में समां गयी।

चतारा ने रियान पराग (02) और रिंकू सिंह (शून्य) दोनों को पांचवें ओवर में आउट किया जिससे भारतीय टीम का स्कोर चार विकेट पर 22 रन हो गया। कप्तान शुभमन गिल (31 रन) एक छोर पर डटे थे और दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरते देख रहे थे।

विकेटकीपर बल्लेबाज द्रूव जुरेल (06) के 10वें और कप्तान गिल के 11वें ओवर में आउट होते ही पूरे ओवर तक टिकने की उम्मीद भी खत्म हो गई।

पर आवेश खान (16 रन) और वाशिंगटन सुंदर (27 रन) ने आठवें विकेट के लिए 23 रन जोड़कर भारत को 84 रन तक पहुंचाया। अंतिम ओवर में भारत को 16 रन चाहिए थे और एक विकेट बाकी था जिसके गिरते ही पारी खत्म हो गई। इससे पहले बिश्नोई (13 रन देकर चार विकेट) को ऑफ स्पिनर वाशिंगटन (11 रन देकर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे जिम्बाब्वे की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद उछाल भरी पिच पर कोई मजबूत साझेदारी करने में जूझती नजर आयी।

जिम्बाब्वे ने हालांकि तेज शुरुआत की और पावरप्ले में उसने दो विकेट पर 40 रन बना लिए थे। इनोसेंट केइया के मुकेश कुमार की गेंद पर आउट होने के बाद वेस्ली मधेवेरे (21 रन) और ब्रायन बेनेट (22 रन) ने तेजी से 34 रन जोड़े।

इन दोनों ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद पर पांचवें ओवर में 17 रन जुटाए।



भारतीय खिलाड़ी को आउट करने के बाद खुशी मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी।

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मधेवेर ब. बिश्नोई | 21 | 22 | 3/0 |
| केइया ब. मुकेश | 00 | 01 | 0/0 |
| ब्रायन ब. बिश्नोई | 22 | 15 | 5/0 |
| सिकंदर क. बिश्नोई ब. आवेश | 17 | 19 | 1/1 |
| मायर्स क. एंड ब. वॉशिंगटन | 23 | 22 | 2/0 |
| कैंपबेल (रन आऊट) | 00 | 01 | 0/0 |
| क्लाइव (नाबाद) | 29 | 25 | 4/0 |
| मसाकाजा स्ट. जुरेल ब. वॉशिंगटन | 00 | 01 | 0/0 |
| ल्यूक पगबाधा ब. बिश्नोई | 01 | 03 | 0/0 |
| मुजारबानी ब. बिश्नोई | 00 | 02 | 0/0 |
| चतारा (नाबाद) | 00 | 09 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 02 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | 115/9 | | |

**विकेट पतन** : 1-6, 2-40, 3-51, 4-74, 5-74, 6-89, 7-89, 8-90, 9-90., **गेंदबाजी :** खलील 3-0-28-0, मुकेश 3-0-16-1, बिश्नोई 4-2-13-4, अभिषेक 2-0-17-0, आवेश4-0-29-1, वॉशिंगटन 4-0-11-2.

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक क. मसाकाजा ब. ब्रायन | 00 | 04 | 0/0 |
| गिल ब. सिकंदर | 31 | 29 | 5/0 |
| गायकवाड़ क. केइया ब. मुजारबानी | 07 | 09 | 1/0 |
| पराग क. (स्थानापन्न) ब. चतारा | 02 | 03 | 0/0 |
| रिंकू क. ब्रायन ब. चतारा | 00 | 02 | 0/0 |
| जुरेल क. मधेवेर ब. ल्यूक | 06 | 14 | 1/0 |
| वॉशिंगटन क. मुजारबानी ब. चतारा | 27 | 34 | 1/1 |
| बिश्नोई पगबाधा ब. सिकंदर | 09 | 08 | 2/0 |
| आवेश क. सिकंदर ब. मसाजाका | 16 | 12 | 3/0 |
| मुकेश ब. सिकंदर | 00 | 03 | 0/0 |
| खलील (नाबाद) | 00 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 04 | | |
| **कुल : (19.5 ओवर)** | 102/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-0, 2-15, 3-22, 4-22, 5-43, 6-47, 7-61, 8-84, 9-86, 10-102.

**गेंदबाजी :** ब्रायन 1-1-0-1, मसाजाका 3-0-15-1, चतारा 3.3-1-16-3, मुजारबानी 4-0-17-1, ल्यूक 4-0-28-1, सिकंदर 4-0-25-3.

# वापसी करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच आज**

**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय महिला टीम पहले मैच में 12 रन से मिली हार के बाद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की सीरीज में वापसी करने के लिए दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना चाहेगी।

भारत को शुक्रवार को हुए पहले मैच में कैच छूटने और बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा, जिससे टीम दक्षिण अफ्रीका के चार विकेट पर 189 रन के जवाब में 20 ओवर में चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका के इस मौजूदा दौरे में यह पहली जीत थी और इससे पहले उसे वनडे सीरीज में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि एकमात्र टेस्ट में 10 विकेट से शिकस्त मिली थी।

शुक्रवार के मैच के बाद दोनों टीमों के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। भारत की ऋचा घोष और दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स को क्रमश: सिर में चोट और मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था।

मेजबान टीम के लिए उनका गेंदबाजी प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन खराब क्षेत्ररक्षण ने चिंता बढ़ा दी, जिसमें तीन कैच छूटे और कुछ गलत क्षेत्ररक्षण हुआ।

खिलाड़ियों के दिमाग में क्षेत्ररक्षण में 'फ्लॉप शो' जरूर चल रहा रहेगा। विशेषकर पर तब जब मुख्य कोच अमोल मजूमदार इस मामले में बेहद सख्त हैं। स्मृति मंधाना को छोड़कर भारत के बाकी बचे बल्लेबाजी शीर्ष क्रम को और बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स की बदौलत हालांकि भारतीय मध्यक्रम प्रभावी रहा है, जिन्होंने शुक्रवार को क्रमश: 35 और नाबाद 53 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका ने बल्लेबाजी में विशेषकर शीर्ष क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया। शुक्रवार को चेपक की पिच औसत से बेहतर थी और रविवार को भी कमोबेश ऐसी ही रहने की उम्मीद है। शुक्रवार को उछाल कम था और हल्की ओस थी, लेकिन स्वीप शॉट अच्छे तरीके से खेलना अच्छा विकल्प होगा।



# राजावत ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को हराया

**एजेंसी, कैलगरी ( कनाडा )**

भारत के उदीयमान खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीय और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराकर कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया।

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई। यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी चीनी ताइपे के पेई शान हसीह और एन-त्जु हंग से 18-21, 21-19, 16-21 से हार गई।




राजावत ने एंटोनसेन को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने शीर्ष-10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। राजावत दूसरी बार विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

# विंबलडन : भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी से चैंपियनशिप से बाहर

**एजेंसी, लंदन**

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज से तीन सेटों में हारने के बाद विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल के दूसरे दौर से बाहर हो गए।

भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की और पहला सेट जीतकर बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और 8वीं वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से 2 घंटे 5 मिनट तक चले मैच में 6-4, 4-6, 3-6 से हार गए। भारत की निगाहें अब रोहन बोपन्ना पर टिकी हैं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ जोड़ी बनाई है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त यह जोड़ी दूसरे दौर में जर्मनी के हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्स्टेंटिन फ्रैंटजेन से भिड़ेगी।



# ओलंपिक जाने वाले सभी खिलाड़ी फिट

**नई दिल्ली।** मशहूर खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने कहा कि भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा सहित पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी पूरी तरह से फिट हैं। भारतीय ओलंपिक संघ संघ (आईओए) ने पारदीवाला को भारतीय दल का मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया है।

पारदीवाला ने कहा,''ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी अभी पूरी तरह से फिट हैं। कुछ खिलाड़ियों को मामूली परेशानी हो सकती है। मैं किसी खिलाड़ी को लगी किसी विशेष चोट के बारे में चर्चा नहीं करने जा रहा हूं, लेकिन वे सभी टीम में इसलिए हैं क्योंकि वे सक्षम हैं और प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त रूप से फिट हैं।''

## शतरंज : भारत के प्रज्ञाननंदा और गुकेश टाइब्रेकर में हारे

# कारुआना ने जीता 'सुपरबेट' का खिताब

**एजेंसी, बुखारेस्ट ( रोमानिया )**

भारत के आर प्रज्ञाननंदा और डी. गुकेश को चार खिलाड़ियों के बीच खेले गए टाइब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने तीनों रैपिड गेम जीतकर सुपरबेट क्लासिक में अपने खिताब का बचाव किया। कारुआना क्लासिकल प्रारूप में नीदरलैंड के अनीश गिरी से हार गए, जिससे मुकाबला रोचक बन गया क्योंकि गुकेश, प्रज्ञाननंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा सभी उनकी बराबरी पर पहुंच गए।

प्रज्ञाननंदा मुख्य बाजी में अलीरेजा के सामने एक समय बेहद मुश्किल स्थिति में फंसे हुए थे। यदि फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लासिकल दौर की इस बाजी को जीत जाता तो फिर वह कारुआना से आगे निकल जाते और विजेता का फैसला करने के लिए टाइब्रेकर की जरूरत नहीं पड़ती, लेकिन कारुआना हार गए, जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली, जिससे विजेता का फैसला करने के लिए चार खिलाड़ियों के बीच टाइब्रेकर की स्थिति बन गई।

कारुआना ने दिखाया कि आखिर उन्हें क्यों टाइब्रेकर का मास्टर कहा जाता है। उन्होंने साबित कर दिया कि वे युवा पीढ़ी से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने टाइब्रेकर में अपने तीनों प्रतिद्वंदियों गुकेश, प्रज्ञाननंदा और अलीरेजा को हराकर 68, 500 अमेरिकी डॉलर का पहला पुरस्कार जीता।

इससे पहले प्रज्ञाननंदा टूर्नामेंट में अपनी पहली हार की तरफ बढ़ रहे थे, लेकिन अलीरेजा की एक गलती का फायदा उठाकर वह बाजी ड्रा करने में सफल रहे। गुकेश ने वेस्ली सो के साथ अंक बांटकर टाइब्रेकर में खेलने का हक पाया था।




# माइकल मेरिनो के गोल से स्पेन अंतिम-4 में, मेजबान जर्मनी बाहर

**एजेंसी, स्टुटगार्ट ( जर्मनी )**

माइकल मेरिनो के अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी को 2-1 से पराजित करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। जब मैच पेनल्टी शूटआउट की तरफ बढ़ रहा था, तब स्थानापन्न खिलाड़ी मेरिनो ने 119वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। मेरिनो ने गोल करने के बाद कॉर्नर फ्लैग के पास उसी तरह से जश्न मनाया जैसे उनके पिता मिगुएल मेरिनो ने 1991 में यूएफा कप में इसी स्टेडियम में खेले गए मैच में ओसासुना की तरफ से स्टुटगार्ट के खिलाफ गोल करने के बाद मनाया था। मेरिनो की विजयी गोल में मदद करने वाले डेनी ओल्मो ने दूसरे हाफ के शुरू में गोल करके स्पेन को बढ़त दिलाई थी।

जब लग रहा था कि स्पेन निर्धारित समय में ही जीत दर्ज करने में सफल रहेगा तब फ्लोरियन विर्ट्ज ने अंतिम मिनट में गोल करके जर्मनी के प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया था। मैच में तीनों गोल स्थानापन खिलाड़ियों ने किए।



**यूरो-2024**

## पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस 5-3 से जीत कर सेमीफाइनल में पहुंचा

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सपना टूटा, पुर्तगाल बाहर

**एजेंसी, हैम्बर्ग ( जर्मनी )**

फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर यूरो-2024 के सेमीफाइनल में जगह बनाई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का खिताब के साथ टूर्नामेंट से विदाई लेने का सपना तोड़ दिया।

दोनों टीम ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी, लेकिन अतिरिक्त समय तक भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें पुर्तगाल के जोआओ फेलिक्स का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया।

इसके बाद थियो हर्नांडेज ने निर्णायक किक को गोल में बदलकर फ्रांस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया फ्रांस को यूरो 2021 के अंतिम-16 में और विश्व कप 2022 के फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां किस्मत उसके साथ थी। पुर्तगाल की इस हार से 39 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने यूरोपीय चैंपियनशिप से भी विदा ली। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।



पुर्तगाल के खिलाफ फुटबॉल को किक करता फ्रांस का खिलाड़ी काइलियन एमबापे।

### स्कोर कार्ड

| पुर्तगाल | | फ्रांस |
|---|---|---|
| 15 | शॉट | 20 |
| 04 | लक्ष्य पर शॉट | 05 |
| 60% | नियंत्रण | 40% |
| 869 | पास | 586 |
| 08 | फाऊल | 13 |
| 01 | येलो कॉर्ड | 01 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 01 | ऑफ साइड | 02 |
| 11 | कार्नर | 04 |

## न्यूज ब्रीफ

### गाजा में इसराइल के हमले में छह की मौत

**दीर अल बलाह (फिलस्तीन)।** मध्य गाजा में इसराइल के हवाई हमलों में दो बच्चों और संयुक्त राष्ट्र (संरा) के एक कर्मी समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। फिलस्तीनी अस्तपाल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दीर अल-बलाह शहर में अल अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाजा में सलाह अल-दीन मार्ग पर मघाजी शरणार्थी शिविर के पास एक इसरायली हमले में तीन वयस्कों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों में से एक व्यक्ति ने संयुक्त राष्ट्र की वर्दी पहन रखी थी हमास द्वारा सात अक्तूबर को किए गए हमले में करीब 1,200 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इसरायल ने हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की थी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस युद्ध में 38,000 से अधिक फिलस्तीनी मारे गए है।

### केजरीवाल राजनीतिक षड्यंत्र के शिकार : सुनीता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आरोप लगाया कि उन्हें (अरविंद केजरीवाल को) 'गहरी राजनीतिक साजिश' का



शिकार बनाया गया है और ईडी ने एक गवाह के झूठे बयान के आधार पर आबकारी नीति मामले में उन्हें गिरफ्तार किया। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि ईडी ने अरविंद केजरीवाल को तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी (एमएसआर) के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया था। तेदेपा सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का घटक दल है। सुनीता केजरीवाल ने लोगों से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक ईमानदार, शिक्षित और देशभक्त व्यक्ति हैं और अगर जनता उनका समर्थन नहीं करती है, तो 'आप' नेता के साथ किए गए व्यवहार को देखते हुए कोई भी शिक्षित व्यक्ति राजनीति में नहीं आना चाहेगा।

### आठ लाख के इनामी माओवादी ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा/रायपुर।** नक्सलियों की खोखली विचारधारा को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आठ लाख के इनामी नक्सली चैतू ने आज शनिवार को सुरक्षा बल के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय ने बताया कि आत्मसमर्पित माओवादी ईरपानार और कडियामेटा क्षेत्र में हुई बड़ी घटनाओं में शामिल था। आत्मसमर्पित माओवादी पामेड एरिया कमेटी में पार्टी सदस्य के रूप में और दंडकारण्य सब जोनल कमेटी में कम्युनिकेशन टीम सदस्य के रूप में कार्य कर चुका है।लोन वर्राटू (घर वापस आइये) अभियान से प्रभावित होकर वर्ष 2021 से पूर्वी बस्तर डिवीजन में कार्यरत कंपनी नंबर 6 का पीपीसीएम नक्सली चैतू ने हिंसा की राह छोड़कर आत्म समर्पण किया है।

### पंजाब के टैक्सी चालक ने दोस्त की हत्या की

**नई दिल्ली ।** पंजाब के एक टैक्सी चालक ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में एक होटल में पैसों के विवाद में अपने दोस्त की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पंजाब के रूपनगर जिले के रहने वाले मंदीप सिंह (32) को शुक्रवार रात दिल्ली के करोल बाग से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से पीड़ित की कार, पर्स और कपड़े बरामद किए गए। मरने वाले की पहचान रोहित (28) के तौर पर की गई है।

### क्रिप्टोकरंसी निवेश धोखाधड़ी में 31 लाख गंवाए

**ठाणे।**ऑनलाइन क्रिप्टोकरंसी निवेश में धोखाधड़ी का शिकार हुए 60 वर्षीय एक व्यक्ति ने 30.80 लाख रुपए गंवा दिए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और जांच कर रही है। वर्तक नगर थाने के एक अधिकारी ने कहा, 'शिकायतकर्ता से जून में दो व्यक्तियों ने व्हाट्सऐप पर संपर्क करके उसे एक समूह का सदस्य बनाया और क्रिप्टोकरंसी में निवेश करने पर भारी मुनाफे का आश्वासन दिया।' पुलिस के अनुसार, पीड़ित ने उन पर भरोसा करके करीब 31 लाख रुपये का निवेश किया। हालांकि जब उसे कोई लाभ नहीं हुआ तो उसने समूह के एडमिन से संपर्क किया, लेकिन उसने उसे नजरअंदाज करना शुरू कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### सांसद रवींद्र वायकर के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट दाखिल



**महाराष्ट्र।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जोगेश्वरी जमीन मामले में क्लोजर रिपोर्ट दायर की है। शिंदे गुट के नेता और सांसद रवींद्र वायकर, उनकी पत्नी और चार करीबी सहयोगियों के खिलाफ दर्ज मामले में क्लोजर रिपोर्ट दायर की है। ईओडब्ल्यू की तरफ से मामले को बंद करने का कारण बताते हुए कहा कि बीएमसी की ओर से दायर शिकायत 'अधूरी जानकारी और गलतफहमी' पर आधारित थी। शिवसेना में टूट से पहले रवींद्र वायकर उद्धव ठाकरे के करीबी सहयोगियों थे।

### चमोली में भू-स्खलन से दो श्रद्धालुओं की मौत



**गोपेश्वर (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड के चमोली जिले में शनिवार को भू-स्खलन के बाद पहाड़ी से गिर रही चट्टानों की चपेट में आने से हैदराबाद के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गौचर और कर्णप्रयाग के बीच स्थित चटवापीपल के पास हुई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान निर्मल शाही (36) और सत्य नारायण (50) के रूप में हुई है। वे दोपहिया वाहन पर सवार होकर बद्रीनाथ से लौट रहे थे।

### 3.3 करोड़ सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता।** बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के तहत सीमा चौकी पुट्टीखाली में 8वीं बटालियन के जवानों ने सोना तस्करी की बड़ी खेप पकड़ी है। बीएसएफ के खुफिया विभाग की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के सीमावर्ती इलाके से एक तस्कर को 20 सोने के बिस्कुट और दो सोने की ईंटों के साथ गिरफ्तार किया है। यह तस्कर सोने की खेप को तस्करी के बाद आगे डिलीवरी के लिए ले जा रहा था। जब्त सोने का कुल वजन 4.7 किलो है, जिसकी कीमत तीन करोड़ 27 लाख 59 हजार रुपए है।

# ब्रिटेन : प्रधानमंत्री स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में लीसा नंदी समेत 11 महिलाएं शामिल

**एजेंसी, लंदन**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में भारतीय मूल की लीसा नंदी समेत रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल हैं। उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के विगन संसदीय क्षेत्र से भारी अंतर के साथ पुनर्निर्वाचित होने वालीं लीसा नंदी (44) ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री के रूप में अपना पदभार ग्रहण करेंगी।

आम चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज करने वाले स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में शामिल 11 महिलाओं में रेचेल रीव्स (वित्तमंत्री), एंजेला रेनर (उप प्रधानमंत्री) भी शामिल हैं। दोनों ने इतिहास रचा है क्योंकि रीव्स के तौर पर ब्रिटेन को पहली महिला वित्तमंत्री मिली हैं, वहीं रेनर उपप्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला हैं।

चुनावों में लेबर पार्टी की शानदारी जीत के बाद स्टॉर्मर ने शुक्रवार को तुरंत अपनी शीर्ष टीम की घोषणा करते हुए नई सरकार के कामकाज की शुरुआत कर दी थी।

नंदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि ब्रिटेन के संस्कृति, मीडिया और खेल विभाग (डीसीएमएस) का प्रमुख बनना एक 'अकल्पनीय विशेषाधिकार' है। लीसा नंदी (44) जनवरी 2020 में लेबर पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनावों में अंतिम तीन दावेदारों में से एक थीं, जहां उनका सामना स्टॉर्मर और एक अन्य उम्मीदवार से था।



**30 साल की उम्र में पहली बार सांसद बनीं**

नंदी के सियासी सफर की बात करें तो वह पिछले 14 वर्षों से विगन सीट से लेबर पार्टी की सांसद हैं। उन्होंने मात्र 30 वर्ष की आयु में 10,500 मतों से सीट जीत दर्ज की थी। नंदी 2010 से 2012 तक ब्रिटिश संसद में शिक्षा समिति की सदस्य रहीं। मार्च 2013 से अक्तूबर 2013 तक शिक्षा मामलों की शैडो मिनिस्टर थीं। ब्रिटेन में शैडो कैबिनेट में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी या आधिकारिक विपक्षी पार्टी के फ्रंटबेंच सांसद और ब्रिटिश संसद के उच्च सदन लॉईस के सदस्य शामिल होते हैं।

**भारतीय मूल की लीसा नंदी संभालेगी संस्कृति मंत्री का जिम्मा**

लीसा नंदी तब से स्टॉर्मर के शैडो कैबिनेट (छाया मंत्रिमंडल) में काम कर रही थी। ब्रिटेन में सरकार की खामिया उजागर करने के लिए विपक्ष भी नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में अपना छाया मंत्रिमंडल गठित करता है। लीसा, ऋषि सुनक के नेतृत्व वाले कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार में संस्कृति मंत्रालय का कार्यभार संभाल रही लूसी फ्रेजर की जगह लेंगी। ब्रिटेन के संसदीय चुनावों में कंजर्वेटिव पार्टी को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है।

कलकत्ता में जन्मे अकादमिक दीपक नंदी और अंग्रेज महिला लुइस बायर्स की बेटी लीसा नंदी का जन्म मैनचेस्टर में हुआ। लीसा नंदी ने अतीत में लेबर पार्टी के सम्मेलनों के दौरान अपनी भारतीय विरासत के बारे में बात की है।

# अब तक डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन



**अशोक ठाकुर, जम्मू**

शुक्रवार को 21, 686 श्रद्धालुओं ने पवित्र हिमलिंग के दर्शन किए, जिससे पिछले सात दिन में यह आंकड़ा 1,51,942 पहुंच गया है। श्री अमरनाथ यात्रा के लिए देशभर से आ रहे श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। बाबा बर्फानी के दरबार में पहुंचने को श्रद्धालु आतुर हैं।

हालांकि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की ओर से आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया जा रहा है। इस बीच आधार शिविर भगवती नगर जम्मू से 259 छोटे बड़े वाहनों में 6919 श्रद्धालुओं का जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ। आधार शिविर जम्मू से बालटाल के लिए गए 2542 श्रद्धालुओं में 1753 पुरुष, 712 महिलाएं, 9 बच्चे, 61 साधु और 7 साधवी शामिल हैं। पहलगाम रूट के लिए गए 4377 श्रद्धालुओं में 3488 पुरुष, 723 महिलाएं, 7 बच्चे, 153 साधु और 6 साधवी शामिल रहीं।

जम्मू शहर के महाजन हाल, वैष्णवी धाम और पंचायत भवन में तत्काल पंजीकरण के लिए बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंच रहे हैं। पुरानी मंडी जम्मू स्थित श्री राम मंदिर और गीताभवन में साधु संतों का पंजीकरण भी जारी है। अभी तक मौसम ने श्रद्धालुओं का साथ दिया है और दोनों पहलगाम व बालटाल रूट से यात्रा जारी है। बाबा के दर्शन के लिए देशभर से हजारों श्रद्धालुओं जम्मू कश्मीर में पहुंच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# बरसात में चंडीगढ़ में फलों से महंगी हुई सब्जियां

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ में सब्जियों की महंगाई का आलम यह है कि ये फलों से ज्यादा महंगी बिक रही हैं। मार्केट में आम जहां 60 रुपए बिक रहा है वहीं गोभी 120 और भिंडी 100 रुपए किलो है।

बरसात के कारण एक तरफ जहां गर्मी से राहत मिली है वहीं सब्जियों के दाम में तेजी आ गई हैं। स्थिति यह है कि महज चंद दिनों में सब्जियों की कीमत में प्रति किलो 10 से 20 रुपए तक का इजाफा हुआ है। ऐसे में लोगों का कहना है कि सब्जियों की महंगाई के कारण लगातार स्थिति खराब हो रही है। सस्ती सब्जियां खरीदने की बात अब सपना होती जा रही है। (अनंत ज्ञान)



| सब्जी | पहले | अब |
|---|---|---|
| आलू | 40 | 60 |
| प्याज | 40 | 50-55 |
| टमाटर | 50 | 70 |
| घीया | 50 | 80 |
| अदरक | 190 | 220 |
| भिंडी | 60 | 80 |
| गोभी | 80 | 100 |
| खीरा | 40 | 60-80 |
| तोरई | 50 | 100 |

# स्वदेशी लाइट टैंक 'जोरावर' से बढ़ेगी सेना की ताकत

**नई दिल्ली ।**भारत के स्वदेशी लाइट टैंक 'जोरावर' का उत्पादन कार्य तेजी से जारी है। डीआरडीओ और एलएंडटी की ओर से मिलकर विकसित किए जा रहे इन टैंक की तस्वीरें भी सामने आई हैं। भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, डीआरडीओ के प्रमुख डॉ. समीर वी कामत ने शनिवार को गुजरात के हजीरा में टैंक प्रोजेक्ट की समीक्षा की।

गौरतलब है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन का का मुकाबला करने के उद्देश्य से पूर्वी लद्दाख सेक्टर में भारतीय सेना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डीआरडीओ द्वारा इस टैंक को विकसित किया जा रहा है।

# उत्तराखंड के ग्रामीण स्कूलों में मॉडर्न क्लास रूम बनाएगा श्री श्री ग्रामीण विकास ट्रस्ट

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

प्रदेश के ग्रामीण स्कूलों में 4 किलो वाट के सोलर पैनल एवं मॉर्डन क्लास रूमों का निर्माण श्री श्री ग्रामीण विकास परिजनों ट्रस्ट (एसएसआरडीपी) द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को सायं मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत तथा आॅर्ट ऑफ लिविंग एवं एसएसआरडीपी के प्रतिनिधि दीपक शर्मा के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

इस संबंध में यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि संस्था द्वारा मौजूदा समय में 30 ग्रामीण स्कूलों को मॉर्डन बनाया जा रहा है, जिसमें 4 किलो वाट के सोलर पैनल व मॉर्डन क्लास रूम बनाए गए और आने वाले समय में 100 स्कूल और उनके गांव में कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने ऐसे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा की इससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूलों के आधुनिकीकरण में मदद मिलेगी। (अनंत ज्ञान)



एमओयू हस्ताक्षरित करने के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ एसएसआरडीपी के प्रतिनिधिमंडल।

# नीट मामले में झूठ बोल रही सरकार : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 के मामले में केंद्र सरकार के हलफनामे को लेकर शनिवार को कहा कि लाखों युवाओं से सफेद झूठ बोला जा रहा है और उनका भविष्य बर्बाद किया जा रहा है।



दरअसल विवादों में घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने की बढ़ती मांग के बीच केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि इसे रद्द करना बेहद प्रतिकूल होगा और व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से इसे उत्तीर्ण करने वालों के करियर की संभावनाओं के लिए, काफी हानिकारक होगा। खड़गे ने 'एक्स' पर कहा कि मोदी सरकार ने माननीय उच्चतम न्यायालय को बताया है कि नीट-यूजी में कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। लाखों युवाओं से यह सफेद झूठ बोला जा रहा है। उनके भविष्य को बर्बाद किया जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि 'केवल कुछ जगहों पर अनियमितताएं/चीटिंग हुई हैं'। यह गुमराह करने वाली बात है।' उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूरी शिक्षा प्रणाली को अपने कब्जे में रखकर शिक्षा माफिया को बढ़ावा दिया है। एनसीईआरटी की किताबें हों या परीक्षा में गड़बड़ी, मोदी सरकार हमारी शिक्षा व्यवस्थाओं को तबाह करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि हम दोहराते हैं कि नीट-यूजी को फिर से कराया जाए और पारदर्शी तरीके तरह से ऑनलाइन कराया जाए। उच्चतम न्यायालय की देखरेख में सभी पेपर लीक घोटालों की गहन जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपनी कारगुजारियों से पीछा नहीं छुड़ा सकती। एनटीए सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी का आयोजन करती है। इस साल पांच मई को यह परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें 571 शहरों के 4,750 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 23 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

### लैंड फॉर जॉब मामले की 15 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई की ओर से दायर अंतिम चार्जशीट पर सुनवाई के दौरान सीबीआई ने अदालत से कहा कि इस मामले में कुछ और दस्तावेज जमा करने हैं, जिस पर कोर्ट ने सीबीआई को समय दे दिया हैद्ध राउज एवेन्यू कोर्ट अब 15 जुलाई को मामले में अगली सुनवाई करेगी। वहीं, मनी लांड्रिंग मामले में कोर्ट के आदेश के बाद अदालत में पेश हुए ईडी के ज्वॉइंट डायरेक्टर ने कहा कि यह मामला काफी गंभीर है। मामले में अभी जांच चल रही है। लिहाजा आरोप पत्र दाखिल करने में अभी समय लगेगा। विशेष जज विशाल गोगने ने मनी लांड्रिंग मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने के लिए ईडी को 6 सप्ताह का समय दे दिया है।

# गुजरात में भी भाजपा को हराएगी कांग्रेस : राहुल

**एजेंसी, अहमदाबाद**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी आगामी गुजरात चुनाव में भाजपा को उसी तरह हराएगी, जैसे उसने हालिया लोकसभा चुनाव में अयोध्या में उसे हराया।



यह बात लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

राहुल ने कहा कि (भाजपा ने) हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाकर हमें चुनौती दी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिलकर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है। यह लिखकर ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेंद्र मोदी एवं भाजपा को गुजरात में हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था। उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा की हार को लेकर भी प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उनके सर्वेक्षकों ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह देते हुए कहा कि वह हार जाएंगे।

# लालू प्रसाद से कमजोर नेता कोई नहीं, परिवार तक ही सिमटे: गिरिराज

**एजेंसी, पटना**



**राजद** सुप्रीमो लालू यादव के इस बयान पर कि अगस्त के महीने में नरेंद्र मोदी की सरकार गिर जाएगी, भाजपा ने हमला बोला है।

भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद से कमजोर नेता कोई नहीं है। क्योंकि, जो नेता अपने परिवार तक ही सिमट गया उससे बड़ा कमजोर कोई नहीं है। लालू यादव को सलाह देते हुए कहा कि लालू यादव को नीतीश कुमार का पैर छूकर प्रणाम करना चाहिए और नीतीश का फोटो लगा हुए एक लॉकेट गले में धारण करना चाहिए।

# झारखंड में माओवादियों का मंसूबा फेल, 35 आईईडी बरामद

**एजेंसी, गुमला**

झारखंड के गुमला जिले में स्थानीय लोगों की सक्रियता से पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने माओवादियों के खतरनाक मंसूबे को विफल करते हुए गुमला जिले के सुदूरवर्ती गुमला कुरुमगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क और एक अन्य स्थान पर विस्फोट करने के इरादे से लगाए गए 35 आईईडी बरामद किए हैं। बम निरोधक दस्ते ने शुक्रवार को पांच केन बम को सड़क खोदकर निकाला और निष्क्रिय कर दिया। इसके अलावा हरिनाखाड़ इलाके से करीब 30 आईईडी बरामद किए गए हैं।



शनिवार को बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया। बम करीब 200 फीट की दूरी तक सड़क के बीच बिछाया हुआ था। बम को निष्क्रिय करने के दौरान गांव के आसपास का इलाका धमाकों से गूंज उठा। इस रास्ते पर आम लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए लगातार छानबीन कर रही है।

# यूक्रेन में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की जरूरत नहीं, पर विकल्प खुले हैं : पुतिन

**एजेंसी, मॉस्को**

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन यदि यूक्रेन की मदद कर रहे पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को ऐसा कभी नहीं करेगा तो यह उनकी गलती है।



पुतिन ने यह संदेश ऐसे समय में दिया है, जब यूक्रेनी सैन्य बलों को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश मदद पहुंचाने के लिए कदम उठा रहे हैं। पुतिन ने इन नाटो सदस्यों को स्पष्ट संदेश दिया कि यूक्रेन को सैन्य सहायता मुहैया कराने पर उनका रूस के साथ संघर्ष हो सकता है जो परमाणु संघर्ष में बदल सकता है। मॉस्को ने हाल में दक्षिणी रूस में सहयोगी बेलारूस के साथ मिलकर अपने परमाणु हथियार संबंधी सामरिक तैयारी के लिए अभ्यास किया।

पश्चिमी देश यूक्रेन में नाटो सैनिकों की तैनाती और रूसी क्षेत्र में सीमित हमलों के लिए उसे लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। रूस ने अपने सैन्य अभ्यास को पश्चिमी देशों के इसी कदम की प्रतिक्रिया बताया।

पुतिन ने यूक्रेन में 24 फरवरी 2022 को हमला शुरू किया था और इसके बाद से वह युद्ध में पश्चिमी देशों के हस्तक्षेप को हतोत्साहित करने के लिए रूस की परमाणु ताकत का कई बार जिक्र कर चुके हैं।

**नुकसान** प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं, अब तक 52 लोगों की गई जान

# असम में स्थिति गंभीर, 24.50 लाख लोग प्रभावित

**एजेंसी, गुवाहाटी**

असम में शनिवार को भी बाढ़ से स्थिति गंभीर बनी रही और प्रमुख नदियां कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं हैं। बाढ़ से 30 जिलों के 24.50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। अब तक 52 लोग जान गवा चुके हैं, जबकि भू-स्खलन और तूफान से 12 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित डिब्रूगढ़ जिले से लौटे मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक की और राज्य में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिब्रूगढ़ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद हमने स्वास्थ्य वित्तीय सहायता योजना 'असम आरोग्य निधि' के साथ कुछ अन्य मुद्दों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावितों से बातचीत करने के बाद उनकी समस्याओं के निवारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को लेकर उन्होंने कहा कि 'जल जीवन मिशन' योजना 'इन कठिन समय में उम्मीद की किरण' बनकर सामने आई है।



**47,103 प्रभावितों ने शिविरों में ली शरण**

**कछार,** कामरूप, हैलाकांडी, होजाई, धुबरी, नागांव, मोरीगांव, ग्वालपाडा, बारपेटा, डिब्रूगढ़, नलबाड़ी, धेमाजी, बोंगाईगांव, लखीमपुर, जोरहाट, सोनितपुर, कोकराझार, करीमगंज, दक्षिण सलमारा, दरांग और तिनसुकिया जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित जिलों में धुबरी, दरांग, कछार ,बारपेटा और मोरीगांव शामिल हैं। कुल 47,103 प्रभावित लोगों ने 612 शिविरों में शरण ली है, जबकि 4,18,614 लोगों को राहत सामग्री प्रदान की गई है।

# एनडीए सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी : संजय राउत

**एजेंसी, मुंबई**

**शिवसेना** (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के दावे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बहुत कमजोर है। माहौल अभी भी राहुल गांधी के पक्ष में है।



संजय राउत ने कहा कि यह सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी। मैंने पहले भी यह कहा है। देश में जिस तरह से घटनाएं हो रही हैं, उससे चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के मन में यह बात बैठ गई कि नरेंद्र मोदी की सरकार बैसाखी के सहारे चल रही है। यह सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी। लालू यादव ने जो कहा वह बिलकुल सही है। मुंबई पुलिस की आर्थिक शाखा (ईओडब्ल्यू) ने शिवसेना सांसद रवींद्र वायकर के खिलाफ दर्ज जोगेश्वरी भूमि मामले में एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की है। इस पर संजय राउत ने कहा कि भाजपा को यह स्वीकर करना चाहिए कि वे डर पैदा करने के लिए ऐसे मामले दर्ज कर रहे हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी डर के मारे उनके पीछे चले गए। हमारे नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए जा रहे हैं।